ज्ञानमण्डल ग्रन्थमालाका इक्कीसवाँ ग्रन्थ

अशोकके धर्मलेख

जनार्दन भट्ट एम. ए.

ज्ञानमण्डल ग्रन्थमालाका इक्कीसवाँ ग्रन्थ

अशोकके धर्मलेख ।

(प्रथम भाग)

लेखक—

श्रीयुत जनार्दन भट्ट एम. ए.

भूमिका लेखक—श्रीनरेन्द्रदेव एम. ए.
[काशी विद्यापीठके वाइस-प्रिन्सिपल]

ज्ञानमण्डल कार्यालय, काशी ।

प्रथम संस्करण दो हजार } संवत् १९८० { मूल्य २॥)

प्रकाशक—
ज्ञानमण्डल कार्यालय,
काशी।

दूसरे भागमें शिला-लेखों और स्तम्भ-लेखोंके सम्बन्धके तथा अन्य आवश्यक चित्र दिये जायँगे।

मुद्रक—
प्यारेलाल भार्गव
ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, काशी।

समर्पण

यह स्नेह-भेंट स्वदेशाभिमानी, हिन्दीहितैषी
तथा स्वाधीनताप्रेमी चिड़ावा-निवासी

सेठ बेनी प्रसाद डालमिया

को

सादर समर्पित है ।

भूमिका ।

अशोकका इतिहास भारतीय इतिहासका एक उज्ज्वल पृष्ठ है। अशोकके समयमें भारत उन्नतिके शिखरपर विराजमान था। देशमें शान्ति विराजती थी। प्रजा सुखी और समृद्ध थी। शिल्पकला और वाणिज्यमें अच्छी उन्नति हो चुकी थी। विदेशोंसे सम्बन्ध स्थापित था। भारतीय धर्म और सभ्यताके प्रसारके लिये अनेक कष्ट सहकर उपदेशक विदेशोंमें जाते थे। भारतकी राजनीतिक एकता साधित हो चुकी थी। ऐतिहासिक कालमें यह पहिला ही अवसर था कि भारतमें एक बृहत् साम्राज्यका संगठन हुआ था। इसलिये यह काल हम भारतवासियोंके लिये बड़े महत्त्वका है। अशोकके सम्बन्धमें सबसे अधिक महत्त्वकी बात यह है कि उसने धर्मके प्रचारके लिये जितना उद्योग किया उतना उद्योग कदाचित् ही किसी राजाने किया हो। विचित्रता यह है कि एक उत्साही और श्रद्धालु बौद्ध होते हुए भी उसने अपने लेखों द्वारा किसी विशेष धर्मकी शिक्षा जनसमाजको नहीं दी। अशोकका "धर्म" बौद्ध धर्म नहीं है, वह आर्योंकी सामान्य सम्पत्ति है। माता-पिताकी शुश्रूषा करना, गुरुजनोंका सम्मान करना, दास और भृत्योंके साथ सद्व्यवहार करना, अहिंसा और सत्यका व्रती होना किस धार्मिक सम्प्रदायको मान्य नहीं है। अशोकने अपनी 'धर्म्मलिपियों"में धर्मकी अकथनीय महिमा बतलाई है। सच्चा अनुष्ठान धर्मका अनुष्ठान है, सच्ची यात्रा धर्मयात्रा है, सच्चा मंगलाचार धर्ममंगल है। धर्मदानसे बढ़कर कोई दान नहीं है। धर्म-विजयसे बढ़कर कोई विजय नहीं है। धर्मकी रक्षा तथा वृद्धिके लिये उसने देश-विदेशमें कर्मचारी नियुक्त किये और प्राणिमात्रके सुखके लिये उचित प्रबन्ध किया।

अशोकको धार्मिक आग्रह नहीं था। श्रमण और ब्राह्मण दोनोंको वह आदरकी दृष्टिसे देखता था। धर्मयात्रामें दोनोंके दर्शन करता और

दोनोंको दान देता था। धर्मसहिष्णुताका अमूल्य उपदेश अशोकने धर्मलेखोंमें दिया है, द्वादश शिलालेख इसी संबन्धमें हैं। अशोकका कहना है कि जो अपने संप्रदायकी भक्तिमें आकर इस विचारसे कि मेरे सम्प्रदायका गौरव बढ़े अपने सम्प्रदायकी प्रशंसा करता है और अन्य सम्प्रदायोंकी निन्दा करता है, वह वास्तवमें अपने सम्प्रदायको पूरी हानि पहुंचाता है। यह इसी अनमोल शिक्षाका फल है कि भारतमें धार्मिक कलह बहुत कम हुए हैं और विचार-स्वातंत्र्यका सिद्धांत सर्व-मान्य हुआ है। भारत अपनी धार्मिक सहिष्णुताके लिये आज भी प्रसिद्ध है और इसका श्रेय विशेषकर अशोक को ही प्राप्त है।

अशोक एक आदर्श राजा था। राजनीतिके ग्रन्थोंमें आदर्श राजा-के जो लक्षण बताये गये हैं वह प्रायः अशोकमें पाये जाते हैं। उसकी यही इच्छा थी कि मेरी प्रजा धर्माचरण करे (दशमशिला लेख)। सबको विपत्तिसे छुटकारा मिले, केवल इसी बातकी उसको चिन्ता रहा करती थी और इसके लिये वह सदा उद्योग करता रहता था। अपनी मान-मर्यादाकी भी परवाह न कर वह साधारण श्रेणीके लोगोंसे मिलता था और उनको धर्मका उपदेश करता था (८ वां शिलालेख)।

वह निरन्तर राज्यकार्यकी चिन्तामें लगा रहता था और बड़ा परिश्रमी था। कौटिल्यके अर्थशास्त्रमें लिखा है—

राज्ञो व्रतमुत्थानं यज्ञः कार्यानुशासनम्।

अर्थात् राजाके लिये उद्यमशील और परिश्रमी होना यही व्रत है। उसके लिये राज्य-कार्यकी चिन्ता ही यज्ञ है।

दूसरे स्थल पर कहा है—उत्थानेन योगक्षेम-साधनम्॥

अर्थात् उत्थान द्वारा राजा अपनी प्रजाका कल्याण साधित करता है। यही भाव अशोकने छठे शिलालेखमें व्यक्त किया है। "मैं कितना ही परिश्रम क्यों न करूं और कितना ही राज-कार्य देखूं मुझको पूरा सन्तोष नहीं होता है, सब लोगोंका हित विना परिश्रम और राज्य-कार्य संपा-दनके नहीं हो सकता"।

अशोक लोकहित-साधनकी अपेक्षा दूसरा कोई काम अधिक महत्त्व-

का नहीं समझता था। उसका कहना था कि जो कुछ पराक्रम मैं करता हूं वह प्राणियोंके प्रति अपने ऋणसे मुक्त होनेके लिये तथा सबको ऐहिक और पारलौकिक सुख प्रदान करनेके लिये ही करता हूं। राजाके लिये इससे ऊंचा और कौन सा आदर्श हो सकता है? अर्थशास्त्रकारने भी कहा है-

प्रजासुखे सुखं राज्ञःप्रजानां च हिते हितम्।
नात्मप्रियं हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं हितम्॥

अर्थात्-प्रजाके सुखमें राजाका सुख है, प्रजाके हितमें राजाका हित है। जो अपनेको प्रिय है उसमें राजाका हित नहीं है किन्तु प्रजाको जो प्रिय है उसीमें राजाका हित है।

धर्मशास्त्रके अनुसार राजा प्रजाका भृत्य है और शस्यका छठा भाग जो प्रजा राजाको देती है वही राजाका वेतन है। इस वेतनके बदले राजा-को प्रजाकी रक्षा करना और सदा उसके हितकी कामना करना चाहिये। यही प्रजाका ऋण है और इसी ऋणका प्रतिशोध अशोक चाहता है।

इसी ऊंचे आदर्शके कारण अशोक लोकप्रिय बन सका था। वह दुर्दर्श नहीं था। प्रजाको अपनी दुःख-कथा सुनानेमें कोई कठिनाई नहीं होती थी। आबाल–वृद्ध–वनिता, अमीर और गरीब, सबकी राजा सुनता था।

बौद्ध साहित्यमें अशोकको 'धर्माशोक' कहा है। अशोकने इस नाम-को चरितार्थ किया, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। अशोकका नाम दूर दूर विख्यात हो गया था और उसके शिला-लेखोंसे सिद्ध होता है कि सीरियाके राजा ऐंटियोकस द्वितीय, मिश्रके राजा टालेमी फिलाडेल्फस, ईपाइरसके अलेक्ज़ण्डर, साइरीनीके मैगस, तथा मैसिडोनके एण्टीगोनस गोनटससे उसका सम्बन्ध था। सारांश यह है कि अशोकका चरित्र अनूठा है और संसारके इतिहासमें उसका ऊंचा स्थान है।

अशोकका इतिहास जाननेके लिये उसके लेख ही प्रधान साधन हैं। यों तो बौद्ध ग्रन्थोंमें अशोककी कथा पाई जाती है पर वे ग्रन्थ इतने प्रामाणिक नहीं हैं जितने कि अशोकके लेख। यदि अशोकके लेख आज न

होते तो अशोकके ऊंचे आदर्श और उसकी महती आकांक्षाका पता न चलता।

श्री जनार्दन भट्टने 'अशोकके धर्म-लेख' नामक पुस्तक लिखकर हिन्दी-संसारका बड़ा उपकार किया है। पुस्तकके प्रथम भागमें दो खण्ड हैं। पहिले खण्डमें मौर्यवंशका इतिहास दिया गया है। दूसरे खण्डमें अशोकके लेखोंकी प्रतिलिपि और उनका संस्कृत तथा हिन्दी अनुवाद दिया गया है। लेखोंपर अच्छी अच्छी टिप्पणियां भी हैं।

लेखोंकी भाषा प्रचीन होनेके कारण कहीं कहीं उनका अर्थ लगानेमें कठिनाई होती है, एक ही वाक्य या शब्दकी परिभाषा कहीं कहीं कई प्रकारसे की जाती है। भट्टजीने विवादग्रस्त विषयोंपर सब विद्वानोंकी सम्मतियां दे दी हैं।

पुस्तक बड़े परिश्रमके साथ लिखी गयी है। अशोकके सम्बन्धमें जितने ग्रन्थ तथा लेख अंग्रेज़ी या हिन्दी भाषामें प्रकाशित हुए हैं उन सबसे यथा-संभव सहायता ली गई है। अंग्रेज़ी भाषामें भी ऐसी कोई एक पुस्तक अभी तक नहीं प्रकाशित हुई जिसमें भिन्न भिन्न विद्वानोंके मतोंका समावेश हो। पुस्तकके अन्तमें छः परिशिष्ट हैं। इससे पुस्तककी उपयोगिता और भी बढ़ गई है। इन परिशिष्टोंमें ब्राह्मी तथा खरोष्ठी लिपिकी उत्पत्तिपर विचार किया गया है, पाली व्याकरणके साधारण नियम दिये गये हैं, अशोकका संक्षिप्त व्याकरण दिया गया है और अशोकके लेखोंकी भाषाके सम्बन्धमें विचार किया गया है।

पुस्तक विश्वविद्यालयके विद्यार्थियोंके लिये विशेष रूपसे उपयोगी है। आशा है हिन्दीसंसार भट्टजीकी पुस्तकका समुचित आदर कर उनके परिश्रमको सार्थक बनावेगा।

काशी विद्यापीठ
सौर २५ श्रावण, १९८० } नरेन्द्रदेव।

लेखकका वक्तव्य ।

यह पुस्तक मेरे दो वर्षके परिश्रमका फल है। अशोकके संबन्धमें अंगरेजी, बंगला और हिन्दीमें अब तक जो कुछ खोज हुई है वह सब मैंने इस पुस्तकमें रखनेकी भरसक चेष्टा की है। इस पुस्तकका अधिकतर भाग मैंने सन् १९१९ और २० में लिख डाला था, पर मुझे स्वप्नमें भी यह आशा न थी कि यह कभी प्रकाशित होगी और न मुझे यही आशा थी कि हिन्दी भाषामें ऐसे रूखे विषयकी पुस्तकें कभी पसन्द की जायंगी। जब मैंने बाबू शिवप्रसादजी गुप्तको अपनी इस पुस्तकका कुछ भाग दिखलाया तो उन्होंने इसे बड़ा पसन्द किया और इसे अपने ज्ञानमण्डलके द्वारा प्रकाशित करनेकी इच्छा प्रगट की। अस्तु, जब सन् १९२१ में बाबू शिवप्रसादजी गुप्तके बुलानेसे मैं ज्ञानमण्डलमें आया तो उन्होंने मुझे इस पुस्तकको समाप्त कर प्रेसमें देनेकी आज्ञा दी। मैंने दो तीन महीनेमें इस पुस्तकको समाप्त कर सितम्बर १९२१ के लगभग इसे ज्ञानमण्डल प्रेसमें छपनेके लिये दे दिया। पर प्रेसकी अनेक बाधाओंके कारण साल भरसे अधिक समय इस पुस्तकके छपनेमें लगा। अस्तु, राम राम करके अब यह समय आया कि मैं यह पुस्तक हिन्दी भाषा और प्राचीन भारतीय इतिहासके प्रेमियोंको भेंट करनेमें समर्थ हुआ हूँ।

इस पुस्तकके लिखनेमें मुझे काशी-विद्यापीठके प्रिन्सिपल श्रीयुत नरेन्द्रदेव जी एम० ए० से बहुत सहायता प्राप्त हुई है। इसके लिये मैं उनका हृदयसे कृतज्ञ हूं।

अपने इस वक्तव्यमें मैं विशेष कुछ लिखनेकी आवश्यकता

नहीं समझता। इस ग्रन्थमें क्या गुण और क्या त्रुटियां हैं, यह विज्ञ पाठक निश्चय करेंगे। यदि इस विषयके विज्ञ समालोचक मुझे अपनी समालोचनासे उचित सम्मति प्रदान करेंगे और इसकी त्रुटियोंकी ओर मेरा ध्यान आकर्षित करेंगे तो अगले संस्करणमें उन त्रुटियोंके दूर करनेका भरपूर यत्न किया जायगा।

इस पुस्तकको प्रेसमें देनेके बाद मेरा सम्बन्ध ज्ञानमण्डलसे छूट गया। इस कारण मैं इस पुस्तकको स्वयं अपनी देख रेखमें न छपा सका। संभव है प्रूफ इत्यादिके देखनेमें अनेक अशुद्धियां रह गयी हों, उनके लिये विचारशील और दयालु पाठक मुझे क्षमा करेंगे।

चिड़ावा }
राजपुताना }

विनीत
जनार्दन भट्ट

विषय-सूची ।

अशोकके धर्म-लेख ।

प्रथम खण्ड।

अशोकका इतिहास ।

प्रथम अध्याय ।

अशोकके पूर्वज ।

मोटे तौरपर विक्रमीय संवत्के पूर्व छठवीं शताब्दीसे भारतवर्षका प्राचीन इतिहास प्रामाणिक आधारोंपर स्थित मिलता है। हिन्दू, जैन तथा बौद्ध इन तीनों धर्मोंके धार्मिक ग्रन्थ इस बात पर प्रायः सहमत हैं कि संवत् कालके पूर्व छठवीं शताब्दीसे लगाकर प्राचीन भारतवर्षकी राजनीतिक दशा कैसी थी और किन किन राजवंशोंने उस समयसे लेकर भारतवर्षपर राज्य किया। वि० पू० छठवीं शताब्दीसे लगाकर कई शताब्दियों तक मगध (विहार) इन तीनों धर्मोंका केन्द्र रहा और यहीं अशोकके पूर्वजोंने भी अपने राज्यकी जड़ जमायी।

पुराणोंमें दी हुई राजवंशावलियोंमें शैशुनागवंश पहला राजवंश है जिसके बारेमें ऐतिहासिक प्रमाण काफ़ी तौर पर मिलते हैं और जिसका समय यदि पूरी तरह नहीं तो मोटे तौर पर अवश्य निश्चित हो गया है। इस वंशका नाम शैशुनाग वंश इस लिए पड़ा कि इसका पहला राजा तथा संस्थापक शिशुनाग था, जिसने ईसाके पूर्व ६४२ * वर्ष अर्थात्

* विंसेन्ट स्मिथ साहेबका भी यही मत है (Oxford History of India P 45)

विक्रमीय संवत्के पूर्व ५८५ के लगभग इस वंशकी नींव डाली। उसने ४० वर्षों तक राज्य किया। वह एक छोटे से राज्यका राजा था। आजकलका पटना और गया ज़िला दोनों इस राज्यमें शामिल थे। गयाके पास प्राचीन राजगृह उसकी राजधानी थी।

इस वंशका पांचवां राजा बिम्बिसार था। वह पहला राजा है जिसके विषयमें कुछ विशेष ऐतिहासिक वृत्तान्त मालूम हुआ है। उसने एक नवीन राजगृह की नींव डाली। अंग देश को भी जीत कर उसने अपने राज्यमें मिला लिया। आजकलके भागलपुर और मुंगेर ज़िलोंको प्राचीन अंगदेश समझना चाहिए। मगध राज्यकी उन्नति और आधिपत्यका सूत्रपात इसी अंगदेशकी जीतसे हुआ, अतएव बिम्बिसार यदि मगध साम्राज्यका सच्चा संस्थापक कहा जाय तो अनुचित नहीं। उसने कोशल तथा वैशालीके दो पड़ोसी तथा महाशक्तिशाली राज्योंकी एक एक राजकुमारीसे विवाह करके अपनी शक्ति तथा प्रतिष्ठा और भी बढ़ायी। आजकलके अयोध्या और मुज़फ्फरपुरके ज़िले क्रमसे प्राचीन कोशल तथा वैशाली थे। बिम्बिसारका राज्यकाल विक्रमीय संवत्के पूर्व लगभग ५२५ से लेकर ४९७ तक माना गया है। कहा जाता है कि बिम्बिसार अन्तिम समयमें राज्यकी बागडोर अपने पुत्र अजातशत्रु * अथवा कूनिकके हाथमें देकर एकान्त-वास करने लगा, किन्तु अजातशत्रुको इतना धैर्य कहां कि वह महाराजा बननेके लिए

* श्रीयुत बा० काशीप्रसाद जायसवालने अजातशत्रुकी मूर्त्तिका पता लगाया है जो मथुराके अजायबघरमें खड़ी हुई है (देखिये Journal of the Behar and Orissa Research Society, Vol VI, Part II. P. 173-204)

बिम्बिसारकी मृत्युकी प्रतीक्षा करे। बौद्ध ग्रंथोंके अनुसार इस राजकुमारने अपने पिताको भूखों मार डाला। इस प्रकार वह पितृ-हत्याके पापकी बदौलत विक्रमीय संवत्के पूर्व ४६७ के लगभग गद्दी पर बैठा। बौद्ध ग्रंथोंसे यह भी पता लगता है कि जब वह गद्दी पर आया तब बुद्ध भगवान् जीवित थे और इस राजासे एक बार मिले भी थे। लिखा है कि अजातशत्रुने बुद्ध भगवान्के सामने अपने पापोंके लिए बहुत ही पश्चात्ताप किया और बौद्ध धर्मकी दीक्षा बुद्ध भगवानसे ग्रहण की। कोशल देशके राजाके साथ अजातशत्रुका युद्ध हुआ। जान पड़ता है कि इस युद्धमें अजातशत्रुकी जीत रही और कोशल देशपर मगधका सिक्का जम गया। अकेले कोशल ही को दबा कर अजात शत्रु संतुष्ट न हुआ; उसने तिरहुत पर भी बड़ा भारी आक्रमण किया। इस आक्रमणका फल यह हुआ कि वह तिरहुतको अपने राज्यमें मिलाकर गंगा और हिमालयके बीच वाले प्रदेशका सम्राट् बन गया। उसने सोन और गंगा नदियोंके संगम पर पाटलिग्रामके समीप एक किला भी बनवाया। इसी किलेके आस पास अजातशत्रुके पोते उदयनने एक नगरकी नींव डाली जो इतिहासमें कुसुमपुर, पुष्पपुर अथवा पाटलिपुत्रके नामोंसे प्रसिद्ध है। बढ़ते २ यह नगर न केवल मगध हीकी किन्तु समस्त भारतकी राजधानी बन गया। इस बातके पुष्ट प्रमाण मिलते हैं कि भगवान् बुद्धका निर्वाण उसीके राज्यकालमें हुआ।

विक्रमीय संवत्के पूर्व ४७० वर्षके लगभग अजातशत्रुके पापमय जीवनका अंत होने पर पुराणोंके अनुसार उसके पुत्र दर्शकने राज्य किया। दर्शकके बाद उदय अथवा उदयिन् विक्रमीय संवत्के पूर्व ४४६ के लगभग राजगद्दी पर बैठा। इसके

विषयमें कहा जाता है कि इसने पाटलिपुत्र अथवा कुसुमपुर नामक नगर बसाया । उदयिन्के बाद नंदिवर्द्धन* और महानन्दिन हुए जिनके केवल नाम मात्र पुराणोंमें मिलते हैं । महानन्दिन शैशुनाग वंशका अन्तिम राजा था । उसकी एक शूद्रा रानीसे महापद्मनन्द नामका पुत्र हुआ जो मगध राज्यको बलपूर्वक छीन कर आप राजा बन बैठा । उसने ईसाके पूर्व ४१३ अथवा विक्रमीय संवत्के पूर्व ३५६ के लगभग नन्दवंशकी स्थापना की ।

महापद्मनन्द बड़ा प्रसिद्ध और प्रतापशाली राजा हुआ, किन्तु साथ ही बड़ा निर्दयी और लोभी था । इन अवगुणों के कारण तथा शूद्र जातिकी स्त्रीसे उत्पन्न होनेके कारण, मालूम पड़ता है, ब्राह्मण इसके कट्टर शत्रु हो गये । जब सिकन्दरने एशियाके अन्य देशोंको जीत कर भारतवर्ष पर चढ़ाई की तब ४ हज़ार हाथी, २० हज़ार सवार और २ लाख पैदल सेना लेकर महापद्मनन्दने उसके विरुद्ध प्रयाण किया । किन्तु, सिकन्दर पंजाबसे आगे न बढ़ाः इस कारण महापद्मनन्दसे उसकी मुठभेड़ नहीं हुई । महापद्मनन्दकी एक रानीसे आठ पुत्र हुए जो पिताको मिला कर नवनन्दके नामसे विख्यात हैं । ऐसी दन्त-कथा प्रचलित है कि उसकी मुरा नामकी एक दासीसे चन्द्रगुप्त नामक एक पुत्र और हुआ जो मौर्यके नामसे अधिक प्रसिद्ध है, किन्तु यह बात किसी पुराण में नहीं मिलती कि नन्दवंशके साथ चन्द्रगुप्त मौर्यका कोई पारि-

---

* श्रीयुत बाबू काशीप्रसाद जायसवालने उदयिन् तथा नन्दिवर्द्धनकी मूर्तियोंका पता लगाया है जो कलकत्तेके अजायबघरमें रक्खी हुई हैं (देखिये Journal of the Behar & Orissa Reseanh Society Vol V. part I. P. 88-106)

वारिक संबन्ध था। पुराणोंमें केवल यह लिखा मिलता है:- "ततश्च नव चैतान्नन्दान् कौटिल्यो ब्राह्मणस्समुद्धरिष्यति। तेषामभावे मौर्याः पृथिवीं भोक्ष्यन्ति। कौटिल्य एव चन्द्रगुप्तं राज्येऽभिषेक्ष्यति" अर्थात् "तब कौटिल्य नामका एक ब्राह्मण नवों नन्दोंका समूल नाश करेगा। उनके अभावमें मौर्य नामके राजा पृथ्वी पर राज्य करेंगे। वही कौटिल्य नामका ब्राह्मण चन्द्रगुप्तको राजगद्दी पर बिठावेगा"। केवल विष्णुपुराणकी टीकामें इतना और अधिक लिखा हुआ है:—"चन्द्रगुप्तं नन्दस्यैव शूद्रायां मुरायां जातं मौर्याणां प्रथमम्।" अर्थात् "चन्द्रगुप्तका नाम मौर्य इस लिए पड़ा कि वह नन्द राजाकी मुरा नामक शूद्रा दासीसे उत्पन्न हुआ था"। मुद्राराक्षस नाटकसे इतना और पता लगता है कि चन्द्रगुप्त नन्दके वंशका था किन्तु उसमें यह कहीं भी नहीं लिखा मिलता कि वह नन्दका पुत्र था।

पुराण, बृहत्कथा, मुद्राराक्षस तथा ग्रीक इतिहास-लेखकोंके भारतवर्ष विषयक लेखोंका ऐतिहासिक अन्वेषण करनेसे निम्नलिखित बातें प्रायः निश्चित रूपसे कही जा सकती हैं:—(१) नन्दवंशके राजा नीच कुलके थे: उनकी उत्पत्ति क्षत्रिय और शूद्र जातिके मेलसे थी (२) चन्द्रगुप्त मौर्य नन्दवंशका असली उत्तराधिकारी न था, किन्तु एक शूद्रा स्त्रीसे उत्पन्न था (३) जब सिकन्दरने भारतवर्ष पर चढ़ाई की थी तब चन्द्रगुप्त मगध देशके राजासे देश-निष्कासित किये जाने पर पंजाबमें सिकन्दरसे मिला था: मगध देशके राजाकी निन्दा करके उसने सिकन्दरको मगध-पर चढ़ाई करनेके लिए उत्साहित किया, किन्तु सिपाहियोंके आगे बढ़नेसे इनकार करने पर सिकन्दर पंजाबहीसे लौट गया (४) ईसवी सन्के पूर्व ३२३ अर्थात् विक्रमीय संवत्के

पूर्व २६६ में सिकन्दरकी मृत्यु होने पर चन्द्रगुप्तने हिन्दुओंको सगठित करके उन यूनानियोंके विरुद्ध बलवा किया जिन्हें सिकन्दर पश्चिमोत्तर प्रान्त तथा पंजाब पर ग्रीक-शासन स्थिर रखनेके लिये छोड़ गया था; इस बलवेका एकमात्र नेता चन्द्रगुप्त मौर्य था (५) बलवा करनेके बाद अपने मन्त्री चाणक्य-की सहायतासे नन्दवंशके अन्तिम राजाको मार कर चन्द्रगुप्त ईसवी सन्के पूर्व ३२२* अथवा विक्रमीय संवत्के पूर्व २६५ के लगभग मगध राज्यके सिंहासनपर बैठा (६) उस समय मगध राज्य बहुत विस्तृत था; उसमें कोशल (अयोध्या,) काशी अगदेश (पश्चिमीय बंगाल) तथा मगध (बिहार) ये सब देश शामिल थे (७) चन्द्रगुप्त पर कुलूत (कुलू) मलय, काश्मीर, सिन्धु और पारस इन पाँच देशोंके राजाओंने मिल कर हमला किया जिसका निवारण उसने अपने मन्त्री तथा सहायक चाणक्यकी सहायतासे किया† (८) विदेशी यूना-

---

* जैन ग्रन्थोंके आधार पर श्रीयुत काशी प्रसाद जायसवाल एम० ए० का मत है कि चन्द्रगुप्तका राज्यकाल कदाचित् ईसवी सन्के पूर्व ३२५ तदनुसार विक्रमीय सवत्के पूर्व २६८से प्रारम्भ हुआ (Journal and Proceeding, Asiatic society of Bengal.1913.pp 317-23)

† मुद्राराक्षस, प्रथम अङ्क, श्लोक २० यथा:—

चाणक्यः—उपलब्धवानस्मि प्रणिधिभ्यो यथा तस्य म्लेच्छराजलोकस्य मध्यात् प्रधानतमा पञ्च राजानः परया सुहृत्तया राक्षसमनुवर्त्तन्ते। ते यथा—

कौलूतश्चित्रवर्मा मलयनरपतिः सिंहनादो नृसिंहः।
काश्मीरः पुष्कराक्षः क्षतरिपुमहिमा सैन्धवः सिन्धुषेणः॥
मेघाक्षः पंचमोऽस्मिन्पृथुतुरगबलः पारसीकाधिराजो।
नामान्येषां लिखामि ध्रुवमहमधुना चन्द्रगुप्तः प्रमार्ष्टु॥

नियोंके विरुद्ध बलवा करके उसने न केवल उत्तरी पंजाबको यूनानियोंकी पराधीनतासे स्वतन्त्र कर दिया बल्कि वह समस्त भारतवर्षका एकच्छत्र सम्राट् बन गया ।

द्वितीय अध्याय।

चन्द्रगुप्त और बिन्दुसार।

सिकन्दरकी मृत्युके बाद चन्द्रगुप्तने अपने देशको विदेशी यूनानियोंकी पराधीनतासे छुड़ा दिया। इसके उपरान्त चन्द्रगुप्त जिस समय अपने साम्राज्यके संगठनमें लगा हुआ था उसी समय उसका एक प्रतिद्वन्द्वी पश्चिमी और मध्य एशिया-में अपने साम्राज्यकी नींव डालनेका यत्न कर रहा था और सिकन्दरके जीते हुए भारतीय प्रदेशोंको फिरसे अपने अधिकार में लानेकी तैयारीमें था। सिकन्दरकी मृत्युके बाद उसके सेनापतियोंमें राज्याधिकारके लिए युद्ध हुआ। इस युद्धमें एशियाके आधिपत्यके लिए एन्टिगोनस और सेल्यूकस नामके दो सेनापति एक दूसरेका विरोध कर रहे थे। पहिले तो एन्टिगोनसने सेल्यूकसको हरा कर भगा दिया, पर विक्रमीय संवत् के पूर्व २५७ में सेल्यूकसने बेबीलोनको फिरसे अपने अधिकारमें कर लिया और ६ वर्षके बाद पश्चिमी तथा मध्य एशियाका अधिपति हो गया। उसके साम्राज्यके पश्चिमी प्रान्त भारतवर्षकी सीमा तक फैले हुए थे। इस कारण स्वाभाविक तौर पर वह सिकन्दरके जीते हुए भारतीय प्रदेशों-को फिरसे अपने अधिकारमें लाना चाहता था। इस उद्देशसे उसने विक्रमीय संवत्के पूर्व २४८ में या उसके लग-भग सिन्धु नदीको पार करके सिकन्दरके धावेका अनुकरण करनेका उद्योग किया।

जब युद्धभूमिमें दोनो सेनाओंका सामना हुआ तो चन्द्रगुप्तकी सेनाके मुकाबिलेमें सेल्यूकसकी सेना न ठहर सकी और सेल्यूकसको लाचार हो कर पीछे हटना पड़ा तथा चन्द्रगुप्त

के साथ उसीकी शर्तोंके मुताबिक सन्धि कर लेनी पड़ी। उलटे उसे लेनेके देने पड़ गये। भारतवर्षकी विजय करना तो दूर रहा उसे सिन्धु नदीके पश्चिममें एरिआना [आर्याना]* का बहुतसा हिस्सा चन्द्रगुप्तके सुपुर्द कर देना पड़ा। पांच सौ हाथियोंके बदलेमें चन्द्रगुप्तको सेल्यूकससे पेरोपेनीसेडी, एरिया और एरोचोज़िया नामके तीन प्रान्त मिले जिनकी राजधानी क्रमसे आजकलके काबुल, हिरात और कन्धार नामके तीन शहर हैं। इस सन्धिको दृढ़ करनेके लिए सेल्यूकसने अपनी कन्या चन्द्रगुप्तको दी। यह सन्धि विक्रमीय संवत्‌के पूर्व २४६ में हुई। इस प्रकार हिन्दूकुश पहाड़ तक उत्तरी भारत चन्द्रगुप्तके हाथमें आ गया। उन दिनों हिन्दूकुश पहाड़ भारतवर्षकी पश्चिमोत्तर सीमा थी। मुग़ल बादशाहोंका राज्य भी हिन्दूकुश तक कभी नहीं फैला हुआ था।

सन्धि हो जानेके बाद सेल्यूकसने चन्द्रगुप्तके दरबारमें अपना एक राजदूत भेजा। इस राजदूतका नाम मेगास्थनीज था। मेगास्थनीज़ मौर्य साम्राज्यकी राजधानी पाटलिपुत्रमें बहुत दिनों तक रहा और वहां रह कर उसने भारतवर्षका विवरण लिखा। इस विवरणमें उसने वहांके भूगोल, पैदावार, रीति-रिवाज इत्यादिका बहुतसा हाल दिया है। उसने चन्द्रगुप्तके शासन और सैनिक प्रबन्धका भी बड़ा सजीव वर्णन लिखा है जिससे चन्द्रगुप्त और अशोकके समयका बहुत सा सच्चा इतिहास मालूम हो जाता है।

---

* "हरिआना" आर्यस्थानका अपभ्रंश मालूम पड़ता है। सिन्धु नदीके पश्चिमका एक बड़ा भाग "हरिआना" के नामसे प्रसिद्ध था। आजकल भी "हरिआना" के तर्ज़ पर "अहिराना" (अहीरोंकी बस्ती) इत्यादि नाम सुनायी पड़ते हैं।

चन्द्रगुप्तकी राजधानी अर्थात् पाटलिपुत्र नगर सोन और गंगा नदियोंके संगमपर बसा हुआ था। आजकल इसके स्थानपर पटना और बांकीपुर नामके शहर बसे हुए हैं। प्राचीन पाटलिपुत्र भी आजकलकी तरह लम्बा बसा हुआ था। उसकी लम्बाई उन दिनों ९ मील और चौड़ाई १½ मील थी। उसके चारों ओर काठकी बनी हुई एक दीवार थी, जिसमें ६४ फाटक और ५७० बुर्ज थे। दीवारके चारों ओर एक गहरी परिखा या खाई थी जिसमें सोन नदीका पानी भरा रहता था। राजधानीमें चन्द्रगुप्तके महल अधिकतर काठके बने हुए थे, पर तड़क भड़क और शान शौकतमें वे फ़ारसके राजाओंके महलोंसे भी बढ़ कर थे।

चन्द्रगुप्तका दरबार बहुमूल्य वस्तुओंसे सुसज्जित था। वहां रक्खे हुए सोने चांदीके बर्तन और खिलौने, जड़ाऊ मेज और कुर्सियां तथा कीनख़ाबके कपड़े देखने वालोंकी आंखोंमें चकाचौंध डालते थे। जब कभी कभी चन्द्रगुप्त बड़े बड़े अवसरों पर राजमहलके बाहर निकलता था तो वह सोनेकी पालकी पर चढ़ता था। उसकी पालकी मोतीकी मालाओंसे सजी रहती थी। जब उसे थोड़ी ही दूर जाना होता था तो वह घोड़े पर चढ़कर जाता था पर लंबे सफ़रमें वह सुनहरी भूलोंसे सजे हुए हाथी पर चढ़ता था। जिस तरह आजकल बहुत से राजाओं और नवाबोंके दरबारमें मुर्गी, बटेर, मेढ़े और सांड़ वगैरहकी लड़ाईमें दिलचस्पी ली जाती है, उसी तरह चन्द्रगुप्त भी जानवरोंकी लड़ाईसे अपना मनोरंजन करता था। पहलवानोंके दंगल भी उसके दरबारमें होते थे। जिस तरह आजकल घोड़ोंकी दौड़ होती है और उसमें हज़ारोंकी बाज़ी लग जाती है उसी तरह चन्द्रगुप्तके समयमें भी बैल

दौड़ाये जाते थे और वह उस दौड़को बड़ी रुचिसे देखता था। आजकलकी तरह उस समय भी लोग दौड़में बाज़ी लगाते थे। दौड़नेकी जगह ६ हज़ार गज़के घेरेमें रहती थी और एक घोड़ा तथा उसके इधर उधर दो बैल एक एक रथको लेकर दौड़ते थे। चन्द्रगुप्तको शिकारका भी बड़ा शौक़ था। जानवर एक घिरी हुई जगहमें छोड़ दिया जाता था। वहां एक चबूतरा बना रहता था जिस पर खड़ा होकर चन्द्रगुप्त शिकारको तीरसे मारता था। अगर शिकार खुली जगहमें होता था तो चन्द्रगुप्त हाथी पर सवार होकर शिकार करता था। शिकार करनेके वक्त अस्त्र-शस्त्रसे सुसज्जित स्त्रियाँ उसकी रक्षा किया करती थीं। ये स्त्रियाँ विदेशोंसे ख़रीद कर लायी जाती थीं। प्राचीन राजाओंके दरबारमें इस तरहकी स्त्री रक्षिकायें रहा करती थीं। मुद्रा-राक्षस और कौटिलीय अर्थशास्त्रमें भी स्त्री-रक्षिकाओंका वर्णन मिलता है। अर्थशास्त्रमें लिखा है कि "शयनादुत्थितस्स्त्रीगणैर्धन्विभिः परिगृह्येत।" अर्थात् पलंगसे उठनेके बाद धनुर्बाणसे सुसज्जित स्त्रियाँ राजाकी सेवामें उपस्थित हों (अर्थशास्त्र अधि० १ अध्या० २१) जिस सड़कसे महाराजका जलूस निकलता था उसके दोनों ओर रस्सियाँ लगी रहती थीं और उन रस्सियों के पार जानेवालेको मौतकी सज़ा दी जाती थी। बादको चन्द्रगुप्तके पोते अशोकने शिकार खेलनेकी प्रथा बिलकुल ही उठा दी।

चन्द्रगुप्त विशेष करके महलके अन्दर ही रहता था और बाहर सिर्फ़ मुक़दमा करने, यज्ञमें भाग लेने या शिकारको जानेके लिए निकलता था। उसे कमसे कम दिनमें एक बार प्रार्थना-पत्र ग्रहण करने और मुक़द्दमोंको तय करनेके

लिए बाहर अवश्य आना पड़ता था। चन्द्रगुप्तको मालिस करवानेका भी बड़ा शौक़ था। जिस समय वह लोगोंके सामने दरबारमें बैठता था उस समय चार सेवक उसकी मालिश किया करते थे। मृच्छकटिक नामक नाटकमें भी सम्वाहक नामक एक पात्रका नाम आता है जो राजाकी मालिश किया करता था। राजाकी वर्ष-गाँठके दिन बड़ी धूम धाम मनायी जाती थी और बड़े बड़े लोग चन्द्रगुप्तको बहुमूल्य वस्तुएँ भेंट करते थे। पर इतनी अधिक सावधानता और रक्षा होते हुए भी चन्द्रगुप्तको अपनी जानका भय लगा रहता था। वह डरके मारे दिनको या लगातार दो रात तक एक ही कमरेमें कभी नहीं सोता था। मुद्राराक्षसमें भी लिखा है कि चाणक्यने चन्द्रगुप्तको मारनेकी कई बन्दिशोंका पता लगाकर उसकी जान बचायी।

चन्द्रगुप्त जिस समय राजगद्दी पर बैठा उस समय उसकी आयु बहुत अधिक न थी। उसने केवल २४ वर्षोंतक राज्य किया, इससे मालूम पड़ता है कि वह अपनी मृत्युके समय ५० वर्षसे कमका रहा होगा। इस थोड़े समयमें उसने बड़े बड़े काम किये। उसने सिकन्दरकी ग्रीक-सेनाओंको भारत-वर्षसे निकाल बाहर किया, सेल्युकसको गहरी हार दी, एक समुद्रसे लगाकर दूसरे समुद्र तक कुल उत्तरी हिन्दुस्तानको अपने अधिकारमें किया, बड़ी भारी सेना संगठित की और बड़े भारी साम्राज्यका शासन अपने बुद्धि-बलसे किया। चन्द्रगुप्तकी राज्य-शक्ति इतनी दृढ़ताके साथ स्थापित थी कि वह उसके पुत्र बिन्दुसार और पौत्र अशोकके हाथमें बेखटके चली गयी। ग्रीक राज्योंके शासक उसकी मित्रताके लिए लालायित रहते थे। सेल्यूकसके बाद फिर किसी ग्रीक राजाने

भारतवर्ष पर चढ़ाई करनेका साहस न किया और चन्द्र-गुप्तके बाद दो पीढ़ियों तक ग्रीक राजाओंका राजनीतिक और व्यापारिक संबंध भारतवर्षके साथ बना रहा।

कुछ लेखकोंका विचार है कि मौर्य साम्राज्य पर सिकन्दरके आक्रमणका बहुत अधिक प्रभाव पड़ा, पर यह ठीक नहीं है। सिकन्दर केवल उन्नीस महीने भारतवर्ष में रहा। ये उन्नीस महीने सिर्फ़ लड़ाई झगड़े और भयानक मारकाटमें बीते। भारतवर्षमें अपना साम्राज्य खड़ा करनेका जो कुछ विचार उसका रहा हो वह उसकी मृत्युके बाद बिलकुल निष्फल हो गया। चन्द्रगुप्तको सिकन्दरके उदाहरणकी आवश्यकता न थी। उसकी और उसके देशवासियोंकी आँखोंके सामने दो शताब्दियों तक फारसके साम्राज्यका उदा-हरण था। यदि चन्द्रगुप्तने किसी विदेशी उदाहरणका अनुकरण किया भी तो केवल फारसके साम्राज्यका। चन्द्रगुप्त-के दरबार और उसकी राज्य-प्रणालीमें जो थोड़ा बहुत विदेशी प्रभाव पाया जाता है वह यूनानका नहीं बल्कि फ़ारसका है। ईसाके बाद चौथी शताब्दीके अन्त तक भारतवर्षके प्रान्तीय शासक क्षत्रपके नामसे पुकारे जाते थे। यही क्षत्रप शब्द फ़ारस देशके प्रांतीय शासकोंके लिए भी व्यवहृत होता था। चन्द्रगुप्तकी सैनिक-व्यवस्थामें भी यूनानके प्रभावका कोई चिन्ह नहीं मिलता। चन्द्रगुप्तने अपनी सेना-का संगठन भारतवर्षके प्राचीन आदर्शके अनुसार किया था। भारतवर्षके राजा महाराजा हाथियोंकी सेनाको और उससे उतर कर रथ और पैदल सेनाको अधिक महत्त्व देते थे। सवार सेना बहुत थोड़ी रहती थी और वह ऐसी अच्छी भी न होती थी। पर सिकन्दर हाथियों या रथोंसे

बिलकुल काम न लेता था और अधिकतर अपनी सवार सेनाके भरोसे पर रहता था। इससे सिद्ध होता है कि अपनी सेनाका संगठन करनेमें भी चन्द्रगुप्तने सिकन्दरका अनुकरण नहीं किया।

जैन धर्मकी दन्तकथाओंसे पता लगता है कि चन्द्रगुप्त जैन धर्मका अनुयायी था और जब १२ वर्ष तक बड़ा भारी अकाल पड़ा तो वह राजगद्दी छोड़ कर दक्खिन में चला गया और मसूरमें श्रवण बेलगोला नामक स्थान पर जैन भिक्षु· की तरह रहने लगा। अन्तमें वहां उसने उपवास करके प्राणत्याग किया। अब तक वहां उसका नाम याद किया जाता है। यह दन्तकथा कहां तक सच है, निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता। संभव है कि उसने राजगद्दीसे उतर कर अन्तमें जैन धर्म ग्रहण किया हो और फिर भिक्षुक- की तरह जीवन व्यतीत करने लगा हो।

जब विक्रमीय संवत्के पूर्व २४१ मे चन्द्रगुप्त राजगद्दीसे उतरा (या दूसरे मतके अनुसार उसका परलोक वास हुआ) तो उसका पुत्र बिन्दुसार गद्दी पर बैठा, पर ग्रीक-लेखकोंने चन्द्रगुप्त- के उत्तराधिकारीके नाम कुछ ऐसे शब्दोंमें लिखे हैं जो अमित्रघातके अपभ्रंश मालूम पड़ते हैं। भारतवर्ष और ग्रीक-राज्योंके बीचमें जो सम्बन्ध चन्द्रगुप्त और सेल्युकसके समयमें प्रारम्भ हुआ था वह बिन्दुसारके राज्यकालमें भी बना रहा। उसके दरबारमें मेगास्थनीजका स्थान डेईमेकस नामक राजदूतने लिया। इस राजदूतने भी मेगास्थनीज़की तरह भारतवर्षका निरीक्षण करके बहुत सा हाल लिखा था, पर अभाग्यवश उसका लिखा हुआ बहुत थोड़ा हाल अब मिलता है। जब विक्रमीय संवत्के पूर्व २२३ में सेल्यूकस मारा गया तो उसका स्थान ऐन्टिओकस

सोटरने लिया जिसने भारतवर्षके सम्बन्धमें अपने पिताकी नीति यथावत् अनुसरण की। ऐन्टिओकस और बिन्दुसारके बीचमें जो लिखा पढ़ी हुई उससे पता लगता है कि भारतवर्ष और पश्चिमी एशियाके बीच बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध था। बिन्दुसारने एन्टिओकसको एक पत्र भेजकर यह लिखा था कि "कृपा कर मुझे थोड़ी सी अंजीर और अंगूरकी शराब तथा एक यूनानी अध्यापक खरीद कर भेज दीजिये"। ऐन्टिओकसने उत्तरमें लिखा कि "मुझे अंजीर और अंगूरकी शराब भेजते हुए बड़ी प्रसन्नता है, पर खेद है कि मैं आपकी सेवामें कोई अध्यापक नहीं भेज सकता, क्योंकि यूनानी लोग अध्यापकको बेचना अनुचित समझते हैं।"

मिश्रके टालेमी फिलाडेल्फस नामक राजाने भी, जो विक्रमीय संवत्के पूर्व २२८से लगाकर २३० तक गद्दी पर था, डायोनीसियस नामक राजदूतको भारतीय सम्राट्के दरबारमें भेजा। डायोनीसियसने भी अपने अनुभवोंका वर्णन लिखा था, जो ईसवी सन्की पहिली शताब्दीमें प्लाइनीको मालूम था। यह निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता कि डायोनीसियस बिन्दुसारके दरबारमें था अथवा उसके उत्तराधिकारी अशोकके दरबारमें।

बिन्दुसारके राज्यशासनका कुछ भी हाल नहीं मिलता। उसके समयका कोई स्मारक या लेख भी नहीं प्राप्त है। सम्भव है उसने चन्द्रगुप्तकी तरह भारतवर्षकी सीमाके भीतर ही अपने राज्यको बढ़ानेकी नीति जारी रक्खी हो। बिन्दुसारके पुत्र अर्थात् अशोकके साम्राज्यकी सीमा हम लोगोंको ठीक ठीक उसके शिलालेखों और स्तम्भलेखोंसे विदित है। यह निश्चित रूपसे कहा जा सकता है कि दक्खिनमें संरक्षित राज्यों और अर्द्धस्वतंत्र राज्योंको मिला कर

उसका साम्राज्य नीलौर तक फैला हुआ था। नर्बदाके दक्खिनका प्रदेश अशोकका विजय किया हुआ नहीं हो सकता, क्योंकि उसके शिलालेखोंसे पता लगता है कि उसने बंगाल-की खाड़ीके किनारे पर केवल कालिंग देशको जीत कर अपने राज्यमें मिलाया था। यदि अशोकने दक्खिनी प्रदेशको अपने राज्यकालके प्रारम्भमें ही जीता हो तो दूसरी बात है। पर इसके बारेमें कोई प्रमाण नहीं मिलता। चन्द्रगुप्तके राज्यकालके २४ वर्ष ऐसी बड़ी २ घटनाओंसे भरे हुए थे कि कदाचित् दक्खिनी प्रदेश जीतनेका समय उसे न मिला होगा। २४ वर्षके भीतर उसने ग्रीक सेनाओंको निकाल बाहर किया, सेल्यूकसके आक्रमणका मुकाबिला किया, पाटलिपुत्रमें राज्य परिवर्त्तन करके मौर्यवंशकी स्थापना की, एरिआनाके एक बड़े हिस्सेको अपने राज्यमें मिलाया और बंगालकी खाड़ीसे लगा कर अरब-सागर तक अपने साम्राज्यका विस्तार किया। इस लिए नीलौर तक दक्खिनी प्रदेश या तो चन्द्र गुप्तने या विन्दु-सारने जीता होगा, क्योंकि अशोकने इस प्रदेशको अपने पितासे प्राप्त किया था। अधिकतर संभव यही मालूम पड़ता है कि दक्खिनी प्रदेशकी विजय चन्द्रगुप्तने नहीं बल्कि विन्दुसार हीने की। पर चन्द्रगुप्तकी जीवनी ऐसी ऐसी विचित्र घटनाओंसे भरी हुई है और उन घटनाओंसे उसकी ऐसी असामान्य शक्ति और सामर्थ्यका पता लगता है कि यदि उसीके बड़े बड़े कार्योंकी सूचीमें दक्खिनकी विजय भी जोड़ दी जाय तो अनु-चित नहीं। बस विन्दुसारके बारेमें इससे अधिक कुछ हाल नहीं मालूम पड़ता। अबआगे चल कर अशोकका इतिहास पाठकोंके सामने रक्खा जायगा जो न केवल भारतवर्षके बल्कि संसारके बड़े बड़े सम्राटोंमें गिना जाता है।

तृतीय अध्याय

चन्द्रगुप्तकी शासन-पद्धति

मेगास्थनीज तथा कौटिलीय अर्थशास्त्रसे चन्द्रगुप्त मौर्यकी सैनिक व्यवस्था और शासन पद्धतिका जो पता लगता है वह संक्षेपमें नीचे दिया जाता है। इसीसे अशोककी शासन-व्यवस्थाका भी बहुत कुछ अनुमान हो सकता है।

सैनिक व्यवस्थाः—चन्द्रगुप्त मौर्यकी सेना प्राचीन प्रथाके अनुसार चतुरंगिणी थी, किन्तु उसमें जलसेनाकी एक विशेषता थी। चन्द्रगुप्तकी सेनामें हाथी ९०००, रथ ८०००, घोड़े ३०,०००, और पैदल सिपाही ६,००,००० थे। हर एक रथ पर सारथीके अलावा दो धनुर्धर और हर हाथी पर महावतको छोड़कर तीन धनुर्धर बैठते थे। इस तरह कुल सैनिकोंकी संख्या ६.००,००० पैदल, ३०,००० घुड़सवार ३६ ००० गजारोही और २४,००० रथी अर्थात् कुल मिलाकर ६,९०,००० थी। इन सबोंको राजखजानेसे वेतन नियमित रूपसे मिला करता था।

सैनिक मण्डलः—सेनाका शासन एक मण्डलके अधीन था इस मण्डलमें ३० सभासद थे जो ६ विभागोंमें विभक्त थे। प्रत्येक विभागमें पांच सभासद होते थे। प्रथम विभाग जलसेना-पतिके सहयोगसे जलसैन्यका शासन करता था। द्वितीय विभागके अधिकारमें सैन्य सामग्री और रसद वगैरह रहता था। रणवाद्य-बजाने वाले, साईस, घसियारे आदिका प्रबन्ध भी इसी विभागसे होता था। तृतीय विभाग पैदल सेनाका शासन करता था। चतुर्थ

विभाग के अधिकारमें सवार सेनाका प्रबन्ध था। पचम विभाग रथसेनाकी देख भाल करता था और षष्ठ विभाग हस्ति-सैन्यका प्रबन्ध करता था। चतुरंगिणी सेना तो बहुत प्राचीन कालसे ही चली आ रही थी पर जल-सेना-विभाग और सैन्य-सामग्री-विभाग चन्द्रगुप्तकी प्रतिभाके परिणाम थे।

सेनाकी भर्तीः—चाणक्यके अनुसार पैदल सेनाके सिपाही ६ प्रकार से भर्ती किये जाते थे यथाः-मौल जो बापदादोंके समयसे राजसेनामें भर्ती होते चले आये थे, भृत जो किराये पर लड़नेके लिये भर्ती किये जाते थे, श्रेणी जो सहयोगके सिद्धान्तों पर एक साथ रहने वाली कुछ योद्धा जातियोंमे से भर्ती किये जाते थे, मित्र जो मित्र देशोंमेंसे भर्ती किये जाते थे, अमित्र जो शत्रु देशोंमेंसे भर्ती किये जाते थे और अटवी जो जंगली जातियोंमे से भर्ती किये जाते थे।*

सेनाके अस्त्र-शस्त्रः—कौटिलीय अर्थशास्त्रमें स्थिरयन्त्र (जो एक ही जगहसे चलाये जांय) चलयन्त्र (जो एक जगहसे दूसरी जगह फेंके जा सकें) हलमुख जिनका सिरा हल की तरह हो) धनुष, बाण, खड, क्षुरकल्प (जो क्षूरेके समान हो) आदि अनेक अस्त्र शस्त्रोंके नाम मिलते हैं। इनके भी अलग अलग बहुतसे भेद थे।†

दुर्ग या किलेः—चाणक्यके अनुसार उन दिनों दुर्ग कई प्रकारके होते थे और चारों दिशाओंमें बनाये जाते थे। निम्न लिखित प्रकारके दुर्गोंका पता चलता हैः-औदक जो द्वीप की तरह चारों ओर पानीसे घिरा रहता था, पार्वत जो पर्वत की चट्टानों पर बनाया जाता था, धान्वन जो रेगिस्तान या

* कौटिलीय "अर्थशास्त्र"— अधि० ६ अध्या० २

† कौटिलीय "अर्थशास्त्र"— अधि० २ अध्या०१८

महा ऊसर ज़मीनमें बनाया जाता था और वनदुर्ग जो जंगलोंमें बनाया जाता था। इनके अलावा बहुतसे छोटे छोटे किले गावोंके बीच बीच बनाये जाते थे। जो किला ८०० गावोंके केन्द्रमें बनाया जाता था उसे स्थानीय, जो किला ४०० गावोंके बीचोबीच बनाया जाता था उसे द्रोणामुख, जो किला २०० गावोंके मध्यमें बनाया जाता था उसे खार्वटिक और जो किला १० गांवोंके केन्द्रमें रहता था उसे सम्रहण कहते थे।*

नगर-शासक-मण्डलः—जिस प्रकार सेनाका शासन एक सैनिक मण्डलके अधीन था उसी प्रकार नगरका शासन भी एक दूसरे मण्डलके हाथमें था। यह मण्डल एक प्रकारसे आज कलकी म्युनिसिपलिटीका काम करता था और सैनिक मण्डलकी तरह ६ विभागोंमें बटा हुआ था। इस मण्डलमें भी ३० सभासद थे और प्रत्येक विभाग ५ सभासदोंके अधीन था। इन विभागों का वर्णन मेगास्थनीज़ने निम्न लिखित प्रकारसे किया है।

प्रथम विभागका कर्तव्य शिल्पकलाओं, उद्योग धन्धों और कारीगरोंकी देखभाल करना था। यह विभाग कारीगरोंकी मज़दूरीकी दर भी निश्चित करता था। कारखानेवालोंके कच्चे मालकी देखभाल भी इसी विभागका काम था। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाता था कि कहीं वे लोग घटिया या ख़राब सामान तो काममें नहीं लाते। कारीगर राज्यके विशेष सेवक समझे जातेथे। इस लिये जो कोई उनका अंगभंग करके उन्हें निकम्मा बनाता था उसे प्राणदण्ड दिया जाता था।

द्वितीय विभागका कर्तव्य विदेशियोंकी देख रेख करना था।

---

* कौटिलीय "अर्थशास्त्र" अधि० २, अध्या० १ और अध्या ३

मौर्यसाम्राज्यका विदेशी राज्योंसे बड़ा घनिष्ट संबन्ध था। अनेक विदेशी व्यापार अथवा भ्रमणके लिये इस देशमें आते थे। उनका इस विभागकी ओरसे उचित निरीक्षण किया जाता था और उनकी सामाजिक स्थितिके अनुसार ठहरनेके लिये उन्हें स्थान तथा नौकर चाकर दिये जाते थे। आवश्यकता पड़ने पर वैद्य लोग उनकी चिकित्सा करने के लिये नियुक्त रहते थे। मृत विदेशियोंका अन्तिम संस्कार उचित रूपसे किया जाता था। मरनेके बाद उनकी सम्पत्ति तथा रियासत आदिका प्रबन्ध इसी विभागकी ओरसे होता था और उसकी आय उनके उत्तराधिकारियोंके पास भेज दी जाती थी। यह विभाग इस बातका बड़ा अच्छा प्रमाण है कि विक्रम पूर्व तीसरी और चौथी शताब्दीमें मौर्य साम्राज्यका विदेशी राष्ट्रोंसे लगातार संबन्ध था और बहुतसे विदेशी व्यापार आदिके सम्बन्धसे भारतवर्षमें आते थे।

तृतीय विभागका कर्तव्य साम्राज्यके अन्दर जन्म और मृत्यु की संख्याका हिसाब ठीक ठीक नियमानुसार रखना था। जन्म और मृत्युकी संख्याका हिसाब इस लिये रक्खा जाता था कि जिसमें राज्यको इस बातका ठीक ठीक पता रहे कि साम्राज्य की आबादी कितनी बढ़ी या कितनी घटी। जन्म और मृत्युका लेखा रखनेसे प्रजासे कर वसूल करनेमें भी सहूलियत पड़ती थी। यह कर एक प्रकारका पोल टैक्स (Poll-tax) था जो हर एक मनुष्य पर लगाया जाता था। विदेशियोंको यह देख कर आश्चर्य होता है कि उस प्राचीन समयमें भी एक भारतीय शासकने अपने साम्राज्यकी जन-संख्या जाननेका कैसा अच्छा प्रबन्ध कर रक्खा था। इसके लिये एक अलग विभाग ही खुला हुआ था।

चतुर्थ विभागके अधीन वाणिज्य-व्यवसायका शासन था। बिक्रीकी चीज़ोंकी दर नियत करना तथा सौदगरोंसे बटखरों और नापजोखोंका यथोचित उपयोग कराना इस विभागका काम था। इस विभागके अधिकारी बड़ी सावधानीसे इस बातका निरीक्षण करते थे कि बनिये तथा व्यापारी राजमुद्रांकित बटखरों और मापोंका प्रयोग करते हैं या नहीं। प्रत्येक व्यापारीको व्यापार करनेके लिये राज्यसे लाइसन्स या परवाना लेना पड़ता था और इसके लिये उसे एक प्रकारका कर भी देना पड़ता था। एकसे अधिक प्रकारका व्यापार करनेके लिये व्यापारीको दूना कर देना पड़ता था।

पचम विभाग कारखानों और उनमें बनी हुई चीज़ोंकी देखभाल करता था। पुरानी और नयी वस्तुओंको अलग अलग रखनेकी आज्ञा राज्यकी ओरसे थी। राजाज्ञाके बिना पुरानी वस्तुओंका बेचना नियमके विरुद्ध और दण्डनीय समझा जाता था।

षष्ठ विभाग बिकी हुई वस्तुओंके मूल्य पर दशमांश कर वसूल करता था। जो मनुष्य कर न देकर इस नियमको भंग करता था उसे प्राणदण्ड दिया जाता था।

अपने अपने विभागके कर्तव्योंके अतिरिक्त सभासदोंको एक साथ मिल कर नगर-शासनके सम्बन्धमें सभी आवश्यक कार्य करने पड़ते थे। हाट, बाट, घाट और मन्दिर आदि सब लोकोपकारी कार्यों और स्थानोंका प्रबन्ध इन्हीं लोगोंके हाथमें था।

मालूम पड़ता है कि तक्षशिला, उज्जयिनी आदि साम्राज्यके सभी बड़े बड़े नगरोंका शासन भी इसी विधिसे होता था।

प्रान्तोंका शासनः—दूरस्थित प्रान्तोंका शासन राज-प्रति-

निधियोंके द्वारा होता था। राज-प्रतिनिधि आम तौर पर राजघरानेके लोग हुआ करते थे। उनके अधीन अनेक कर्मचारी होते थे। अर्थ शास्त्रके अनुसार प्रत्येक राज्य चार मुख्य प्रान्तोंमें विभक्त होना चाहिये और प्रत्येक प्रान्त एक एक राजकुमार या स्थानिक नामक शासकके आधीन होना चाहिये। इस बातका पता निश्चित रूपसे नहीं है कि चन्द्रगुप्त मौर्यका विस्तृत साम्राज्य कितने प्रान्तोंमें बटा हुआ था, पर अशोकके लेखोंसे पता लगता है कि उसका साम्राज्य चार भिन्न भिन्न प्रान्तोंमें बटा था। तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसली और सुवर्णगिरि नामक चार प्रान्तीय राजधानियोंके नाम अशोकके शिला लेखोंमें मिलते हैं। तक्षशिला पश्चिमोत्तर प्रान्तकी, उज्जयिनी मध्यभारतकी, तोसली कलिंग प्रान्तकी और सुवर्णगिरि दक्षिण प्रान्तकी राजधानी थी। ऐसा कहा जाता है कि अशोक अपने पिताके जीवन-कालमें तक्षशिला और उज्जैन दोनों जगह प्रान्तिक शासक रह चुका था। राज-प्रतिनिधि या राजकुमारके बाद रज्जुकोंका ओहदा था जो आज कलके कमिशनरोंके समान थे। उनके नीचे युक्त उपयुक्त, प्रादेशिक आदि, अनेक कर्मचारी राज्यका काम नियमपूर्वक चलाते थे। "अर्थ शास्त्र" और "अशोकके लेखों" से पता लगता है कि चन्द्रगुप्त और अशोककी शासन-प्रणाली बहुत ही सुव्यवस्थित और ऊंचे ढंगकी थी।

दूरस्थित राजकर्मचारियों की कार्यवाहीकी सूचना देने और रत्ती रत्ती भर समाचार सम्राट्को भेजनेके लिये प्रतिवेदक (सम्बाददाता) नियुक्त थे। ये लोग प्रति दिन हर एक नगर या ग्रामका सच्चा समाचार राजधानीको भेजा करते थे।

अर्थशास्त्रके अनुसार राज्य-शासनका काम लगभग ३०

विभागोंमें बटा हुआ था। इन विभागोंके अध्यक्षों या सुपरिन्टेन्डेन्टों का कर्तव्य बहुत विस्तारके साथ "अर्थशास्त्र" में दिया गया है। इन विभागोंमेंसे मुख्य मुख्य गुप्तचर विभाग, सैनिक विभाग, व्यापार-वाणिज्य विभाग, नौ विभाग, शुल्क विभाग (चुंगीका महकमा) आकर विभाग (खानका महकमा), सुराविभाग (आबकारीका महकमा), कृषिविभाग, नहर विभाग, पशुरक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, मनुष्यगणना विभाग आदि थे।

सेनाके बाद राज्यकी रक्षा गुप्तचरों पर निर्भर थी। अर्थ शास्त्रमें गुप्तचर विभाग तथा गुप्तचरोंका बड़ा अच्छा वर्णन मिलता है। गुप्तचर लोग भिन्न भिन्न भेषोंमें गुप्त रीतिसे घूम फिर कर हर एक प्रकारका समाचार राजाको दिया करते थे। वे न केवल साम्राज्यके भीतर बल्कि साम्राज्यके बाहर भी उदासीन तथा शत्रुराज्योंमें जाकर, गुप्त बातोंका पता लगाया करते थे। जिस तरह जर्मनीके कैसरने गुप्तचरोंका एक अलग विभाग खोल रक्खा था और उसके द्वारा वह शत्रु, मित्र तथा उदासीन सबोंका समाचार प्राप्त किया करता था उसी तरह चन्द्रगुप्तने भी एक गुप्तचर-संस्थास्थापित की थी और इसी संस्थाके द्वारा वह सब बातोंका पता लगाया करता था। वेश्याओंसे भी गुप्तचरका काम लिया जाता था। गुप्तचर लोग गूढ़ या सांकेतिक लेख (Cipher writing) द्वारा गुप्त संवाद भेजा करते थे। जिस तरह जर्मन लोग युद्धमें कबूतरोंसे चिट्ठीरसाका काम लेते थे उसी तरह चन्द्रगुप्तके गुप्तचर भी कबूतरोंके द्वारा खबरें भेजा करते थे।*

---

* अर्थशास्त्र अधि० १ अध्या० ११, १२

राज्यकी ओरसे एक "सीताध्यक्ष" नामक अफ़सर नियुक्त था जो कृषि-विभागका शासन करता था। उसका पद वही थे जो आज कलके "डाइरेक्टर आफ् एग्रिकल्चर" का है। खेतीकी भूमि राजाकी सम्पत्ति गिनी जाती थी और राजा किसानोंसे पैदावारका चौथाई भाग करके तौर पर वसूल करता था। इस बातका पता नहीं लगता कि लगानका बन्दोबस्त हर साल होता था या कई सालके बाद। किसान लोग सैनिक सेवासे अलग रक्खे जाते थे। मेगास्थनीज साहब इस बातको देख कर बड़े चकित थे कि जिस समय शत्रु सेनाएं घोर संग्राम मचाए रहती थीं उस समय भी खेतिहर लोग शान्तिपूर्वक अपने खेतीके काममें लगे रहते थे।†

भारतवर्ष सदासे कृषि-प्रधान देश रहा है। अतएव इस देशके लिये सिंचाईका प्रश्न हमेशासे बड़े महत्वका गिना जाता है। चन्द्रगुप्तके शासनके लिये यह बड़े गौरवका विषय है कि उसने सिंचाईका एक विभाग अलग ही नियत कर दिया था। इस विभाग पर वह विशेष ध्यान देता था। मेगास्थनीज़ साहेबने भी लिखा है कि "भूमिके अधिकतर भागमें सिंचाई होती है और इसीसे सालमें दो फ़सिलें पैदा होती हैं" (Book I Fragment I) "राज्यके कुछ कर्मचारी नदियोंका निरीक्षण और भूमिकी नाप जोख उसी तरह करते हैं जिस तरह मिश्रमें की जाती है। वे उन गूलों अथवा नालियों की भी देख भाल करते हैं जिनके द्वारा पानी ख़ास नहरोंसे शाखा नहरोंमें जाता है जिसमें कि सब किसानोंको समान रूपसे नहरका पानी सिचाईके लिये मिल सके" (Book III,

† Strabo. XV, 40

Fragment XXXIV) मेगास्थनीज का उक्त कथन अर्थशास्त्र से पूरी तरह पुष्ट हो जाता है। सिंचाईके बारेमें कुछ बातें अर्थ शास्त्रमें ऐसी भी लिखी है जो मेगास्थनीज़के वर्णनमें नहीं पाया जाती। अर्थशास्त्रके अनुसार सिंचाई चार प्रकारसे होती थी यथा (१) हस्त प्रावर्त्तिम अर्थात् हाथके द्वारा (२) स्कन्धप्रावर्त्तिम अर्थात् कन्धों पर पानी ले जा कर (३) स्रोतयन्त्र प्रावर्तिम अर्थात् यन्त्रके द्वारा (४) नदीसरस्तटाककूपोद्घाटम् अर्थात् नदियों, तालाबों और कूपोंके द्वारा। सिंचाईके पानीका महसूल क्रमसे पैदावारका पंचमांश, चतुर्थांश, तृतीयांश और चतुर्थांश होता था। अर्थशास्त्रमें कुल्याका नाम भी आता है जिसका अर्थ "कृत्रिमा सरित्" अथवा नहर है इससे विदित होता है कि उन दिनों भारतवर्षमें नहरें बनायी जाती थीं और उनके द्वारा खेत सींचे जाते थे। पानी जमा करनेके लिये सेतु या बान्ध भी बान्धे जाते थे और तालाब तथा कूप इत्यादिकी मरम्मत हमेशा हुआ करती थी। इस बातकी भरपूर देख रेख रहती थी कि यथा समय हरएक मनुष्यको आवश्यकतानुसार जल मिलता है या नहीं। जहां नदी, सरोवर ताल इत्यादि नहीं थे वहाँ राज्यकी ओरसे तालाब वगैरह खुदवाए जाते थे *। गिरनारमें, जो काठियावाड़में है, एक चट्टान पर क्षत्रप रुद्रदामन् का एक लेख खुदा हुआ है। उससे विदित होता कि दूरस्थित प्रान्तोंमें भी सिंचाईके प्रश्न पर मौर्यसम्राट् कितना ध्यान देते थे। यह लेख सन १५० के बादही लिखा गया था। इसमें लिखा है कि पुश्यगुप्त वैश्यने, जो चन्द्रगुप्तकी ओरसे पश्चिमी प्रान्तोंका शासक था, गिर-

* अर्थशास्त्र, अधि० २ अध्या० २३

नारकी पहाड़ी पर एक छोटी नदीके एक ओर बान्ध बनवाया जिससे एक झील सी बन गयी। इस झीलका नाम सुदर्शन रक्खा गया और इससे खेतोंकी सिंचाई होने लगी। बादको अशोकने उसमेंसे नहरें भी निकलवायीं। ये नहरें अशोकके प्रतिनिधि राजा तुषास्फ की देखभालमें बनवायी गयी थीं। राजा तुषास्फ पर्शियन अथवा पारसी जातिका था। मौर्य सम्राटोंकी बनवायी हुई झील तथा बान्ध दोनों ४०० वर्ष तक कायम रहे। उसके बाद सन् १५० में बड़ा भारी तूफ़ान आनेसे झील और बान्ध दोनों नष्ट हो गये। तब शक क्षत्रप रुद्रामन् ने बान्धको फिरसे बनवाया और इस बान्ध तथा झीलका संक्षिप्त इतिहास एक शिलालेखमें लिख दिया जो गिरनारकी चट्टान पर खुदा हुआ है। रुद्रामन् का बनवाया हुआ बान्ध भी समयके प्रवाहमें पड़कर भग्न हो गया और एक बार फिर वह सन् ४५८ ईसवीमें स्कन्दगुप्त के स्थानीय अधिकारीकी देखभालमें बनावाया गया। इसके बाद समयके प्रभावसे झील और बान्ध कब नष्ट हुए इसका पता इतिहास से नहीं लगता पर रुद्रामन्के शिलालेखसे इतना अवश्य सिद्ध होता है कि मौर्य सम्राट् सिंचाईके लिये नहर इत्यादि का प्रबन्ध करना अपना परम कर्तव्य समझते थे और साम्राज्यके दूरस्थित प्रान्तोंमें भी सिंचाईकी आवश्यकताका भरपूर ध्यान रखते थे।

चाणक्यके कथनसे यह भी ज्ञात होता है कि कृषि विभाग के साथ साथ अन्तरिक्ष-विद्या-विभाग (Meteorological Department) भी था। यह विभाग एक प्रकारके यन्त्र (वर्षमान कुण्ड) के द्वारा इस बातका निश्चय करता था कि कितना पानी बरस चुका है। बादलोंकी रंगतसे भी इस बातका पता

लगाया जाता था कि पानी बरसेगा या नहीं और बरसेगा तो कितना। सूर्य, शुक्र और बृहस्पतिकी स्थिति और चाल से भी यह निश्चय किया जाता था कि कितना पानी बरसने वाला है।*

साम्राज्यकी सड़कें सुव्यवस्थित दशामें रक्खी जाती थीं। आध आध कोस पर पथ-प्रदर्शक पत्थर (माइल स्टोन) गड़े रहते थे। एक बड़ी सड़क आज कलकी ग्रैन्ड ट्रङ्क रोड (कलकत्तेसे पेशावर वाली सड़क) के समान पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्तमें तक्षशिला से लगाकर सीधे मौर्य साम्राज्यकी राजधानी अर्थात् पाटलिपुत्र तक जाती थी। यह सड़क लग भग १००० मील लम्बी थी † अर्थ शास्त्रसे पता लगता है कि मौर्य साम्राज्यमें सड़कें राजधानीसे सब दिशाओंको जाती थीं। जिस दिशामें यात्रियों और व्यापारियोंका आना जाना अधिक रहता था उसी दिशामें अधिकतर सड़कें बनवायी जाती थीं। उन दिनों दक्षिणकी ओर जो सड़कें जाती थीं वे अधिक महत्वकी गिनी जाती थीं। क्योंकि वहां व्यापार अधिक होता था और वहांसे हीरा, जवाहिर, मोती, सोना इत्यादि बहुमूल्य वस्तुएं आती थीं। सड़कें कई किस्मकी होती थीं। भिन्न भिन्न प्रकारके मनुष्यों और पशुओं के लिये भिन्न भिन्न सड़कें थीं। जिस सड़क पर राजाका जुलूस वगैरह निकलता था वह राजमार्ग कहलाता था; जिस सड़क पर रथ चलते थे वह रथपथ कहलाता था; जिस सड़क पर पशु चलते थे वह पशुपथ कहलाता था; जिस सड़क पर खच्चर और ऊंट वगैरह चलते थे वह खरोष्ट्रपथ कहलाता था

---

* अर्थशास्त्र, अधि० २, अध्या० २४

† Strabo, XV, II.

और जिस सड़क पर पैदल आदमी चलते थे वह मनुष्यपथ कहा जाता था। इसी तरहसे कुछ सड़कें ऐसी थीं जिनका नाम उन देशों या स्थानोंके नाम पर पड़ा हुआ था जिन देशों या स्थानों को वे जाती थीं। इस तरहकी एक सड़क राष्ट्रपथ थी जो छोटे छोटे ज़िलोंको जाती थी। विवीतपथ नामक सड़क चरागाहोंको जाती थी। जो सड़क सेनाके रहनेके स्थानोंको जाती थी वह व्यूहपथ के नामसे पुकारी जाती थी और जो सड़क श्मशानको जाती थी वह श्मशानपथ कहलाती थी। वनकी ओर जाने वाला मार्ग वनपथके नामसे पुकारा जाता था और जो मार्ग पुलों तथा बान्धोंकी ओर जाता था वह सेतुपथ कहलाता था §

राज्यके सभी काम राजकोष पर निर्भर रहते हैं। इस लिये कर लगाना राजाके लिये बहुत आवश्यक है। अर्थ शास्त्रमें एक स्थानपर मौर्यसाम्राज्य की आयके द्वार निम्न रूपसे लिखे गये हैं:—(१) राजधानी (२) ग्राम और प्रांत (३) खानें (४) सरकारी बाग (५) जंगलात (६) जानवर और चरागाह तथा (७) वणिक्पथ।

(१) राजधानी से निम्न लिखित आय होती थी:—सूती कपड़े तेल, निमक, शराब आदि पर कर; वेश्याओं, व्यापारियों, और मन्दिरों पर कर; नगरके फाटकपर वसूल किये गये कर; जुएपर कर इत्यादि।

(२) ग्रामों और प्रांतों से निम्नलिखित आय होती थी:—खास राजाके खेतोंकी पैदावार; किसानोंके खेतोंकी उपजका

§ अर्थशास्त्र अधि० २, अध्या० १, ३,४, अधि० ७ अध्या० १७

एक भाग; धनके रूपमें भूमि-कर; घाटोंपर उतराईका महसूल; सड़कोंपर चलनेका महसूल इत्यादि।

(३) खानोंसे भी राज्यको बड़ी आमदनी होती थी। सरकारी खानोंसे जो पैदावार होती थी वह सरकारी खजाने में जाती थी। जो खानें सरकारी न होती थीं उनकी पैदावार का एक हिस्सा राज्यका अंश होता था।

(४) सरकारी बागोंमें जो फल, फूल साग भाजी इत्यादि होती थी उससे भी सरकारको अच्छी खासी आमदनी होती थी।

(५) शिकार खेलने और हाथी वगैरह पकड़नेके लिये जगल किरायेपर दिये जाते थे। इससे भी राज्यको अच्छी आमदनी होती थी।

(६) गाय, बैल, भैंस, बकरे, भेड़ आदि जानवरोंके चरने के लिये चरागाह किराये पर उठाये जाते थे। इससे भी सरकारी खजानेको फ़ायदा होता था।

(७) वणिक्पथों अर्थात् जल और स्थलके मार्गोंमें व्यापारियोंसे जो कर वसूल किया जाता था उससे भी राज्यको बड़ी आय होती थी। *

सिचाईके लिये पानीका महसूल अलग देना पड़ता था। आबकारी की चीज़ों पर कर लगाये जाते थे। विदेशी शराब और नशेकी चीज़ों पर ख़ास टैक्स लगाया जाता था।। †

बिकनेकी चीजें एक निर्दिष्ट स्थानपर लायी जाती थीं और उनपर सिन्दूरकी लाल मुहर लगा कर चुंगी वसूलकी जाती थी।

---

* अर्थशास्त्र, अधि० २ अध्या० ६

† अर्थशास्त्र, अधि० २ अध्या० २५

बाहरसे आने वाली चीज़ों पर सात प्रकारके भिन्न भिन्न कर लगाये जाते थे।

इन करोंको छोड़ खज़ानेको भरापूरा रखनेके लिये आवश्यकता पड़ने पर कुछ और उपायोंसे भी धन-सग्रह किया जाता था। प्रजाको समय समय पर राजाको धन आदि भेटमें देना पड़ता था। अर्थशास्त्रमें प्रजासे धन खींचनेके भिन्न भिन्न उपाय लिखे हुए हैं। इसके अलावा जब राजा किसी नगर-निवासीको सम्मान-सूचक पदवीसे विभूषित करता था तो वह राजाको भेटके तौर पर बहुत सा धन दिया करता था।

प्रत्येक नगरमें एक नागरक नियुक्त था। उसका कर्तव्य यह था कि वह नगरमें आने जानेवालोंका नाम रजिस्टरमें दर्ज करे। वह जनसख्या का हिसाब भी रखता था। उसे प्रत्येक नगरनिवासीकी जात पाँत, नाम, आय व्यय, रोज़गार, पशु, संपत्ति आदिका ब्योरेवार वर्णन लिख कर रखना पड़ता था। नागरकको धोखा देना या उसके सामने झूठा बयान करना चोरीका काम समझा जाता था। इस अपराधके लिये बहुत कड़ा दण्ड मिलता था और कभी कभी तो इसके लिये प्राणदण्ड तक भी दिया जाता था।*

मौर्य साम्राज्यकी दण्डनीति बड़ी ही कठोर थी। प्राणदण्ड तो बहुत ही सहल बात थी। किन्तु अपराध होते ही बहुत कम थे। कठोर दण्ड देनेका अवसर ही न आता था। चोरी बहुत ही कम हुआ करती थी। मेगास्थनीज़ने लिखा है कि मैं जितने दिन चन्द्रगुप्तकी राजधानीमें रहा उतने दिन किसी रोज़ भी २००) रुपयेसे ज़्यादाकी चोरी नहीं हुई। यह

* अर्थशास्त्र, अधि० २, अध्या० ३६

भी ध्यान रहे कि उन दिनों पाटलिपुत्रकी आबादी ४ लाख थी। चोरीके लिये ऐसा कठोर दण्ड था कि यदि कोई राजकर्मचारी ८ या १० पण [उस समयका प्रचलित सिक्का] चुरा लेता था तो उसे प्राणदण्ड मिलता था। इसी तरह यदि कोई गैरसरकारी आदमी ४० या ५० पण चुराता था तो उसे प्राणदण्ड दिया जाता था। अपराध सिद्ध हो जाने पर अपराधियोंके लिये १८ प्रकारके भिन्न भिन्न दण्डोंकी व्यवस्था थी, जिसमें सात प्रकारसे बेत लगानेका भी विधान था।

चतुर्थ अध्याय ।

अशोक मौर्य ।

ऐसा कहा जाता है कि अशोक या अशोकवर्द्धन अपने पिताके जीवन-कालमें पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्त तथा पश्चिमी भारतका क्रमसे प्रान्तिक शासक रह चुका था और वहीं रह कर उसने शासनका काम सीखा था। वह कई भाइयोंमें सबसे जेठा था और उसकी योग्यताको देखकर उसके पिताने उसीको युवराज पदके लिये चुना था। उन दिनों पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्तमें कश्मीर, पंजाब और सिन्धुनदीके पश्चिमवाले प्रदेश शामिल थे और उसकी राजधानी तक्षशिला थी। तक्षशिला नगर उन दिनों एशियाके बहुत बड़े बड़े शहरोंमें गिना जाता था और अपने विश्वविद्यालयके लिये प्रसिद्ध था। वहां बड़ी दूरदूरसे लोग साहित्य, विज्ञान और आयुर्वेद पढ़नेके लिये आते थे। सिकन्दरके समयमें तक्षशिलाके आस पासका प्रदेश एक स्वतंत्र राजा के अधिकारमें था जिसने सिकन्दर की बड़ी मदद की थी। रावलपिंडी ज़िलेमें शाहढेरी नामक ग्रामके पास प्राचीन तक्षशिला नगर बसा हुआ था। पश्चिमी भारतकी राजधानी उज्जैन या उज्जैयिनी थी। यह नगरभी प्राचीन समयमें तक्ष-शिलाकी तरह प्रसिद्ध था और सात पवित्र पुरियोंमें गिना जाता था। यह उस सड़कपर बसा हुआ था जो पश्चिमी समुद्रके किनारे वाले बंदरगाहोंसे बड़े २ बाज़ारों और मंडियोंको जाती थी। व्यापारिक नगर होनेके साथ ही साथ

यह एक बड़ा तीर्थ-स्थान भी था। ज्योतिष-विद्याके लिये भी यह नगर प्रसिद्ध था और यहींसे ज्योतिषके रेखांश गिने जाते थे।

लंकाकी दन्त-कथाओंसे पता लगता है कि जिस समय अशोकने अपने पिताकी बीमारीका हाल सुना उस समय वह उज्जैन में था। लंकाकी दन्तकथाओंसे यह भी पता लगता है कि अशोकके १०० भाई थे, जिनमेंसे ९९ को उसने मार डाला था। पर यह दन्तकथा विश्वास करनेके योग्य नहीं है। क्योंकि ऐसा मालूम पड़ता है कि इन कथाओंको बौद्धोंने यह दिखलानेके लिये गढ़ लिया था कि बौद्ध धर्ममें आनेके पहिले उसका जीवन कैसा दुराचारमय था और बौद्ध धर्ममें आनेके बाद वह कैसा सदाचारी और पवित्र विचारका हो गया। इसमें कोई सन्देह नहीं कि अशोकके राज्यकालके १७ वें या १८ वें वर्षमें अशोकके भाई और बहिनें जीवित थीं। उसके लेखोंसे पता लगता है कि उसे अपने कुटुम्बका बड़ा ध्यान रहता था। शिलालेखोंसे कोई ऐसा प्रमाण नहीं मिलता जिससे मालूम हो कि वह अपने कुटुम्ब वालोंसे किसी प्रकार की ईर्ष्या या द्वेष रखता था। उसके पितामह चन्द्रगुप्तको अवश्य सदा भयके साथ अपना जीवन बिताना पड़ता था और अपने साथ ईर्ष्या-द्वेष करने वालोंको दबाना पड़ता था, क्योंकि वह एक सामान्य मनुष्यसे बढ़कर एकच्छत्र सम्राट् बना था और बड़ी कड़ाईके साथ शासन करता था। पर अशोक चन्द्रगुप्तकी तरह सामान्य मनुष्यसे सम्राट् नहीं हुआ था। उसने अपने पितासे उस बड़े साम्राज्यका अधिकार पाया था जिसे स्थापित हुए ५० वर्ष बीत चुके थे। इस लिए किसीको अशोकके साथ ईर्ष्या-द्वेष या लाग डांट करनेका अवसर न था और इसी लिये उसके सिरपर वह सब

झगड़े न थीं जो चन्द्रगुप्तके जीवनमें व्यापी हुई थीं। अशोकके लेखोंसे इस बातका पता बिलकुल नहीं लगता कि उसे अपने शत्रुओंकी ओरसे कभी भय रहा हो। सम्भावना यही है कि उसने अपने पिताकी आज्ञानुसार शान्तिके साथ राज्याधिकार ग्रहण किया। पर उत्तरी भारतकी एक दन्त-कथासे पता लगता है कि अशोक और उसके सबसे जेठे भाई सुसीमके बीच राज्याधिकारके लिये बड़ा झगड़ा हुआ। संभव है यह दन्त-कथा सच्ची हो।

अशोकने परे ४० वर्षों तक राज्य किया। इस लिये जब विन्दुसारकी मृत्युके बाद ईसवी सन्‌के पूर्व २७३ में अर्थात् विक्रमीय संवत्‌के पूर्व २१६ में या उसके लगभग उस बड़े साम्राज्यका शासन-भार उसने अपने ऊपर लिया तो वह अपनी युवावस्थामें था। उसके प्रारंभिक राज्यकालके ११ या १२ वर्षोंका कुछ हाल नहीं मिलता। ऐसा मालूम पड़ता है कि प्रारंभके ११ या १२ साल साधारण रीति पर साम्राज्यके शासनमें बीते। उसका राज-तिलक राज्या रोहणके लगभग ४ वर्ष बाद ईसवी सन्‌के पूर्व २६९ तदनु-सार विक्रमीय संवत् के पूर्व २२२ में हुआ। यही एक बात ऐसी है जिससे इस विचारकी पुष्टि होती है कि राज्यारोहण के समय उसके भाइयोंने उसके साथ झगड़ा किया था।

अपने राज्यके १३वें (यदि राज-तिलकसे गिना जाय तो ९वें) वर्षमें अशोकने कलिंगदेशको जीत कर अपने राज्यमें मिला लिया। अपने जीवन भरमें उसने यही एक युद्ध किया। इस युद्धका हवाला उसके एक शिलालेखमें भी मिलता है (देखिये त्रयोदश शिलालेख) प्राचीन समयमें कलिंगदेश बंगालकी खाड़ीके किनारेपर महानदीसे लगाकर गोदावरी

तक फैला हुआ था। इस युद्धके कुछ वर्ष बाद अशोकने दो शिलालेख वहां खुदवाये जिनसे मालूम पड़ता है कि इस नये जीते हुए प्रदेशके शासनके सम्बन्धमें अशोकको बड़ी चिन्ता रहती थी, क्योंकि कभी कभी उसके अफ़सर वहां अच्छा शासन न करते थे (दो कलिंग शिलालेख देखिये) अफ़सरोंको सम्राट्की ओरसे यह आज्ञा थी कि वे वहां प्रजाके साथ पितृवत् व्यवहार करें और कलिंग देशकी जंगली जातियों पर कोई अत्याचार न होने दें। पर वहाके राज्याधिकारी इस आज्ञाका प्रायः उल्लंघन कर दिया करते थे, जिससे सम्राट्को उन्हें अपने कलिंग लेखके द्वारा सूचित करना पड़ा कि 'मेरी आज्ञा पूरी करनेसे तुम स्वर्ग पाओगे और मेरे प्रति अपना ऋण भी चुकाओगे।"

कलिंग युद्धमें एक लाख आदमी मारे गये और डेढ़ लाख आदमी कैद किये गये। इनके अलावा इससे कई गुने आदमी अकाल, महामारी तथा उन विपत्तियोंके शिकार हुए जो युद्धके बाद लोगोंपर आती हैं। इन सब विपत्तियोंको देख कर और यह समझकर कि मेरे ही सबबसे यह विपत्तियां हुई हैं अशोकको बड़ा खेद और पश्चात्ताप हुआ। इसके बाद उसने पक्का निश्चय किया कि वह अब कभी युद्धमें प्रवृत्त न होगा और न कभी मनुष्यों पर अत्याचार करेगा। कालिंग-विजयके ४ वर्ष बाद उसने अपने त्रयोदश शिलालेखमें लिखा कि "जितने मनुष्य कलिंग-युद्धमें घायल हुए, मरे या कैद किये गये उनके १०० वें या १००० वें हिस्से का नाश भी अब महाराज अशोकको बड़े दुःखका कारण होगा।" अपने इस सिद्धान्तके अनुसार फिर उसने अपने शेष जीवनमें कभी युद्ध नहीं किया। इसी समयके लगभग

वह बौद्ध धर्मका अनुयायी हुआ। तभीसे उसने अपनी शक्ति तथा अधिकारके द्वारा "धम्म" या धर्मका प्रचार करना अपने जीवनका उद्देश बनाया।

अपने राज्यकालके १७वें और १८वें सालमें अर्थात् ईसवी सन्के पूर्व २५७ और २५६ तदनुसार विक्रमीय संवत् के पूर्व २०० और १९९ में उसने पूरी तरहसे यह निश्चय कर लिया कि उसका उद्देश क्या होगा और उस उद्देशके पूरा करनेमें उसे किस मार्गका अनुसरण करना होगा। इसी समय उसने अपने शासनके सिद्धान्त शिलाओंपर खुदवाये जो चतुर्दश शिलालेख तथा प्रथम लघु शिलालेखके नामसे विख्यात हैं। इसके बाद अशोकने कालिंग देशमें शिलालेख खुदवाये जिनका संक्षिप्त हाल ऊपर दिया जा चुका है। इन शिलालेखोंमें प्रथम लघुशिलालेख सबसे पुराना मालूम पड़ता है। यह शिलालेख कुछ भिन्न भिन्न रूपोंमें सात अलग अलग स्थानोंपर पाया जाता है। प्रथम लघु शिलालेख और चतुर्दश शिलालेखोंसे पता लगता है कि अशोक बौद्ध धर्ममें आनेके बाद ढाई वर्षसे अधिक समय तक केवल उपासक था; पर शिलालेख खुदवानेके एक साल या उससे कुछ अधिक पहले वह संघमें सम्मिलित होकर बौद्ध भिक्षु होगया और बौद्ध धर्मका प्रचार तन मन धनसे करने लगा।

लगभग २४ वर्ष तक सम्राट् पदपर आरूढ़ रहनेके बाद उसने ईसवी सन्के पूर्व २४९ तदनुसार विक्रमीय संवत्के पूर्व १९२ में बौद्ध स्थानोंकी यात्राके लिए प्रस्थान किया। अपनी राजधानी पाटलिपुत्रसे रवाना होकर वह नेपाल जाने वाली सड़क से उत्तरकी ओर गया और आज कलके मुज़फ़्फ़रपुर तथा चंपारनके ज़िलोंसे होते हुए हिमायल पहाड़की तराईमें पहुँचा।

वहांसे कदाचित् वह पश्चिमकी ओर मुड़ा और उस प्रसिद्ध लुम्बिनी नामके उपवनमें आया जो बुद्ध भगवान्‌का जन्मस्थान समझा जाता है। इस स्थानपर अशोकके गुरुने अशोकको संबोधन करके कहा "यहीं भगवान्‌का जन्म हुआ था।" एक स्तम्भ जिस पर ये शब्द खुदे हुए हैं और जो अब तक सुरक्षित है अशोकने अपनी इस स्थानकी यात्राके स्मारकमें खड़ा किया। इसके उपरान्त अपने गुरु उपगुप्तके साथ अशोक कपिलवस्तु आया, जहां बुद्ध भगवान्‌की बाल्यावस्था बीती थी। वहांसे वह बनारसके पास सारनाथमें आया जहां बुद्ध भगवानने अपने धर्मका उपदेश पहिले पहिल किया था। वहां से वह स्रावस्ती गया और वहां बहुत वर्षों तक रहा। स्रावस्तीसे चलकर उसने गयाके बोधिवृक्षका दर्शन किया जिसके नीचे बैठकर बुद्ध भगवान्‌ने ज्ञानका प्रकाश प्राप्त किया था। गयासे वह कुशीनगर आया जहां बुद्ध भगवान्‌का निर्वाण हुआ था। इन सब पवित्र स्थानोंमें अशोकने बहुतसा धन संकल्प किया और बहुतसे स्मारक खड़े किये जिनमेंसे कुछ स्मारकों का पता शताब्दियोंके बाद अब लगा है।

अशोकके सम्बन्धमें एक विचित्र बात यह है कि वह बौद्ध भिक्षु भी था और साथही विस्तृत साम्राज्यका शासन भी करता था। अशोकके ६ शताब्दी बाद इत्सिंग नामक चीनी बौद्ध यात्री भारतमें आया था। उसने अशोककी मूर्ति बौद्ध सन्यासीके वेषमें स्थापित देखी थी। बौद्ध सन्यासी को जब चाहे तब गृहस्थ जीवनमें लौटनेकी स्वतन्त्रता रहती है। संभव है अशोक कभी कभी थोड़े समयके लिये, राज्यका उचित प्रबन्ध करनेके बाद, किसी विहार या संघाराममें जाकर एकान्त-वास करता रहा हो। मालूम

पड़ता है कि प्रथम लघु शिलालेख और भाब्रू शिलालेख उस समय खुदवाये गये जब वह बैराटके संघाराममें एकान्त वास कर रहा था । इसमें कोई सन्देह नहीं कि अपने जीवनके अंतिम २५ वर्षोंमें वह संघ और साम्राज्य दोनोंका शासक तथा नेता था ।

लग भग ३० वर्ष तक राज्य करनेके बाद ईसवी सन्‌के पूर्व २४३ तदनुसार विक्रमीय संवत्‌के पूर्व १८६ में या उसके लगभग अशोक ने सप्त स्तम्भलेख खुदवाये जिनमें वही बातें दोहराई गई हैं जो उसने पहिलेके शिला लेखोंमें खुदवायी थीं। इनमेंसे अंतिम स्तम्भलेखमें उसने उन उपायोंका सामान्य रीतिसे समालोचनात्मक वर्णन किया है जिनकी सहायतासे उसने "धम्म" या धर्मका प्रचार किया था । पर आश्चर्य है कि उसने अपने सिंहावलोकनमें उन बौद्ध भिक्षुओंका उल्लेख बिलकुल नहीं किया जिन्हें उसने बौद्ध धर्मका प्रचार करने के लिये विदेशोंमें भेजा था । बौद्ध संघमें फूटको रोकनेके लिये उसके राज्यकालमें तथा उसकी राजधानीमें बौद्ध नेताओंकी जो सभा हुई थी उसका उल्लेख भी इस सिंहावलोकनमें नहीं मिलता । संभव है कि यह सभा सप्त स्तम्भ लेखोंके प्रकाशित होनेके बाद की गयी हो । पर विदेशोंमें बौद्ध धर्मका प्रचार करने वाले जिन बौद्ध भिक्षुओंका हाल चतुर्दश शिला लेखोंमें मिलता है उनका ज़िक्र इस सिंहावलोकनमें क्यों नहीं किया गया यह समझमें नहीं आता । इस बातके स्वीकार करनेमें कोई आपत्ति नहीं हो सकती कि बौद्ध नेताओंकी एक सभा अशोकके समयमें हुई थी क्योंकि बहुत सी दन्त-कथायें इस सभाके बारेमें प्रचलित हैं । मालूम पड़ता है कि सारनाथका स्तम्भलेख जिसमें स्पष्ट शब्दोंमें लिखा है

कि "जो भिक्षुकी या भिक्षुक संघमें फूट डालेगा वह सफ़ेद कपड़ा पहिना कर उस स्थानमें रख दिया जायगा जो भिक्षुओंके लिये उचित नहीं है" इस सभाके निश्चयके अनुसार प्रकाशित किया गया था। विन्सेन्ट स्मिथ साहबका मत है कि यह सभा अशोकके राज्यकालके अंतिम १० वर्षोंमे किसी समय हुई होगी।

अशोकका साम्राज्य कितनी दूर तक फैला हुआ था यह प्रायः निश्चित रूपसे कहा जा सकता है। उत्तर-पश्चिमकी ओर अशोक का साम्राज्य हिन्दूकुश पर्वत तक फैला हुआ था और उसमें अफ़ग़ानिस्तानका अधिकतर भाग तथा कुल बलुचिस्तान और सिन्ध शामिल था। सुवात (या स्वात) और बाजौरमें भी कदाचित् अशोकके अफ़सर रहते थे। कश्मीर और नैपाल तो अवश्यमेव साम्राज्यके अंग थे। अशोकने कश्मीरकी घाटीमें श्रीनगर नामकी एक नई राजधानी बसाई। प्राचीन श्रीनगर वर्तमान श्रीनगरसे थोड़ीही दूर पर है। नैपालकी घाटीमें भी उसने पुरानी राजधानी मञ्जुपाटनके स्थान पर पाटन, ललितापाटन या ललितपुर नामक एक नगर बसाया जो वर्तमान राजधानी काठमण्डूसे दक्षिण-पूर्वकी ओर ढाई मीलकी दूरी पर अब तक स्थित है। उसने इस नगरको ईसवी सन्के पूर्व २५० या २४९ तदनुसार विक्रमीय संवत्के पूर्व १९३ या १९२ में नैपाल-यात्राके स्मारक में बनवाया था। उसके साथ नैपालमें उसकी लड़की चारुमती भी गयी थी जो अपने पिताके लौट आनेके बाद बौद्ध सन्यासिनी होकर वहीं रहने लगी। अशोक ललितापाटनको बड़ा पवित्र स्थान समझता था। वहां उसने ५ बड़े बड़े स्तूप बनवाये जिनमेंसे एक तो नगरके मध्यमें और बाकी चार नगरके

चारों कोनों पर थे। ये सब स्मारक अबतक स्थित हैं और हालमें बने हुए स्तूपों और मंदिरोंसे बिलकुल भिन्न हैं।

पूरबकी ओर गंगाके मुहानेतक समस्त वंग या बंगाल प्रान्त अशोक साम्राज्यमें शामिल था। गोदावरी नदीके उत्तरमें समुद्रके किनारेका वह हिस्सा जो कलिंग के नामसे प्रसिद्ध था ईसवी सन्के पूर्व २६१ तदनुसार वि॰ पू॰ २०४ में जीत कर मिला लिया गया। दक्खिनमें गोदावरी और कृष्णा नदीके बीचवाला प्रान्त अर्थात् आन्ध्र देश मालूम पड़ता है, मौर्य साम्राज्यके नीचे एक संरक्षित राज्य था और उसका शासन वहींके राजा करते थे। दक्षिण पूर्वमें उत्तरी पेनार नदी अशोकके साम्राज्यकी सीमा समझी जा सकती है। भारतवर्षके बिल्कुल दक्षिणमें चोल और पांड्य नामके तामिल राज्य तथा मलाबारके किनारेपर केरल-पुत्र और सत्यपुत्र नामके राज्य अवश्यमेव स्वतंत्र थे। इसलिए साम्राज्यकी दक्खिनी सीमा पूर्वी किनारे पर नीलौरके पास उत्तरी पेनार नदीके मुहानेसे ल॰॰ कर पश्चिमी किनारे पर मंगलौरके पास कल्याणपुरी नदी तक थी।

पश्चिमोत्तर सीमामें तथा विन्ध्याचल पर्वतके जंगलोंमें जो जंगली जातियाँ रहती थीं वे कदाचित् मौर्य साम्राज्यके आधिपत्यमें स्वयं शासन करती थीं। इस लिये मोटे तौर पर हिन्दूकुशके नीचे अफ़ग़ानिस्तान, बलूचिस्तान, सिन्ध, कश्मीर, नैपाल, दक्खिनी हिमालय और (दक्खिनमें थोड़ेसे भागको छोड़ कर) कुल भारतवर्ष अशोकके साम्राज्यमें शामिल था।

पांचवां अध्याय।

अशोकके स्मारक और लेख।

अशोकने बहुत सी इमारतें, स्तूप और स्तम्भ बनवाये। ऐसा कहा जाता है कि तीन वर्षके अन्दर उसने ८४ हज़ार स्तूप निर्माण कराये। जब ईसवी सन्‌की पाँचवीं शताब्दिके प्रारम्भमें चीनी बौद्ध यात्री फाहियान पाटलिपुत्रमें आया था तो अशोक का राजमहल उस समय भी खड़ा हुआ था और लोगोंका विश्वास था कि वह देव दानवोंके हाथसे रचा गया था। अब उसकी ये सब इमारतें लोप हो गयी हैं और उनके भग्नावशेष गंगा और सोन नदियोंके पुराने पाटके नीचे दबे पड़े हैं। आजकल उन पर पटना और बाँकीपुरके शहर बसे हुए हैं। अशोकके समयके कुछ स्तूप मध्य भारतमें साँची और उसके आस पास हैं। ये स्तूप अब तक सुरक्षित हैं और उज्जैनसे बहुत दूर नहीं हैं जहां अशोक राजगद्दी पर आनेके पहिले पश्चिमी प्रान्तका शासक रह चुका था। साँचीके प्रधान स्तूपके चारों ओर पत्थरका जो घेरा (परिवेष्टन) तथा पत्थरके जो फाटक हैं वे कदाचित् अशोककी आज्ञासे बनवाये गये थे। इसमें कोई सन्देह नहीं कि वे अशोकके बहुत बादके नहीं हैं। अशोकने गयाके पास बराबर नामकी पहाड़ीमें आजीवक नामके तपस्वियोंके लिये गुफायें खुदवायीं थी जिनकी दीवारें बहुत ही चिकनी और साफ़ सुथरी हैं। आजीवकों का सम्प्रदाय बहुत प्राचीन था। वे जैन तथा बौद्ध दोनोंसे भिन्न थे।

अशोक के बनवाये हुए स्मारकोंमें उसके पत्थर पर खुदे हुए लेख सबसे विचित्र और महत्वके हैं। कुल मिला कर उसके लेख ३० से अधिक होंगे जो चट्टानों, गुफाकी दीवारों और स्तम्भों पर खुदे हुए मिलते हैं। इन्हीं लेखोंसे अशोकके इतिहासका सच्चा पता लगता है। लेख लगभग कुल भारत वर्षमें हिमालयसे लगा कर मैसूर तक और बंगालकी खाड़ीसे लगा कर अरब-सागर तक फैले हुए हैं। अशोकके लेखोंकी भाषा संस्कृत तथा लंकाके बौद्ध ग्रन्थोंकी पाली भाषासे बहुत कुछ मिलती जुलती है। ये लेख ऐसे स्थानोंमें खुदवाये गये थे जहां लोगोंका आवागमन अधिक होता था पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्तके दो स्थानों पर चतुर्दश शिलालेख खरोष्ठी अक्षरोंमें हैं जिनका प्रचार उन दिनों वहां था। खरोष्ठी अक्षर अरबी या उर्दू लिपिकी तरह दाहिनी ओरसे बांई ओरको लिखे जाते थे और प्राचीन एरमेइक (Aramaic) लिपिसे निकले थे। विक्रम पूर्व पाँचवी और चौथी शताब्दियोंमें फ़ारसका अधिकार पंजाबमें होनेसे खरोष्ठी लिपिका प्रचार पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्तमें हुआ होगा बाकी और लेख प्राचीन ब्राह्मी लिपि में खुदे हुए मिलते हैं। प्राचीन ब्राह्मी लिपि वही है जिससे देव नागरी तथा उत्तरी और पश्चिमी भारतकी वर्त्तमान लिपियां निकली हैं और जो बांई ओरसे दाहिनी ओर को लिखी जाती है।

अशोकके लेख समयके अनुसार निम्नलिखित ८ भागोंमें बाँटे जा सकते हैं*:—

---

* समयके अनुसार लेखोंका यह विभाग सेना, टामस और विन्सेण्ट स्मिथके मतके अनुसार किया गया है। पर कुछ विद्वानोंने इस समय विभागको स्वीकार नहीं किया है।

(१) लघु शिला लेखः—जिनमेंसे प्रथम लघु शिलालेख उत्तरी मैसूरमें सिद्धपुर, जतिंग रामेश्वर और ब्रह्मगिरि तथा शाहाबाद ज़िलेमें सहसराम, जबलपुर ज़िलेमें रूपनाथ और जयपुर रियासतमें बैराट और निज़ामकी रियासतमें मास्की इन सात स्थानोंमें पाया जाता है। प्रथम लघु शिलालेख इन सब स्थानोंमें कदाचित् अशोकके राज्यकालके १३ वें वर्षमें अर्थात् विक्रमीय संवत्के पूर्व २०० में खुदवाया गया था। यह लेख चतुर्दश शिला लेखोंसे कुछ पहिलका है। द्वितीय लघु शिलालेख प्रथम लघु शिलालेखसे कुछ बादका है। द्वितीय लघु शिलालेख केवल उत्तरी मैसूरके तीन स्थानोंमें प्रथम लघु शिलालेखके नीचे लिखा हुआ मिलता है।

प्रथम लघु शिलालेखका अर्थ लगानेमें जितनी कठिनता विद्वानोंको हुई उतनी कठिनता अशोकके किसी और लेखके सबन्धमें नहीं हुई यह कठिनता अब धीरे २ हल हो रही है और अब यह निश्चित रूपसे सिद्ध हो गया है कि प्रथम लघु शिलालेखमें तारीख़ नहीं दी हुई है। अशोककी जीवनीका कुछ हाल प्रथम लघु शिलालेखसे मालूम होता है, इससे ऐतिहासिक दृष्टिसे यह शिलालेख बड़े महत्वका है। द्वितीय लघु शिलालेखमें केवल अशोकके धर्म्म या धर्मका संक्षिप्त सारांश दिया गया है।

(२) भाब्रू शिलालेखः—जो जयपुर रियासतमें बैराटके पास एक पहाड़ीकी चट्टानमें खुदा हुआ था और आजकल कलकत्तेमें रक्खा हुआ है लगभग उसी समयका है जिस समयका प्रथम लघु शिलालेख है। इस शिलालेखका महत्व इस बातमें है कि इसमे बौद्ध ग्रंथोंके उन सात स्थलोंका हवाला दिया गया है जिन्हें अशोक इस योग्य

समझता था कि लोग उनकी ओर विशेष ध्यान दें। सातों स्थलोंका पता अब बौद्ध धर्मके ग्रंथोंमें लग गया है। जिस समय अशोकने इस शिलालेखको खुदवाया था उस समय वह कदाचित् वैराटके किसी संघारामममें रहता था।

(३) चतुर्दश शिलालेखः—सात अलग अलग स्थानोंमें पाये जाते हैं और मोटे तौर पर अशोकके राज्यकालके १३ वें और १४ वें सालमें अर्थात् विक्रमीय संवत्के पूर्व २०० या १९९ में खुदवाये गये थे। ये शिला लेख निम्नलिखित स्थानोंमें पाये जाते हैं, यथा :—(१) शाहबाजगढी जो पेशावरसे ४० मील दूर उत्तर-पूर्वमें है (२) मानसेरा जो पंजाबके हज़ारा ज़िलेमें है (इन दोनों स्थानों पर शिलालेख खरोष्ठी लिपिमें हैं) (३) कालसी जो मंसूरीसे १५ मील पश्चिम की ओर है (४) सोपारा जो बम्बईके पास थाना ज़िलेमें है (५) गिरनार पहाड़ी जो काठियावाड़में जूनागढ़के पास है (६) धौली जो उड़ीसाके कटक ज़िलेमें है (७ जौगड जो मदरासके गंजाम ज़िलेमें है। पिछले दो स्थान कलिंग देशमें हैं। दो अतिरिक्त शिला लेख जो "कलिंग शिलालेख" के नामसे कहे जाते हैं धौली और जौगढ़के चतुर्दश शिला-लेखोंमें परिशिष्टके समान बादको जोड़ दिये गये थे।

चतुर्दश शिलालेखोंमें अशोकके शासन और धर्म्मके सिद्धान्तोंका वर्णन किया गया है। हर एक शिलालेख अलग अलग विषयके बारेमें है। ये शिलालेख मौर्य साम्राज्यके दूरवर्त्ती सीमा-प्रान्तोंमें सात भिन्न २ स्थानोंमें थे। भिन्न २ स्थानोंमें ये लेख कुछ भिन्न २ रूपमें पाये जाते हैं। कहीं कहीं चौदहों लेख पूरे नहीं मिलते। कुछ वर्षोंके बाद ऐसे ही लेख अशोकने स्तम्भों पर भी पाटलिपुत्रके पास वाले प्रान्तोंमें खुदवाये।

(४) दो कलिंग शिलालेखः—कदाचित् अशोकके राज्यकाल के १४ वें या १५ वें वर्षमें अर्थात् विक्रमीय संवत्के पूर्व १९९ या १९८ में खुदवाये गये थे। ये दोनों लेख नये जीते हुए कलिंग प्रान्तके शासनके बारेमें हैं। दोनों शिला लेख धौली और जौगढ़के चतुर्दश शिलालेखोंके परिशिष्टके समान हैं और बादको उनमें जोड़े गये थे। इन दोनों शिलालेखोंमें यह बतलाया गया है कि नये जीते हुए कलिंग प्रान्त और उसकी सीमामें रहने वाली जंगली जातियोंका शासन किस प्रकार होना चाहिये।

(५) तीन गुहालेख :—जो गयाके पास बराबर की पहाड़ी में हैं और अशोकके राज्यकालके १३ वें और २० वें वर्षमें अर्थात् विक्रमीय संवत्के पूर्व २०० तथा १९३ में खुदवाये गये थे।

इन गुहा लेखोंमें लिखा हुआ है कि राजा प्रियदर्शीने राज्याभिषेकके १२ वर्ष बाद ये गुफायें आजीविकोंको दीं। आजीविक लोग नग्न फिरा करते थे और अपनी कठोर तपस्याके लिये प्रसिद्ध थे। इन गुहालेखोंसे निश्चित रूपसे सिद्ध हो जाता है कि अशोक दूसरे सम्प्रदायोंकी भी सहायता और प्रतिष्ठा करता था।

(६) दो तराई स्तम्भलेखः—जो नेपालकी सरहदमें रुम्मिनदेई ग्राम तथा निग्लीव ग्राममें हैं। इनका समय विक्रमीय संवत्के पूर्व १९३ माना जाता है अर्थात् ये लेख अशोकके राज्य-कालके २१ वें सालमें खुदवाये गए थे।

तराईके दो स्तम्भ लेख यद्यपि बहुत ही छोटे हैं तथापि कई कारणोंसे बड़े महत्वके हैं। उनके महत्वका एक कारण यह है कि उनसे यह बात निश्चित हो आती है कि अशोकने

बौद्ध धर्मके पवित्र स्थानोंकी यात्रा की थी। रुम्मिनदेईके स्तम्भलेखसे उस प्रसिद्ध लुम्बिनी वनका ठीक ठीक पता लग जाता है जहां भगवान् बुद्धने जन्म लिया था। निग्लीवके स्तम्भ लेखमें यह पता लगता है कि अशोककी भक्ति केवल गौतम बुद्ध ही पर नहीं बल्कि पूर्वकालके बुद्धों पर भी थी। इन दोनों स्तम्भ लेखोंसे यह भी पता लगता है कि नेपालकी तराई भी अशोकके साम्राज्यमें सम्मिलित थी।

(७) सप्त स्तम्भलेखः—अशोकके राज्यकालके २७वें और २८ वें सालमें अर्थात् विक्रमीय संवत्के पूर्व १८६ में खुदवाये गये थे और निम्नलिखित ६ स्तम्भोंमें पाये जाते हैं यथाः- दो दिल्लीके स्तम्भ जिनमेंसे एक अंबालाके पास टोपरा स्थानसे और दूसरा मेरठसे दिल्लीमें लाया गया था; इलाहाबादका एक स्तम्भ जो क़िलेके अन्दर है; लौडिया अरराज लौढियानन्दन गढ़ और रामपुर के तीन स्तम्भ जो तिरहुतके चंपारन ज़िलेमें हैं।

लग भग तीस वर्षों तक राज्य करनेके बाद अपने जीवनके अंतिम भागमें अशोकने सप्त स्तम्भलेख खुदवाये। जिन बातोंका वर्णन चतुर्दश शिलालेखमें किया गया था वही बातें सप्त स्तम्भलेखोंमें भी दुहरायी गयी हैं। इसलिये सप्त स्तम्भलेखोंको एक प्रकारसे चतुर्दश शिलालेखोंका परिशिष्ट समझना चाहिये। सप्त स्तम्भलेखोंमें क्रमसे उन सब उपायोंका वर्णन किया गया है जिन्हें अशोक अपने दीर्घ राज्य-कालमें धर्म्मका प्रचार करनेके लिये काममें लाये थे।

(८) लघु स्तम्भ लेखः—सारनाथ, कौशाम्बी और साँचीमें पाये जाते हैं और अशोकके राज्यकालके २६ वें से लेकर ३८ वें वर्ष तकमें अर्थात् विक्रमीय संवत्के पूर्व १८४ से लेकर १७५

तकमें खुदवाये गये थे । कौशाम्बी वाला स्तम्भलेख भी उसी स्तम्भमें खुदा हुआ है जो प्रयागके क़िलेमें है और जो कदाचित् पहिले कौशाम्बीमें था ।

लघु स्तम्भलेखोंका महत्व तब तक लोगोंकी समझमें नहीं आया था जब तक कि (संवत् १६६२ सन् १६०५) में सारनाथके लघु स्तम्भ-लेखका पता नहीं लगा था (संवत् १६६२ सन् १६०५) में जब सारनाथके लघु स्तम्भलेखका पता लगा तो मालूम हुआ कि साँची और कौशाम्बीके स्तम्भलेख सारनाथके स्तम्भलेखके केवल दूसरे रूप हैं । साँची, कौशाम्बी और सारनाथ इन तीनों स्थानोंके स्तम्भलेखोंमें लिखा है कि जो भिक्षुकी या भिक्षुक संघमें फूट डालेगा वह संघसे अलग कर दिया जायगा । ऐसा मालूम पड़ता है कि अशोकके समयमें बौद्ध धर्म्मकी जो सभा फूटको रोकनेके लिये हुई थी उसीके निश्चयके अनुसार ये तीनों लेख निकाले गये थे । रानीका लेख उसी स्तम्भमें खुदा हुआ है जो प्रयागके किलेके अंदर है; इस लेखमें अशोककी दूसरी रानी कारुवाकीके दानका उल्लेख है ।

ऊपर अशोकके लेखोंका जो सारांश दिया गया है उससे पाठकोंको मालूम हो गया होगा कि अशोकके लेख कितने महत्वके हैं और अशोकका इतिहास जाननेके लिये वे कितने आवश्यक हैं ।

छठवां अध्याय

"धम्म" और उसका प्रचार।

ऐसा विश्वास किया जाता है कि प्रारम्भमें अशोक ब्राह्मणोंका अनुयायी और शिवका परम भक्त था। उन दिनों प्राणि-वध करनेमें उसे कोई हिचक न होती थी। सहस्रों प्राणी उत्सवों पर मांसके लिये वध किये जाते थे. पर ज्यों ज्यों बौद्ध धर्मका प्रभाव उस पर पड़ने लगा त्यों त्यों वह प्राणि-वधको घृणा की दृष्टिसे देखने लगा। अन्तमें प्राणि-वध उसने बिलकुल ही उठा दिया। अशोकने अपने प्रथम चतुर्दश शिलालेखमें लिखा भी है:—"देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा अशोककी पाकशालामें पहिले प्रतिदिन कई सहस्र प्राणी सूप (शोरवा) बनाने के लिये वध किये जाते थे पर अबसे जब कि यह धर्मलेख लिखा जा रहा है केवल तीन ही प्राणी मारे जाते हैं अर्थात् दो मोर और एक मृग, पर मृगका मारा जाना निश्चित नहीं है; ये तीनों प्राणी भी भविष्यमें न मारे जायंगे।"

उक्त शिलालेख खुदवानेके दो वर्ष पहिले अर्थात् विक्रमीय संवत्के पूर्व २०२ में अशोकने शिकार खेलनेकी प्रथा उठा दी थी। यह एक नयी बात अशोकने की थी। चन्द्रगुप्तके ज़मानेमें शिकार खेलनेका बड़ा रिवाज़ था। वह बड़े धूमधामके साथ शिकार खेलनेके लिये निकलता था। अशोकने इसके संबन्धमें अष्टम शिलालेखमें इस प्रकार लिखा है:—"पहिलेके ज़मानेमें राजा लोग विहारयात्राके लिये निकलते थे। इन

यात्राओंमें मृगया (शिकार) और इसी प्रकारकी दूसरी आमोद प्रमोदकी बातें होती थीं। पर प्रियदर्शी राजाने अपने राज्याभिषेकके १० वर्ष बाद बौद्धमतका अनुसरण किया। तभीसे उसने विहारयात्राके स्थानपर धर्मयात्राकी प्रथाका प्रारंभ किया। धर्मयात्रामें श्रमणों, ब्राह्मणों और वृद्धोंका दर्शन किया जाता है, उन्हें सुवर्ण इत्यादिका दान दिया जाता है, ग्रामोंमें जाकर धर्मकी शिक्षा दी जाती है और धर्मके संबन्धमें परस्पर मिलकर विचार किया जाता है।"

ज्यों ज्यों समय बीतता गया त्यों त्यों अशोकके हृदयमें अहिंसाका भाव जड़ पकड़ता गया। अन्तमें विक्रमीय संवत्के पूर्व १८६ में उसने जीव-रक्षाके संबन्धमें बड़े कड़े नियम बनाये। यदि किसी भी जाति या वर्णका कोई भी मनुष्य इन नियमोंको तोड़ता था तो उसे बड़ा कड़ा दण्ड दिया जाता था। कुल साम्राज्यमें इन नियमोंका प्रचार था। इन नियमोंके अनुसार कई प्रकारके प्राणियोंका वध बिलकुल ही बन्द कर दिया गया था। जिन पशुओंका मांस खानेके काममें आता था उनका वध यद्यपि बिलकुल तो नहीं बन्द किया गया तथापि उनके संबन्धमें बहुत कड़े कड़े नियम बना दिये गये, जिससे प्राणियोंका अन्धाधुन्ध वध होना रुक गया। सालमें ५६ दिन तो पशुवध बिलकुल ही मना था। अशोकके पंचम स्तंभलेखमें यह सब नियम स्पष्ट रूपसे दिये गये हैं। कौटिलीय अर्थशास्त्रके अधि० २ अध्या० २६ में भी प्राणिवधके बारेमें इसी तरहके कड़े नियम लिखे हुए मिलते हैं। पर अशोकके पंचम स्तंभलेखमें गोरक्षा या गाय न मारनेका कहीं भी उल्लेख नहीं है। हां, अर्थशास्त्रमें गोवधका बड़ा कड़ा निषेध किया गया है। अर्थशास्त्रके अनुसार

जो मनुष्य गोवधका अपराधी समझा जाता था उस पर ५० पणाका दण्ड लगाया जाता था। कई सरकारी कर्मचारी इस बातकी देखभाल करनेके लिये नियुक्त थे कि इन नियमोंका पालन ठीक ठीक होता है या नहीं।

"धम्म" का दूसरा सिद्धान्त, जिस पर अशोकने अपने शिलालेखमें बहुत ज़ोर दिया है, यह है कि मातापिता, गुरू और बड़े बूढ़ोंका उचित आदर करना बहुत आवश्यक है। इसी तरहसे अशोकने इस बात पर भी ज़ोर दिया है कि बड़ोंको अपनेसे छोटों, सेवकों, भृत्यों तथा अन्य प्राणियोंके साथ दयाका बर्त्ताव करना चाहिये। अर्थशास्त्रके अधिकरण ३ अध्याय १३ तथा १४ में दास, भृत्य और सेवकोंके बारेमें इसी तरहके नियम बड़े विस्तारके साथ दिये गये हैं। अर्थशास्त्रके अनुसार दास और भृत्यके साथ क्रूरताका व्यवहार करनेसे बड़ा कड़ा दण्ड दिया जाता था। अर्थशास्त्रमें यह नियम साधारण तौर पर दिया गया है कि "नत्ववार्यस्य दासभावः" अर्थात् कोई भी आर्य दास या गुलाम नहीं बनाया जा सकता। मेगास्थनीज़ने भी अपने भारत-वर्णनमें लिखा है कि भारतवासियोंमें गुलामीकी प्रथा न थी।

अशोकके 'धम्म" के अनुसार मनुष्यका तीसरा प्रधान कर्त्तव्य यह है कि वह सदा सत्यभाषण करे। सत्य-भाषण पर भी अशोकके लेखोंमें ज़ोर दिया गया है।

अहिंसा, बड़ोंका आदर और सत्यभाषण अशोकके ये तीनों सिद्धान्त, जो " धम्म " के सिद्धान्त हैं, द्वितीय लघुशिलालेखमें संक्षेपके साथ दिये गये हैं। उस शिलालेखको हम पूराका पूरा यहां पर उद्धृत कर देते हैं:—

"देवताओंके प्रिय इस तरह कहते हैं:—माता और पिताकी सेवा करनी चाहिये। प्राणियोंके प्राणोंका आदर दृढ़ताके साथ करना चाहिये (अर्थात् जीवहिंसा न करनी चाहिये)। सत्य बोलना चाहिये। "धम्म" के इन गुणों का प्रचार करना चाहिये। इसी प्रकार विद्यार्थीको आचार्यकी सेवा करनी चाहिये और अपने जाति भाइयोंके साथ उचित बर्ताव करना चाहिये। यही प्राचीन धर्मकी रीति है, इससे आयु बढ़ती है और इसीके अनुसार मनुष्यको आचरण करना चाहिये।"

इन प्रधान कर्त्तव्योंके अतिरिक्त अशोकने अपने शिलालेखोंमें कई छोटे छोटे कर्त्तव्यों पर भी ज़ोर दिया है। इनमेंसे एक कर्त्तव्य यह था कि दूसरोंके धर्म और विश्वासके साथ सहानुभूति करनी चाहिये तथा दूसरोंके धर्म और अनुष्ठानको घृणाकी दृष्टिसे कभी न देखना चाहिये। द्वादश शिलालेख विशेष करके इसी विषयके बारेमें है। उसमें लिखा है:—"देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी विविध दान और पूजासे गृहस्थ तथा संन्यासी सब संप्रदाय वालोंका सत्कार करते हैं। किन्तु देवताओंके प्रिय दान या पूजाकी इतनी परवाह नहीं करते जितनी इस बातकी कि सब संप्रदायोंके सारकी वृद्धि हो। सम्प्रदायोंके सारकी वृद्धि कई प्रकारसे होती है, पर उसकी जड़ वाक्-संयम है अर्थात् लोग केवल अपने ही संप्रदायका आदर और दूसरे संप्रदायकी निन्दा न करें।"

लोगोंमें "धम्म" के सिद्धान्तोंका प्रचार करनेके लिए अशोकने अपने कुल छोटे बड़े कर्मचारियोंको यह आज्ञा दे रक्खी थी कि वे दौरा करते हुए "धम्म" का प्रचार करें और इस बातकी कड़ी देखभाल रक्खें कि लोग सरकारी आज्ञाओंका

यथोचित पालन करते हैं या नहीं। तृतीय शिलालेख इसी विषयक सम्बन्धमें है। उसे हम यहां पर उद्धृत करते हैं:— "देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं:-मेरे राज्यमें सब जगह युक्त (छोटे कर्मचारी) रज्जुक (कमिश्नर) और प्रादेशिक (प्रान्तीय अफसर) पांच पांच वर्ष पर इस कामके लिये अर्थात् धर्मानुशासनके लिये तथा और और कामोंके लिये यह कहते हुए दौरा करें कि "माता पिताकी सेवा करना तथा मित्र, परिचित, स्वजातीय, ब्राह्मणों और श्रमणोंको दान देना अच्छा है। जीवहिंसा न करना अच्छा है। कम खर्च करना और कम संचय करना अच्छा है।"

अपने राज्याभिषेकके १३ वर्ष बाद अशोकने धर्म महामात्र नामक नये कर्मचारी नियुक्त किये। ये कर्मचारी समस्त राज्य-में तथा यवन, काम्बोज, गान्धार इत्यादि पश्चिमी सीमापर रहने वाली जातियोंके बीच धर्मका प्रचार और धर्मकी रक्षा करनेके लिए नियुक्त थे। धर्म-महामात्रोंकी पदवी बड़ी ऊंची थी और उनका कर्त्तव्य साधारण महामात्रोंके कर्त्तव्योंसे भिन्न था। धर्म-महामात्रोंके नीचे "धर्मयुक्त" नामक दूसरी श्रेणीके राजकर्मचारी भी धर्मकी रक्षा और धर्मका प्रचार करनेके लिये नियुक्त थे। ये धर्ममहामात्रोंके काममें हर प्रकारसे सहायता देते थे। स्त्रियां भी धर्म महामात्रके पद पर नियुक्तकी जाती थीं। स्त्री-धर्ममहामात्र अन्तःपुरमें स्त्रियोंके बीच धर्मका प्रचार और धर्मकी रक्षाका काम करती थी। पंचम शिलालेखमें धर्म महामात्रोंका कर्त्तव्य विस्तारके साथ दिया गया है। सप्तम स्तम्भलेखमें धर्म-महामात्रोंके एक और कर्त्तव्यका भी उल्लेख किया गया है। उसमें लिखा है:— "धर्म-महामात्र तथा अन्य दूसरे प्रधान कर्मचारी मेरी तथा

मेरा रानियोंकी दानकी हुई वस्तुओंकी देखभाल करनेके लिये नियुक्त हैं। वे पाटलिपुत्र तथा प्रान्तोंमें मेरे सब अन्तःपुर वालोंको यह बताते हैं कि किस किस अवसर पर कौन कौन सा दान करना चाहिये। वे मेरे पुत्रों और दूसरे राज-कुमारोंकी दानकी हुई वस्तुकी देखभाल करनेके लिये भी नियुक्त हैं, जिसमें कि धर्मकी उन्नति और धर्मका आचरण हो।"

अशोकने यात्रियोंके आराम और सुखका भी बड़ा अच्छा प्रबंध कर रक्खा था। सप्तम स्तम्भ-लेखमें इस प्रबन्धका बड़ा अच्छा वर्णन दिया गया है। उसका कुछ भाग हम यहां पर उद्धृत करते हैं:—"सड़कों पर भी मैंने मनुष्यों और पशुओंको छाया देनेके लिए बरगदके पेड़ लगवाये आम्रवाटिकाएं लगवायी, आठ आठ कोस पर कुएं खुदवाये सराएं बनवायी और जहां तहां पशुओं तथा मनुष्योंके उपकारके लिए अनेक पौंसले बैठाये।"

बीमार आदमियों और जानवरोंकी दवादारू का भी बड़ा अच्छा प्रबंध अशोकने कर रक्खा था। न केवल साम्राज्यके अन्दर बल्कि साम्राज्यके बाहर दक्षिणी भारत तथा पश्चिमोत्तर सीमाके स्वाधीन राज्योंमें भी अशोककी ओरसे मनुष्यों और पशुओंकी चिकित्साके लिये पर्याप्त प्रबन्ध था। इस प्रबन्धका वर्णन अशोकके द्वितीय शिलालेख में बहुत अच्छा दिया गया है। उसे हम यहां पर पाठकोंके लिये उद्धृत करते हैं:—"देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाके राज्यमें सब स्थानों पर तथा जो उनके पड़ोसी राज्य हैं वहां जैसे चोड, पाण्ड्य, सत्यपुत्र, केरलपुत्र, ताम्रपर्णी, अन्तियोक नामक यवन-राजके राज्यमें और जो उस अन्तियोकके पड़ोसी राजा हैं उन सबके राज्योंमें देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी

राजाने दो प्रकारकी चिकित्साका प्रबन्ध किया है, एक मनुष्योंकी चिकित्सा और दूसरी पशुओंकी चिकित्सा। ओषधियां भी मनुष्यों और पशुओंके लिये जहां जहां नहीं थीं वहां लायी और रोपी गयी हैं। इसी तरहसे कन्द मूल और फल फूल भी जहां जहां नहीं थे वहां वहां लाये और रोपे गये हैं।"

विक्रमीय संवत्के पूर्व २०० के लगभग अशोकने "चतुर्दश शिलालेख" खुदवाये। तेरहवें शिलालेखमें उन उन देशों और राज्योंका नाम मिलता है जहां जहां अशोकने धर्मका प्रचार करनेके लिये अपने दूत या उपदेशक भेजे थे। इस शिलालेखसे पता लगता है कि अशोकके राजदूत या धर्मोपदेशक निम्नलिखित देशोंमें धर्मका प्रचार करनेके लिये गये थेः-(१) मौर्य साम्राज्यके अन्तर्गत भिन्न भिन्न प्रदेश (२) साम्राज्यके सीमान्त-प्रदेश और सीमा पर रहने वाली यवन, काम्बोज, गान्धार, राष्ट्रिक, पितनिक, भोज, आन्ध्र, पुलिन्द, आदि जातियोंके देश (३) साम्राज्यकी जंगली जातियोंके प्रान्त (४) दक्षिणी भारतके स्वाधीन राज्य जैसे केरलपुत्र, सत्यपुत्र, चोड और पांड्य (५) सिंहल या लंका द्वीप (६) सीरिया, मिश्र, साइरीनी, मेसिडोनिया और एपिरस नामक पांच ग्रीक राज्य जिन पर क्रमसे अन्तियोक (Antiochos II, B. C. 261-246), तुरमय (Ptolomy Philadelphos, B. C. 285-247), मक (Magas, B. C. 285-258), अन्तिकिनि (Antigonos Gonatas B. C. 277-239) और अलिकसुन्दर (Alexander B. C. 272 258) नामके राजा राज्य करते थे। ईसवी सन्के पूर्व २५८ में अथवा विक्रमीय संवतके पूर्व २०१ में ये पांचो राजा एक साथ जीवित थे। इस लिये यह अनुमान किया जाता

है कि मोटे तौर पर विक्रम पूर्व २०१ में अशोकके राजदूत या धर्मोपदेशक धर्मका प्रचार करनेके लिये विदेशोंमें भेजे गये थे। इस तरहसे आप देख सकते हैं कि अशोकके धर्मोपदेशक न केवल भारतवर्षमें बल्कि एशिया, अफ्रिका और योरप इन तीनों महाद्वीपोंमें भी फैले हुए थे। सिंहल या लंकाद्वीप में जो धर्मोपदेशक भेजे गये थे उनके अगुआ सम्राट् अशोकका भाई महेन्द्र था। महेन्द्र यद्यपि राजकुमार था तथापि धर्मकी सेवा करनेके लिये उसने बौद्ध संन्यासीका जीवन ग्रहण किया था। आमरणान्त उसने लंकामें बौद्ध धर्मका प्रचार किया और वहांके राजा 'देवानां प्रिय तिष्य' और उसके सभासदोंको बौद्ध धर्मका अनुयायी बनाया। ऐसा कहा जाता है कि वहां महेन्द्रकी अस्थियां एक स्तूपके नीचे गाड़ी हुई हैं। लंकाके लोग उस स्तूपकी अबतक बड़ी प्रतिष्ठा करते हैं।

लंकाके महावंश नामक बौद्ध ग्रन्थमें भी उन देशोंकी सूची दी गयी है जहां अशोकने धर्म-प्रचारार्थ अपने दूत भेजे थे। पर उस सूचीमें दक्षिणी भारतके केरलपुत्र, सत्यपुत्र आदि स्वाधीन राज्योंका उल्लेख नहीं है। इसका कारण यह मालूम पड़ता है कि उन दिनों लंकावालों और दक्षिणी भारतके तामिल लोगोंमें बड़ा गहरा विरोध था। महावंश में यह भी लिखा है कि अशोकके दूत धर्म-प्रचारार्थ सुवर्णभूमि (बर्मा) में भी गये थे। पर शिलालेखोंमें सुवर्ण-भूमिका उल्लेख नहीं है। यदि अशोकने बर्मामें अपने दूतोंको भेजा होता तो शिला-लेखमें इसका वर्णन अवश्य किया होता।

अशोकने अपने धार्मिक प्रेम और उत्साहकी बदौलत बौद्ध धर्म को, जो पहले केवल एक छोटेसे प्रान्तमें सीमाबद्ध था, संसारका एक बड़ा धर्म बना दिया। गौतम बुद्ध के

जीवन-कालमें बौद्ध धर्म का प्रचार केवल गया, प्रयाग और हिमालयके बीच वाले प्रान्तमें था। जब बुद्ध भगवानका निर्वाण विक्रमीय संवत्के पूर्व लगभग ४२० में हुआ तो बौद्ध धर्म केवल एक छोटा सा सम्प्रदाय था। पर अशोककी बदौलत यह धर्म भारतवर्षकी सीमा डाक कर दूसरे देशोंमें भी फैल गया। यद्यपि यह धर्म अपनी जन्मभूमि अर्थात भारतवर्षसे अब बिलकुल लोप हो गया है पर लंका बर्मा तिब्बत, नेपाल, भूटान चीन और जापानमें इस धर्मका प्रचार अब तक बना हुआ है। यह केवल अशोकके धार्मिक उत्साहका परिणाम है। अशोक-का नाम सदा उन थोड़ेसे लोगोंमें गिना जायगा जिन्होंने अपनी शक्ति और उत्साहसे संसारके धर्ममें महान परिवर्त्तन किया है।

अशोकका स्वभाव और चरित्र उसके लेखोंसे झलक रहा है। लेखोंकी शैलीसे पता लगता है कि भाव और शब्द दोनों अशोकके ही हैं। उन लेखोंके शब्दोंसे अशोकके हार्दिक भाव प्रतिबिंबित हो रहे हैं। कलिंग-युद्धसे होने वाली विपत्तियोंको देख कर जो पश्चात्ताप अशोकको हुआ उसे कोई भी मंत्री अपने शब्दोंमें प्रकट करनेका साहस नहीं कर सकता था। उस पश्चात्तापकी भाषा अशोकको छोड़ कर और किसीकी नहीं हो सकती। अशोकके धर्म-लेखोंसे सूचित होता है कि उसमें न केवल राजनीतिज्ञता बल्कि संन्यासियोंकी सी पवित्रता और धार्मिकता कूट कूट कर भरी हुई थी। उसने अपने प्रथम लघुशिलालेख में इस बात पर जोर दिया है कि छोटे और बड़े हर एक मनुष्यको चाहिये कि वह अपने मोक्षके लिये उद्योग करे और अपने कर्मके अनुसार फलोंको भोगे। उसने अपने लेखोंमें बड़ोंका आदर,

दया, सत्य और सहानुभूति पर बड़ा ज़ोर दिया है और बड़ोंका अनादर, निर्दयता, असत्य और दूसरे धर्म तथा सम्प्रदायके साथ घृणात्मक बर्तावको बहुत धिक्कारा है। अशोक निस्सन्देह एक बड़ा मनुष्य था। वह एक बड़ा सम्राट् होते हुए भी बड़ा भारी धर्म-प्रचारक था सांसारिक और आत्मिक दोनों प्रकारकी शक्तियां उसमें विद्यमान थीं और उन शक्तियों-को वह सदा अपने एक[illegible] उद्देश अर्थात् धर्मके प्रचारमें लगानेका प्रयत्न करता था।

सातवां अध्याय।

अशोकके वंशज।

अशोककी कई रानियां थीं। कमसे कम दो रानियां तो अवश्य थीं, जिनके नामके आगे "देवी" की पदवी लगायी जाती थी। दूसरी रानी अर्थात् "कारुवाकी" का नाम उस लघु स्तम्भ-लेखमें आया है जो प्रयागके किलेके अन्दर एक स्तंभमें खुदा हुआ है। उस लेखमें यह भी लिखा है कि "कारुवाकी" तीवरकी माता थी। ऐसा मालूम पड़ता है कि दूसरी रानी अर्थात् कारुवाकीके साथ अशोकका विशेष प्रेम था। कारुवाकी कदाचित् ज्येष्ठ राजकुमारकी माता थी जो यदि जीवित रहता तो अवश्य राजगद्दी पर बैठता। पर ऐसा मालूम पड़ता है कि वह अशोकसे पहिले ही इस संसार से चल बसा।

बौद्ध दन्त-कथाओंसे सूचित होता है कि बहुत वर्षों तक अशोककी प्रधान महिषी "असन्धिमित्रा" थी। यह रानी बड़ी पतिव्रता और सती साध्वी थी। उसकी मृत्युके बाद अशोकने "तिष्यरक्षिता" नामकी एक दूसरी स्त्रीसे विवाह किया। कहा जाता है कि तिष्यरक्षिता अच्छे चरित्रकी न थी और राजाको बहुत दुःख देती थी। राजा उस समय वृद्ध हो चला था पर रानी अभी पूर्ण युवावस्थामें थी। यह भी कहा जाता है कि अशोककी एक दूसरी रानीसे कुनाल नामक एक पुत्र था। उस पर तिष्यरक्षिता प्रेमासक्त हो गयी। जब

उसने कुनालसे अपनी अभिसन्धि प्रकटकी तो उसे अपनी सौतेली माके इस घृणित प्रस्ताव पर बड़ा ही खेद हुआ। उसने उस प्रस्तावको बिलकुल अस्वीकार किया। इस पर रानीने मारे क्रोधके राजकुमारको धोखा देकर उसकी आंखे निकलवा लीं।

यह नहीं कहा जा सकता कि यह दन्त-कथा कहां तक ठीक है। यह भी निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता कि अशोकके कुनाल नामका कोई राजकुमार था या नहीं। अस्तु पुराणोंमें अशोकके बाद उसके पौत्र दशरथका नाम आता है। नागार्जुनि पहाड़ीमें दशरथका जो गुहालेख है उससे भी पता लगता है कि दशरथ नामका एक वास्तविक राजा था। इससे यही सिद्ध होता है कि अशोकके बाद उसका पौत्र दशरथ साम्राज्यका उत्तराधिकारी हुआ। दशरथके गुहालेखोंकी भाषा और लिपिसे यह सिद्ध होता है कि वह अशोकके बहुत बादका नहीं है। उसकी लेख-शैलीसे तो यह पता लगता है कि कदाचित् अशोकके बाद वही साम्राज्यका या कमसे कम उसके पूर्वीय प्रान्तोंका उत्तराधिकारी हुआ। यदि हम इस बातको मान लें तो दशरथका राज्यारोहण काल विक्रमीय संवत्के पूर्व १७५ में रक्खा जा सकता है। ऐसा मालूम पड़ता है कि उसका राज्य-काल बहुत दिनों तक नहीं था, क्योंकि पुराणोंमें वह केवल आठ वर्ष दिया गया है।

अशोकके सम्प्रति नामक एक दूसरे पौत्रका हवाला यद्यपि किसी शिलालेखमें नहीं मिलता तथापि उसका वर्णन बहुत सी दन्त-कथाओंमें आता है। जैन दन्त-कथाओंने भी सम्प्रतिको अशोकका पौत्र लिखा है। इससे मालूम पड़ता है कि संप्रति कपोल-कल्पित नहीं बल्कि एक वास्तविक व्यक्ति

था। कदाचित् अशोककी मृत्युके बाद ही मौर्य साम्राज्य दशरथ और सम्प्रति इन दोनोंमें बट गया, जिनमेंसे दशरथ पूर्वी प्रान्तोंका मालिक हुआ और सम्प्रति पश्चिमी प्रान्तोंका। पर इस मतके पोषणमें कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है।

पुराणोंके अनुसार मौर्य-वंशने १३७ वर्षों तक भारतवर्षमें राज्य किया। यदि हम इस मतको मानलें और चन्द्रगुप्तका राज्यकाल विक्रमीय संवत्के पूर्व २६५ से प्रारंभ करें तो हमें मानना पड़ेगा कि मौर्य-वंशका अन्त विक्रमीय संवत्के पूर्व १२८ में हुआ। निश्चित रूपसे केवल यह कहा जा सकता है कि जिस बड़े साम्राज्यकी नीव चन्द्रगुप्तने डाली थी और जिसकी उन्नति बिन्दुसार तथा अशोकके ज़मानेमें होती रही वह अशोकके बाद बहुत दिनों तक कायम न रह सका। मौर्य-साम्राज्यके पतनका एक बहुत बड़ा कारण कदाचित् यह था कि अशोकके बाद ब्राह्मणोंने इस साम्राज्यके विरुद्ध लोगोंको भड़काना शुरू किया। अशोकके ज़मानेमें ब्राह्मणोंका प्रभाव बहुत कुछ घट गया था क्योंकि वह बौद्धधर्मका अनुयायी होनेसे ब्राह्मणोंकी अपेक्षा बौद्धोंके साथ अधिक पक्षपात करता था। अशोकने यज्ञोंमें पशु-वधका होना भी बन्द करवा दिया था और उसके धर्म-महामात्र कदाचित् लोगोंको बहुत तंग करते थे जिससे लोगोंमें बड़ा असन्तोष फैला हुआ था। इसलिये ज्योंही अशोककी आंख मुंदी त्योंही ब्राह्मणोंका प्रभाव फिरसे जागृत होने लगा और मौर्य-साम्राज्यके विरुद्ध बलवा होना आरंभ हो गया। अशोकके जिन उत्तराधिकारियोंके नाम पुराणोंमें लिखे हुए मिलते हैं उनके अधिकारमें केवल मगध और आस पासके प्रान्त बच गये थे। अशोककी मृत्युके बादही सबसे पहिले आन्ध्र और कलिंग प्रान्त मौर्य-

साम्राज्यसे स्वाधीन हो गये। मौर्य-साम्राज्यका अन्तिम राजा बृहद्रथ था। वह बहुत ही कमज़ोर था। उसके सेनापति पुष्यमित्रने वि० पू० १२८ में उसे मारकर मौर्यसाम्राज्य-को अपने अधिकारमें कर लिया। उसने एक नये राजवंश-की नीव डाली जो इतिहासमें शुग-वंशके नामसे प्रसिद्ध है। इस तरहसे मौर्य साम्राज्यका अस्त भारतवर्षके इतिहासमें सदाके लिये हो गया।

आठवां अध्याय ।

मौर्यवंशके राजाओं और उनके संबन्धमें ऐतिहासिक घटनाओंकी समय-तालिका

विक्रमीय संवत् के पूर्व	घटनाएँ
२६९ या २६८	चन्द्रगुप्त मौर्यका युवावस्थामें सिकन्दरसे मिलना ।
२६६	सिकन्दरकी मृत्यु ।
२६६—२६५	ग्रीक-शासनके विरुद्ध बलवा होना और यूनानी सेनाका हिन्दुस्तानके बाहर निकाला जाना ।
२६५	चन्द्रगुप्त मौर्यका राज्यारोहण ।
२४८	सेल्यूकसका भारत पर आक्रमण ।
२४५	मेगास्थनीजका राजदूत बन कर चन्द्रगुप्तके दरबारमें आना ।
२४१	बिन्दुसारका राज्यारोहण ।
२१६	अशोकवर्द्धनका राज्यारोहण ।
२१२	अशोकका राज्याभिषेक ।
२०४	अशोकका कालिंग-युद्ध ।
२०२	शिकार खेलनेकी प्रथाका उठना और धर्म-प्रचारके लिये उपदेशक या राजदूतोंका साम्राज्यके भीतर और बाहर भेजा जाना ।

विक्रमीय संवत्के पूर्व	घटनाएँ
२००	प्रथम लघु शिलालेखका खुदवाया जाना।
२००—१९९	चतुर्दश शिलालेख तथा कलिंग-शिलालेखका खुदवाया जाना और धर्म-महामात्रोंका नियुक्त होना।
१९४ या १९३	धर्मप्रचारार्थ महेन्द्रका सिंहल द्वीप या लंका-के लिये प्रस्थान।
१९२	बौद्ध धर्मके पवित्र स्थानोंमें अशोककी यात्रा।
१८५	सप्त स्तंभ-लेखोंका प्रकाशित होना।
१८३—१७५	लघु स्तंभ-लेखोंका खुदवाया जाना।
१७१	अशोककी मृत्यु। उसका एक पोता दशरथ साम्राज्यके पूर्वीय प्रान्तोंका और कदाचित् दूसरा पोता सम्प्रति पश्चिमीय प्रान्तोंका सम्राट् हुआ।
१२८	मौर्यवंशके अन्तिम राजा बृहद्रथका अपने सेनापति पुष्यमित्रके हाथसे मारा जाना। इसके पश्चात् पुष्यमित्रके द्वारा शुंगवंशकी स्थापना।

द्वितीय खण्ड ।

अशोकके धर्म-लेख ।

प्रथम अध्याय

लघु शिला-लेख ।

[स०=सहसराम; रू०=रूपनाथ; बै०=बैराट]

रूपनाथका प्रथम लघु शिला-लेख

मूल

(१) देवानं पिये हेवं आहा [:—] सातिलेकानि अढातियानि वय सुमि पाका सवके[क] नो चु बाढि[ख] पकते[ग] [;] सातिलके चु छवछरे[घ] य सुमि हकं सघ उपेते

पाठान्तर

क. स० तथा बै० "उपासके" । ख. स० तथा बै० "बाढं" ।
ग. स० "लंते" । घ. स० "सद्वछले" ।

(२) वाढि चु पकते [।] यि इमाय कालाय जबुंदिपसि[च] अमिसा देवा हुसु ते दानि मिसा कटा [।] पकमासि हि एस फले [।] नो च ऐसा महतता[छ] पापोतवे [।] खुदकेन हि क-

(३) पि परुममिनेन[ज] सकिये पिपुले पि स्वगे आरोधवे[झ] [।] एतिय अठाय च सावने कटे खुदका च उडाला च पकमंतु[ट] ति [।] अता[ठ] पि च जानंतु इयं पकरव

(४) किति [?] चिरठितिके[ड] सियां [।] इय हि अठे वढि वढिसिति विपुल च वढिसिति, अपलधियेना दियढिय वढिसत [।] इय च अठे पवतिसु लेखापेत वालत हध च [।] अथि

(५) सिलाठुभे सिलाठंभासि लाखापतवयत [।] एतिना[ढ] च वयजनेना यावतक तुपक अहाले सवर विवसेतवायुति [।] व्युठेना[ण] सावने कटे २५६ स-

(६) तविवासा त [।]

च. स० 'जबुदीपसि अमिस देवा सता मुनिसा मिस देव"। छ. बै० "महतनेव"। ज. स० "कममीनेना"। झ. बै० "आलाधेतवे"। ट बै० "पलकमतु"। ठ. स० तथा बै० "अंता"। ड. स० "चिलठितिके"। ढ. "एतिना" से लेकर "विवसेतवायुति" तक जो वाक्य है वह स० तथा बै० में नहीं है। ण. स० "विवुथेन दुवे सपंनालातिसता विवुथाति २५६"।

संस्कृत-अनुवाद

देवानां प्रियः एवं आहः—सातिरेकाणि सार्धद्वयानि* वर्षाणि अस्मि अहं श्रावकः न तु वाढ़ं प्रकान्तः। सातिरेकः तु संवत्सरः यत् अस्मि संघं उपेतः वाढ़ं तु प्रकान्तः। ये अमुस्मै कालाय जंबूद्वीपे अमृषा देवाः अभूवन् ते इदानीं मृषा कृताः। प्रक्रमस्य हि इदं फलम्। न तु इदं †महत्तया [एव] प्राप्तव्यम्। क्षुद्रकेण हि केनापि प्रक्रममाणेन शक्यः विपुलोऽपि स्वर्गः आराधयितुम्। एतस्मै अर्थाय च श्रावणं कृतं क्षुद्रकाः च उदाराः च प्रक्रमन्तां इति। अन्ताः अपि च जानन्तु, अयं प्रक्रमः किमिति चिरस्थितिकः स्यात्। अयं हि अर्थः वर्धिष्यते, वाढ़ं वर्धिष्यते, विपुलं च वर्धिष्यते, अवराध्येन द्व्यर्धं वर्धिष्यते। इमं च अर्थं पर्वतेषु लेखयत परत्र इह च। सति शिलास्तंभे, शिलास्तंभे लेखितव्यः इति। एतेन च व्यंजनेन यावत्कः तावकः आहारः सर्वत्र विवासितव्यमिति। व्युष्टेन श्रावणं कृतं २५६ सत्र-विवासात्।

---

* राव साहेब प० कृष्ण शास्त्रीने इसे "अर्द्धतृतीयाणि" का अपभ्रंश माना है ("The new Asokan edict of Maski", Hyderabad Archaelogical series No, 1)

† "महात्मनैव" अथवा "महत्तैव"

हिन्दी—अनुवाद।

उद्योगका फल[1]।

देवताओंके प्रिय[2] इस तरह कहते हैं:—ढाई वर्षसे अधिक हुए कि मैं उपासक हुआ पर मैंने अधिक उद्योग नहीं किया, किन्तु एक वर्षसे अधिक हुए जबसे मैं संघमें आया हूँ

टिप्पणियां।

१ रूपनाथ वाला प्रथम लघु शिलालेख उत्तरी भारतके तीनों प्रथम लघु शिला-लेखोंमें सबसे अधिक सुरक्षित अवस्थामें है। उत्तरी भारतके बाकी दो लघु शिला लेख बैराट और सहसराममें हैं।

२ अशोकके और लेखोंमें 'पियदसि" अर्थात् प्रियदर्शी शब्द भी मिलता है। मास्कीके प्रथम लघु शिला-लेखको छोड़ कर और किसी लेखमें अशोकका नाम नहीं पाया जाता। पियदसि या प्रियदर्शी अशोकका दूसरा नाम नहीं बल्कि एक सम्मान सूचक पदवी थी। अष्टम शिला-लेखसे सूचित होता है कि "देवानं पिया" (बहुवचन) और "राजानो" (बहुवचन) एक ही अर्थमें प्रयुक्त हुए हैं अर्थात् 'देवानां प्रिय" अशोकका नाम नहीं बल्कि एक पदवी थी जिसे बौद्ध राजा अपने नामके पहले

लगाते थे (देखिये Indian Antiquary 1891 p. 231; J. R. A. S. 1901 p. 577) इसका अर्थ वही है जो अंगरेज़ोंमें "His Gracious Majesty" या "His Majesty" का है। अशोकके लेखोंमें "देवानं पिय पियदसि" के कई पाठान्तर पाये जाते हैं। किसी लेखमें केवल "देवानं पिय" किसीमें केवल "पियदसि राजा" किसीमें "राजा पियदसि" और किसी किसीमें पूरा "देवानं पिय पियदसि" मिलता है। बौद्ध साहित्यमें "देवानं पिय" का जो अर्थ है वही अर्थ संस्कृत साहित्यमें नहीं है। संस्कृतमें "देव-प्रिय" शब्दके निम्न लिखित कई अर्थ दिखलायी पड़ते हैं:—

(१) देवताओंके प्रिय अर्थात् महादेव (२) देवताओंका प्रिय अर्थात् उनका आहार (छाग या बकरा) (३) पशु-तुल्य या मूर्ख (४) गृह-त्यागी या संन्यासी। इनमेंसे पहले तीन अर्थ अशोकके लिये विशेषण रूपसे प्रयुक्त नहीं हो सकते। चौथा अर्थ भी बहुत अच्छा नहीं जंचता। पाणिनिका एक सूत्र "षष्ठ्या आक्रोशे" है। इस सूत्रका अर्थ यह है कि आक्रोश या घृणा प्रगट करनेमें षष्ठी विभक्तिका लोप नहीं होता। अलुक् समासके प्रकरणमें इस सूत्रका उदाहरण कात्यायनने इस प्रकार दिया है—"देवानां प्रिय इति च मूर्खे" अर्थात् देवानां प्रियका अर्थ मूर्ख है। भट्टोजी दीक्षितने इस पर अपनी सिद्धान्त-कौमुदीमें लिखा है कि "अन्यत्र देव प्रियः" अर्थात् मूर्खके अर्थमें "देवानां प्रियः" इस रूपमें अलुक् समास होता

तबसे मैंने अच्छी तरह उद्योग किया है । इस बीच जम्बूद्वीप[3] में जो देवता सच्चे माने जाते थे

है पर अन्यत्र अर्थात् साधु अर्थमें "देव-प्रियः" इस रूपमें षष्ठी तत्पुरुष समास हो जाता है । यदि "देवानं पिय" इस पदका पशुतुल्य अथवा मूर्ख राजा प्रियदर्शी अशोक यह अर्थ किया जाय तो उचित न होगा । अशोकके पौत्र दशरथने भी अपनेको "देवानं पिय" इस नामसे लिखा है । सिंहल या लंका देशका बौद्ध राजा तिष्य भी "देवानं पिय तिस्ये" इस नामसे विख्यात था । उसकी यह उपाधि इतनी प्रसिद्ध थी कि कात्यायनने अपने पाली व्याकरणमें उदाहरणके तौर पर लिखा है-"क्व गतासि त्वं देवानं पिय तिस्य" अर्थात् "देव-प्रिय तिष्य तुम कहां गये थे ।" अन्य तीन बौद्ध राजाओंने भी इस उपाधिको ग्रहण किया था । इससे स्पष्ट विदित होता है कि यह उपाधि उनके धर्म-गौरवकी सूचक थी । जिस प्रकार इंगलैण्डके राजा अपने नामके आगे " Defender of the Faith" (धर्म-रक्षक) यह उपाधि लगाते हैं उसी तरह बौद्ध राजा भी अपना धार्मिक गौरव प्रगट करनेके लिये "देवानां प्रियः" यह पदवी अपने नामके पहिले लिखते थे । ऐसा मालूम पड़ता है कि बादको बौद्ध धर्मके विद्वेषियोंने अपने लेखों और ग्रंथोंमें इन दोनों शब्दोंको निन्दासूचक अर्थमें प्रयोग करना आरम्भ किया ।

३ जम्बूद्वीपः—पुराणोंमें दिये गये एक महाद्वीपका नाम । यहां पर यह भारतवर्षके लिये प्रयुक्त हुआ है ।

वे अब झूठे सिद्ध कर दिये गये हैं[४] । यह उद्योगका फल है। यह (उद्योगका फल)

---

४ सिलवैं लेवी (Sylvain Levi) नामी एक फ्रांसीसी विद्वान्‌ने इस वाक्यका अर्थ इस प्रकार किया है—"इस बीच जम्बूद्वीपमें जो राजा अब तक (मनुष्योंके साथ) नहीं मिलते जुलते थे वे अब मिलने जुलने लगे हैं"। सिलवैं लेवी महाशय "देव" शब्दको देवताओंके अर्थमें नहीं बल्कि राजाओंके अर्थमें और "मिसा" शब्दको मृषा अर्थात् झूठेके अर्थमें नहीं बल्कि मिश्राः अर्थात् "मिल जुल गये" इस अर्थमें लेते है। उनका कहना है कि संस्कृत मृषाका प्राकृत अपभ्रंश मिसा नहीं बल्कि मुसा होता है और संस्कृत मिश्राः का अपभ्रंश मिसा होता है (देखो Journal Asiatique, Jan.-Feb., 1911) इस पर जर्मन विद्वान् हुल्श (Hultzsch) ने लिखा कि अशोकके लेखोंमें कहीं भी देव शब्द राजाके अर्थमें नहीं प्रयुक्त हुआ, इस लिये लघु शिला लेखोंमें जहां कहीं देव शब्द आता है वहां उसका अर्थ देवता होना चाहिये। अतएव हुल्श साहबने इस वाक्यका अर्थ इस प्रकार किया है—"इस बीच जम्बुद्वीपमें जो देवता अब तक मनुष्योंके साथ नहीं मिलते जुलते थे वे अब (मनुष्योंसे) मिलने जुलने लगे हैं" (देखो J R. A. S. 1911, p. 1114) फ़्लीट साहबने अपने एक लेखमें लिखा है कि इस वाक्यसे अशोकका कदाचित् यह तात्पर्य

केवल बड़े[5] ही लोग पा सकें ऐसी बात नहीं है, क्योंकि छोटे लोग भी उद्योग करें तो महान् स्वर्गका सुख पा सकते हैं। इस लिये यह अनुशासन लिखा गया[6] कि "छोटे और बड़े उद्योग करें"। मेरे पड़ोसी[7] राजा भी इस अनुशासनको जानें और मेरा उद्योग

रहा हो कि "अपने उद्योगसे जम्बूद्वीपको मैंने ऐसा आदर्श बौद्ध देश बना दिया है कि उसमें देवताओं और मनुष्योंमें कोई भेद नहीं रह गया है" (देखो J. R. A. S. 1911 p. 1100) श्रीयुत देवदत्त रामकृष्ण भंडारकरने जुलाई १९१२ के "इन्डियन ऐन्टिक्वेरी" में लिखा है कि अशोकका तात्पर्य इस वाक्यसे कदाचित् यह रहा हो कि "मैंने लोगोंको धर्म्मकी शिक्षा देकर पुण्यवान् और देवताओं-की तरह स्वर्गके अधिकारी बना दिया है जिससे देवता और मनुष्य एक दूसरेके तुल्य हो गये हैं" (देखो Indian Antiquary, 1912 p, 170)।

५ बड़े लोग जैसे कि अशोक।

६ लेखमें "कटे" अर्थात् "कृतम्" यह शब्द आया है पर ब्रह्मगिरि वाले लघु शिला-लेखमें "सावापिते" अर्थात् "श्रावितम्" यह शब्द दिया गया है। इस वाक्यमें जिस अनुशासनका उल्लेख किया गया है वह यहीं पर दे दिया गया है अर्थात्—"खुदका च उडाला च पकमंतु ति" अर्थात् "छोटे और बड़े उद्योग करें।

७ पड़ोसी राजा जैसे चोड़, पाण्ड्य, सत्यपुत्र, केरलपुत्र, ताम्रपर्णी (लंका) के राजा और अन्तियक (Antiochos)

चिरस्थित रहे। इस बातका विस्तार होगा और अच्छा विस्तार होगा, कमसे कम डेढ़[8] गुना विस्तार होगा। यह अनुशासन यहां[9] और दूरके प्रान्तोंमें पर्वतोंकी शिलाओं[10] पर लिखा जाना चाहिये; जहां कहीं शिलास्तंभ हो वहां यह अनुशासन शिलास्तम्भ पर भी लिखा जाना चाहिये। इस[11] अनुशासनके अनुसार जहां तक आप लोगोंका अधिकार हो वहां

आदि यवन राजा जिनका उल्लेख द्वितीय "चतुर्दश-शिलालेख" में किया गया है।

८ डेढ़ गुना अर्थात् बहुत अधिक। हिन्दीमें भी कहावत है "दिन दूना रात चौगुना"।

९ "यहां" अर्थात् पाटलिपुत्रके समीप वाले प्रान्तोंमें। "दूरके प्रन्तोंमें" जैसे कि दक्षि॰ण प्रान्तमें मैसूरके पास सिद्धपुर, जतिंग रामेश्वर और ब्रह्मगिरि इन तीन स्थानोंमें और निज़ामकी रियासतमें मास्की नामक स्थानमें लघु शिला-लेख पाये जाते हैं।

१० यह लेख सात स्थानोंमें शिलाओं पर खुदा हुआ मिलता है पर शिलास्तम्भमें खुदा हुआ यह लेख अभी तक कहीं भी नहीं मिला।

११ "इस अनुशासनके अनुसार जहां तक आप लोगोंका अधिकार हो वहां वहां आप लोग सर्वत्र इसका प्रचार करें" इस वाक्यका अर्थ सारनाथ वाले स्तम्भ-लेखसे स्पष्ट हो जाता है। इस वाक्यसे सूचित होता है कि यह लेख राज्यके अफ़सरोंको सम्बोधन करके लिखा गया था। मूलमें यह वाक्य इस प्रकार

वहां आपलोग सर्वत्र इसका प्रचार करें। यह[११] अनुशासन (मैंने) उस समय लिखा जब (मैं) प्रवास कर रहा था और अपने प्रवासके २५६ वें पड़ावमें था।

है:—"एतिना च वयजनेना यावतक तुपक अहाले सवर विवसेतवायु ति'। "एतिना वयजनेना" अर्थात् 'एतेन व्यंजनेन" का अर्थ है "इस व्यंजन अर्थात् अनुशासन या आज्ञाके अनुसार" और 'अहाले" का अर्थ है आहार अर्थात् भोग या भोजन अथवा "आयका द्वार" अर्थात् जहां जहां अधिकार हो और जहांसे कर मिलता हो (देखो Indian Antiquary 1908 p. 20-23)

१२ प्रथम लघु शिला-लेखके इस अंशका अर्थ भिन्न भिन्न विद्वानोंने भिन्न भिन्न रूपसे किया है। इस अंशके बारेमें इन विद्वानोंके मतोंको संक्षेपमें फ्लीट साहबने अपने एक लेखमें दे दिया है जो १९०४ के जे० आर० ए० एस० नामक पत्रिकामें छपा है (देखो J. R. A. S. 1904 p. 1-26) इस शिला लेखका यह अंश बड़े महत्वका है। "व्युठेना सावने कटे २५६ सतविवासात" इस वाक्यमें 'व्युठेना" और 'सत विवासा" इन दोनों शब्दोंके अर्थमें विद्वानोंका बड़ा मतभेद है। "व्युठेना" संस्कृत व्युष्टेन और "विवासा" संस्कृत विवासात्का अपभ्रंश है। व्युष्ट यह शब्द विपूर्वक वस् धातुमें क्त प्रत्यय लगानेसे सिद्ध होता है और विवास

शब्द विपूर्वक वस् धातुमें घञ् प्रत्यय लगानेसे बनता है। पहिले ब्युलर, फ़्लीट, आदि कई विद्वान् व्युष्टेनका अर्थ लगाते थे कि "जो चला गया हो अर्थात् बुद्ध"। अब प्रायः सब विद्वान् मानने लगे हैं कि व्युष्ट शब्दका अर्थ "विवासित" अथवा "प्रवासित" अथवा "प्रोषित" है और यह शब्द बुद्धके लिये नहीं बल्कि अशोकके लिये आया है। पहिले ब्युलर, फ़्लीट आदि विद्वान् विवासका अर्थ "बुद्ध भगवानका निर्वाण" करते थे अर्थात् उनके मतमें यह शिला-लेख बुद्ध-निर्वाणके २५६ वें सालमें लिखा गया किन्तु इस मतका पूरा पूरा खंडन आज कल हो गया है। टामस साहबने शिला लेखके इस अंशकी जो व्याख्या की है उससे इसका अर्थ बहुत कुछ साफ़ हो गया है। सहसराम वाले प्रथम लघु शिलालेखमें "दुवे सपंनालातिसता" अर्थात् 'द्वे षट्पञ्चाशे रात्रिशते" यह लिखा है। यहां पर रात्रिसे केवल रातका ही अर्थ नहीं बल्कि दिन और रात दोनोंका अर्थ लेना चाहिये। सहसराम वाले शिला-लेखके इस उद्धृत किये हुए अंशसे रूपनाथ वाले शिलालेखमें जो २५६ संख्या दी हुई है उसका अर्थ साफ़ हो जाता है अर्थात् "हमारे विवास या प्रवास की २५६ वीं रातको यह शिला-लेख लिखा गया"। "सत विवासा" में जो सत शब्द है उसके भिन्न २ दो अर्थ टामस साहबने किये हैं अर्थात् एक अर्थ "शत"=१००और दूसरा अर्थ "सत्र"= ठहरनेका स्थान या पड़ाव। इस लिये

की होगी; तभी वे सघम भी आये होंगे। इस प्रकारसे उन्होंने ८ मास १६ दिन पूरा होनेपर २५६ वीं रातको यह शिला-लेख लिखवाया होगा। अब प्रश्न यह होता है कि प्रव्रज्या ग्रहण करके महाराज अशोक कहां निवास करते थे। ब्रह्मगिरि और सिद्धपुरके लेखोंसे इस प्रश्नका समाधान हो जाता है। उन दोनों लेखोंमें सुवर्णगिरिका नाम आया है। इसी सुवर्णगिरिसे यह दोनों शिला-लेख प्रकाशित किये गये थे। ब्रह्मगिरि और सिद्धपुरके लेखोंसे पता लगता है कि राजपुत्र और महामात्योंने महाराज अशोककी ओरसे इन दोनों शिला-लेखोंको प्रकाशित किया था। इससे अनुमान किया जाता है कि महाराज अशोक इस समय राज-कार्य

"२५६ सत-विवासा" का अर्थ या तो "२५६ वें पड़ावसे" या "प्रवासके २५६ वे दिनको" यह होगा। (देखो Indian Antiquary 1908 p. 20-23; Journal Asiatique, 1910 p. 507-22) फ्लीट साहबका मत इससे बिल्कुल भिन्न है। उनका मत संक्षेपमें हम यहां पर लिखते हैं:—दीपवंश और महावंशमें लिखा है कि भगवान् बुद्धका निर्वाण होनेके २१८ वर्ष बाद महाराज अशोक राज-सिंहासन पर बैठे थे। यह भी एक प्रकार से सर्व-सम्मत है कि वे ३७ वर्ष तक मगधके सिंहासन पर स्थित थे। २१८ में ३७ जोड़नेसे २५५ होता है। बुद्ध-निर्वाणके २५५ सालके बाद सातवें या आठवें महीनेमें महाराज अशोकने राज-सिंहासन छोड़कर प्रव्रज्या ग्रहण

छोड़ कर सुवर्णगिरिके किसी संघमें रहते थे। कोई कोई विहार प्रान्तके वर्तमान सोनगिरिको प्राचीन सुवर्णगिरि कहते हैं। वर्तमान सोनगिरि बौद्धोंका तीर्थ-स्थान भी है। किसी समय इसी स्थानपर प्राचीन राजगृह नगर बसा हुआ था। संभव है पवित्र स्थान समझ कर महाराज अशोकने इसी जगह अपने जीवनका अवशिष्ट भाग बिताया हो और इसी सुवर्णगिरिसे अपने प्रवासकी २५६ वीं रातको रूपनाथ तथा सहसराम आदि स्थानोंमें शिला लेख प्रकाशित किये हों। किसी किसीका मत है कि यह सुवर्णगिरि विहारमें नहीं बल्कि दक्षिणमें किसी स्थानपर था। एक प्रश्न यह भी उठता है कि इस लेखमें २५६ वीं रात्रिका विशेष रूपसे उल्लेख करनेकी क्या आवश्यकता थी? इसका उत्तर यह है कि प्रवासकी २५६ वीं रात या २५६ वें दिनको बुद्ध भगवान्के निर्वाणसे २५६ साल बीत चुके थे। बुद्ध भगवान्के निर्वाणसे २५६ साल पूरे होनेकी वर्ष-गांठ मनानेके लिये अशोकने लघु शिला-लेख खुदवाये थे। इस लिये यह सिद्ध होता है कि इस शिला-लेखमें २५६ की संख्या इस बातकी सूचक है कि बुद्ध भगवान्का निर्वाण अशोकके २५६ साल पहिले हुआ था। (देखो J. R.A. S. 1910 p. 1301-8; 1911 p. 1091-1112)

हुल्श और फ़्लीट साहबका मत है कि इस लेखका 'व्युठेना" से लगाकर "सत विवासात" तक जो अंतिम वाक्य है

यह अशोकके लेखका अंश नहीं है बल्कि जिन राज-कर्मचारियोंके हाथमें इस लेखके लिखनेका काम सुपुर्द था उन्हीं लोगोंने लेखके अन्तमें इसे जोड़ दिया था, क्योंकि यह अंतिम वाक्य भी यदि अशोकका लिखा होता तो उसमें "मे" या "मया" अशोकने अवश्य लिख दिया होता। (देखो J. R. A. S. 1909. p730 ; p.994.)

अशोकने बौद्ध धर्मको अपने जीवनके प्रथम भागमें ग्रहण किया या अंतिम भागमें, इस विषय पर भी भिन्न २ विद्वानोंका भिन्न २ मत है। अशोकके लेखोंसे प्रमाण संग्रह करके कुछ विद्वानोंने सिद्ध किया है कि राज-सिंहासनपर आनेके नवम वर्षमें कलिंग-विजय कर लेनेपर महाराज अशोकने बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। दूसरे पक्षके विद्वानोंका मत है कि अशोकने अपने राज्यकालके शेष भागमें अर्थात् राज सिंहासनपर आनेके ३० या ३२ साल बाद बौद्ध मतका अवलम्बन किया था। सेना, टामस और विन्सेन्ट स्मिथका मत है कि अशोकने अपने राज्यकालके प्रथम भागमें बौद्ध धर्म ग्रहण किया। ब्युलर और फ़्लीट ऊपर लिखे हुए दूसरे मतके पोषक हैं।

ब्रह्मगिरिका प्रथम लघु शिला-लेख

[ब्र० = ब्रह्मगिरि; सि० = सिद्धपुर; ज० = जतिंग रामेश्वर]

मूल

(१) सुवंणगिरीते अयपुतस महामातांणं च वचनेन इसिलसि महामाता आरोगियं वतविया हेवं च वतविया [।] देवाणं पिये आणपयति[क] [।]

(२) अधिकानि अढातियानि वसानि य हकं.........नो तु खो बाढं पकंते हुसं [।] एकं सवछरं सातिरेके तु खो संवछरं

(३) यं मया संघे उपयीते बाढं च मे पकंते [।] इमिना चु कालेन अमिसा समाना मुनिसा जंबुदीपसि

पाठान्तर

क. सि० "हेवं आह" ।

(४) मिसा देवहि [।] पकमस हि इयं फले [।] नो हीयं सक्ये महात्पेनेव पापोतवे [।] कामं तु खो खुदकेनापि

(५) पकममिनेगा विपुले स्वगे सक्ये आराधेतवे [।] एतायठाय इयं सावणे सावापिते[ख] [।]

(६) ....महात्पा च इमं पकमेयुति अंता च मे जानेयु चिराठितीके च इयं

(७) प[कमे होतु] [।]इयं च अठे वढिसिति विपुलं पि च वढिसिति अवरीधया दियढियं

(८) [वढ़ि] सिति [।] इयं च सावणे सावपते व्यूथेन २५६ [।]

पाठान्तर

ख. मि० "साविते"।

संस्कृत-अनुवाद ।

सुवर्णगिरितः आर्यपुत्रस्य महामात्यानां च वचनेन इसिले महामात्याः आरोग्यं वक्तव्याः एवं च वक्तव्याः । देवानां प्रियः आज्ञापयति—अधिकानि अर्धतृतीयानि वर्षाणि यत् अहं [उपासकः अभवं] न तु खलु बाढं प्रक्रान्तः । अभूवं एकं संवत्सरं । सातिरेकः तु खलु संवत्सरः यत् मया संघः उपेतः । बाढं च मया प्रक्रान्तम् । अमुना तु कालेन अमृषा समानाः मनुष्याः जम्बूद्वीपे मृषा देवैः । प्रक्रमस्य हि इदं फलं । नहि इदं शक्यं महात्मनैव प्राप्तुम् । कामं तु खलु क्षुद्रकेणापि प्रक्रममाणेन विपुलः स्वर्गः शक्यः आराधयितुम् । एतस्मै अर्थाय इदं श्रावणं श्रावितम् । [क्षुद्रकाः च] महात्मानः च इमं प्रक्रमेरन् अन्ताः च मे जानीयुः चिरस्थितिकः च अयं [प्रक्रमः भवतु ।] अयं च अर्थः वर्धिष्यति, विपुलं अपि च वर्धिष्यते, अवरार्ध्येन द्व्यर्धं वर्धिष्यते । इदं च श्रावणं श्रावितं व्युथेन २५६ ।

हिन्दी-अनुवाद[1] ।

सुवर्णगिरिसे[1] आर्यपुत्र[3] (कुमार) और महामात्यो की ओरसे इसिलाके महामात्योंको आरोग्य

टिप्पणियां ।

१ मैसूरकी रियासतमें सिद्धपुर, जतिंग रामेश्वर और ब्रह्मगिरि इन तीन स्थानों-में जो तीन लघु शिला लेख हैं उनमेंसे ब्रह्मगिरि वाला शिला-लेख सबसे अधिक सुरक्षित अवस्थामें है। इन तीनों लेखोंकी भाषासे पता लगता है कि वे अशोक-साम्राज्यके दक्खिनी प्रान्त वाले राज-प्रतिनिधिकी ओरसे लिखे गये थे।

२ "सुवर्णगिरि" और "इसिला" यह दोनों स्थान वर्तमान समयमें कहां पर हैं इसका निश्चय अभी नहीं हुआ है। श्री ब्युलर का मत था कि सुवर्णगिरि पश्चिमी घाटमें कहीं पर है। फ्लीट का मत था कि बिहार प्रान्तमें पटना ज़िलेमें सोनगिरि नामक पर्वत ही प्राचीन सुवर्णगिरि है। फ्लीट साहबका अनुमान था कि महाराज अशोक अपने अंतिम समयमें राज-कार्य छोड़ कर इसी सुवर्णगिरिके किसी संघमें रहते थे और यहींसे उन्होंने अपने प्रवासकी २५६ वीं रातको ब्रह्मगिरि आदि स्थानोंमें शिला-लेख प्रकाशित कराये थे। संभवतः इसिला नामी स्थान उत्तरी मैसूरमें सिद्धपुरके पास कहीं रहा होगा।

३ आर्यपुत्र अथवा कुमार कदाचित् अशोकके दक्खिनी प्रान्तका राज-प्रतिनिधि था।

कहना और यह सूचित करना कि देवताओंके प्रिय आज्ञा देते हैं कि अढ़ाई वर्षसे अधिक हुए कि मैं उपासक हुआ परन्तु एक वर्ष। अधिक उद्योग नहीं किया। किन्तु एक वर्षसे अधिक हुए जबसे मैं संघम[4] आया हूं तबसे मैने खूब उद्योग किया है। इस बीच जम्बूद्वीपमें[5] जो मनुष्य सच्चे माने जाते थे वे अब अपने देवताओंके साहित झूठे सिद्ध कर दिये गये हैं। यह उद्योगका फल है। यह (उद्योगका फल) केवल बड़ेही[6] लोग प्राप्त कर सकते हैं ऐसी बात नहीं है, क्योंकि छोटे लोग भी उद्योग करें तो महान् स्वर्गके सुखको पा सकते हैं। इस लिए यह अनुशासन लिखा गया कि छोटे और बड़े (इस उद्देशसे) उद्योग करें। मेरे पड़ोसी राजा भी इस अनुशासनको जानें और मेरा यह उद्योग चिरस्थित रहे। इस बातका विस्तार होगा और खूब विस्तार होगा, कमसे कम डेढ़गुना[7] विस्तार होगा। यह[8] अनुशासन (मैंने) आपने

४ "संघमें आया हूं"=बौद्ध संन्यासी या भिक्षु हुआ हूं।

५ जम्बूद्वीपके जिन मनुष्योंका उल्लेख यहां पर किया गया है वे ब्राह्मण लोग हैं जो भूदेव भी कहे जाते हैं। रूपनाथ वाले शिलालेखमें मनुष्योंका नहीं बल्कि देवताओंका उल्लेख है।

६ "बड़े लोग" जैसे कि अशोक।

७ "डेढ़ गुना" अर्थात् बहुत अधिक।

८ मूल लेखमें यह वाक्य इस प्रकार है:- "इयं च सावणे सावपते व्यूथेन २५६"। "व्यूथेन" संस्कृत व्युष्टेनका अपभ्रंश है

संस्कृत-अनुवाद

देवानां प्रियस्य अशोकस्य [वचनेन एवं वक्तव्यं सातिरेकाणि] अर्ध-तृतीयाणि वर्षाणि यत् अहं अस्मि उपासकः [न खलु बाढं प्रक्रांतः।] सातिरेकः [तु संवत्सरः यत्] अस्मि संघं उपगतः बाढं [च अ] स्मि उपगतः। पुरा जाम्बूद्वीपे [ये अमृषाः देवाः अभूवन्] ते इदानीं मृषीभूताः। अयं अर्थः क्षुद्रकेण हि धर्मयुतेन शक्यः अधिगन्तुं। न एवं द्रष्टव्यं उदाराः एव इमं अधि-गच्छेयुः इति। क्षुद्रकाः च उदारकाः च वक्तव्याः एवं वै भद्रं कुर्वतः [अयं अर्थः चिरस्थितिकः च] वर्धिष्यते च द्व्यर्धं भविष्यति।

हिन्दी-अनुवाद[1]।

देवताओंके प्रिय अशोक[2] की ओर से ऐसा कहना:—अढ़ाई वर्षसे अधिक हुए कि मैं उपासक हुआ हूँ पर अधिक उद्योग नहीं किया (पर) एक वर्षसे अधिक हुए जबसे मैं संघमें

टिप्पणियां।

१—यदि श्री ब्युलर का मत ठीक है कि सुवर्णगिरि पश्चिमी घाटमें कहींपर था तो संभव है मास्की हीके आस पास वह स्थान रहा हो। मास्कीमें बहुत सी प्राचीन सोनेकी खाने भी हैं इससे संभव है मास्कीके आस पासका स्थान सुवर्णगिरिके नामसे पुकारा जाता रहा हो। पर फ़्लीट का मत है कि सुवर्णगिरि दक्षिणमें नहीं बल्कि बिहार प्रान्तमें था। उनका कहना है कि आज कलके पटना ज़िलेमें जो सोनगिरि नामक पहाड़ी है वही प्राचीन सुवर्णगिरि है। मास्की निज़ामकी रियासतमें रायचूर जिलेमें है।

२—इस लेखका महत्व प्रधानतया इस बातमें है कि यह लेख अशोकके नामसे लिखा हुआ है। इससे पहिले अशोकके जितने लेख मिले थे उनमेंसे किसीपर भी अशोकका नाम नहीं था। उन सबोंपर केवल "देवानं पिय" और

आया हूं तबसे मैने खूब उद्योग किया है। पहिले जम्बूद्वीपमें जो देवता थे वे अब मृषा[३] (झूठे) सिद्ध हो गये है। यह बात छोटे लोग भी, यदि धर्म करें तो, प्राप्त कर सकते हैं। यह न समझना चाहिये कि केवल बड़े लोगही यह कर सकते हैं। बड़े और छोटे सबोंसे यह कहना चाहिये कि "ऐसा करना भली बात है"। यह (उद्योग) चिरस्थित रहेगा और इसका विस्तार होगा, कमसे कम डेढ़गुना विस्तार होगा[४]।

"पियदसि" के नाम मिलते थे। फ्रांन्सीसी विद्वान सेना ने बौद्ध ग्रन्थोंका हवाला देकर इस बातको पूरी तरहसे सिद्ध कर दिया है कि "देवानं पिय" और "पियदसि" अशोक हीके लिए आये हैं और उसीके सूचक हैं। मास्कीके इस नये लेखसे अब इस बातमें कुछ भी सन्देह नहीं रह जाता।

३-मूल लेखमें "मिसिभूता" (संस्कृत "मृषीभूताः") शब्द आया है। 'मृषीभूताः' शब्द 'च्वि' प्रत्यय लगानेसे बना है, जिससे सूचित होता है कि अशोकने पहिली बार जम्बूद्वीपके प्राचीन देवताओंको मिथ्या सिद्ध किया।

४ इस लेखमें लगभग वही सब बातें लिखी हुई हैं जो रूपनाथ और सहसरामके लेखोंमें मिलती हैं। रुपनाथ और सहसराम वाले लेखोंकी परीक्षा करके फ्रांसीसी विद्वान सेनाने यह सिद्धान्त निकाला है कि दोनों लेख अशोकके

सब लेखोंसे प्राचीन है। इस लिए मास्कीका लेख भी, जो इन दोनों लेखोंसे इतना मिलता जुलता है, उसी समयका अर्थात् राज्याभिषेकके बाद अशोकके प्रारंभिक राज्य-कालका होगा। पर जिस

प्रकार रूपनाथ और सहसरामके लेखों में "व्यूथ" और २५६ की संख्या मिलती है उसी प्रकार मास्कीके लेखमें न तो "व्यूथ" शब्द आया है और न २५६ की संख्या ही मिलती है।

ब्रह्मगिरिका द्वितीय लघुशिला लेख

मूल

(८) से हेवं देवानं पिये

(९) आह [।] मातापितिसु सुसूसितविये [।] हेमेव गरुत्वं प्राणेसु, द्रढितव्यं [।] सचं

(१०) वतवियं [।] से इमे धंमगुण पवतितविया [।] हेमेव अंतेवासिना

(११) आचरिये अपचायितविये [।] ञातिकेसु, च कु यथारहं पवतितविये

(१२) एसा पोराणा पकिती दिघावुसे च [।] एस हेवं एस कटविये

(१३) च [।] पडेन लिखितं लिपिकरेण [।]

संस्कृत-अनुवाद।

तत् एवं देवानां प्रियः आह। मातापित्रोः शुश्रूषितव्यं, गुरुत्वं प्राणेषु दृढ़-यितव्यं, सत्यं वक्तव्यम्। ते इमे धर्मगुणाः प्रवर्त्तयितव्याः। एवमेव अन्ते-वासिना आचार्यः अपचेतव्यः। ज्ञातिकेषु च कुले यथार्हं प्रवर्त्त यितव्यम्। एषा पुराणी प्रकृतिः दीर्घायुषे च (भवति)। एतत् एवं एतत् कर्त्तव्यं च। पडेन लिखितं लिपिकरेण।

हिन्दी-अनुवाद[1]।

"धम्म" के सिद्धान्त

देवताओंके प्रिय इस तरह कहते हैं:—माता और पिताकी सेवा करनी चाहिये। (प्राणियोंके) प्राणोंका आदर दृढ़ताके साथ करना चाहिये (अर्थात् जीव-हिंसा न करनी चाहिये), सत्य बोलना चाहिये, "धम्म" (धर्म्म) के इन गुणोंका प्रचार करना चाहिये। इसी प्रकार विद्यार्थीको आचार्यकी सेवा करनी चाहिये और अपने जाति भाइयोंके प्रति उचित बर्ताव करना चाहिये। यही प्राचीन (धर्मकी) रीति है। इससे आयु[2] बढ़ती है और इसीके

टिप्पणियां।

१ द्वितीय लघु शिला-लेख केवल उत्तरी मैसूरमें ब्रह्मगिरि, सिद्धपुर और जतिंग रामेश्वर इन तीनों स्थानोंके प्रथम लघु-शिलालेखके नीचे लिखा हुआ मिलता है। इसकी लेख-शैली अशोकके और लेखोंकी शैलीसे भिन्न है। इस लेखकी शैली कुछ२ उपनिषद्से मिलती जुलती है।

२ देखिये मनु-अध्याय २, श्लोक १२१—

अनुसार (मनुष्यको) चलना चाहिये । पड नामक लिपिकर[२] या (लेखक)ने यह लिखा ।

"अभिवादन-शीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः चत्वारि तस्य वर्द्धन्त आयुर्विद्या यशोबलम् ॥"

२ "लिपिकरेणाँ" यह शब्द खरोष्ठी लिपिमें लिखा हुआ है। पश्चिमोत्तर सीमा-प्रान्तमें मानसेरा और शाहबाज़गढ़ीके जो चतुर्दश शिलालेख हैं वे भी इसी लिपिमें लिखे गए हैं। मालूम पड़ता है "पड" पश्चिमोत्तर सीमा-प्रान्तका निवासी था और उसने यह प्रगट करनेके लिए कि मैं दोनों अक्षरोंका लिखना जानता हूँ "लिपिकरेण" शब्दको खरोष्टी लिपिमें लिख दिया।

भाब्रू शिला-लेख।

मूल।

(१) प्रियदसि लाजा मागधं* संघं अभिवादनं† आहा [:] अपाबाधतं च फासु विहालतं चा [।]

(२) विदित वे भंते आवतके हमा बुधसि धंमसि संघसीति गलवे च पसादे च [।] ए केंचि भंते

(३) भगवता बुधेन भासिते सवे से सुभासिते वा ए चु खो भंते हमियाये दिसेया हेवं सधंमे

(४) चिलठितीके होसतीति अलहामि हकं तं वतवे [।] इमानि भंते धंमपलियायानि विनयसमुकसे

(५) अलियवसानि अनागतभयानि मुनिगाथा मोनेयसूते उपतिसपसिने ए चा लाघुलो [-]

* श्री हुल्श इसे "मागधं" पढ़ते है (J, R, A, S *1909*-p. 727)

† श्री हुल्श इसे "अभिवादेतून" पढ़ते है (J. R. A- S *1909*- 727)

(६) वादे मुसावादं आधिगिच्य भगवता बुधेन भासित एतान भंते धंमपलियायानि इछामि

(७) किंति[?] बहुके भिखुपाये च भिखुनिये चा अभिखिनं सुनयु चा उपधालेयेयु चा

(८) हेवं हेवा उपासका चा उपासिका चा [] एतोनि भंते इमं लिखापयामि अभिहेतं म जानंताति।

संस्कृत-अनुवाद।

प्रियदर्शी राजा मागधं सघं अभिवादनं आह अपाबाधत्वं च भवतु विहारत्वं च। विदितं वो भदन्ताः यावत् अस्माकं बुद्धे धर्मे सघे इति गौरवं च प्रसादः च। यत् किंचित् भदन्ताः भगवता बुद्धेन भाषितं सर्वं तत् सुभाषितं एव। यत् तु खलु भदन्ताः मया दिश्यते एवं सद्धर्मः चिरस्थितिकः भविष्यति इति अर्हामि तत् वक्तुं। इमे भदन्ताः धर्मपर्यायाः—विनय समुत्कर्षः आर्यवंशाः अनागत-भयानि मुनिगाथा मौनेयसूत्रं उपतिष्यप्रश्नः एवं च राहुलवादः मृषावादं अधिकृत्य भगवता बुद्धेन भाषितः। एतान् भदन्ताः धर्मपर्यायान् इच्छामि किमिति बहवः भिक्षवः भिक्षुक्यः च अभीक्ष्णं शृणुयुः अवधारयेयुः च एवं एव उपासकाः च उपासिकाः च। एतेन भदन्ताः इदं लेखयामि अभिप्रेतं मे जानन्तु इति।

हिन्दी-अनुवाद[1]

अशोकके प्रिय बौद्ध ग्रंथ

प्रियदर्शी राजा मगधके[2] संघको अभिवादन-(पूर्वक संबोधन करके) कहते हैं कि (वे)

टिप्पणियां ।

१ अशोकके लेखोंमें भाब्रू शिला-लेख बड़े महत्वका गिना जाता है। क्योंकि यह अशोकके बौद्ध-धर्म ग्रहण करनेका बड़ा अच्छा प्रमाण है। इसमें बौद्ध धर्मके त्रिरत्न अर्थात् बुद्ध धर्म और संघ तथा बौद्ध धर्मके सात ग्रंथोंका उल्लेख है जिनकी ओर अशोक भिक्षुक और भिक्षुकी तथा उपासक और उपासिका सबोंका ध्यान विशेष करके खींचना चाहते थे। इस लेखसे यह बात भी सिद्ध होती है कि विक्रमसे पूर्व तीसरी शताब्दीमें बौद्ध धर्मके ग्रन्थ उसी नाम और रूपमें विद्यमान थे जिस नाम और रूपमें वे आजकल मिलते हैं।

२ 'मागधके' मागधं हुल्श साहेब 'मागध' के स्थानपर इसे 'मागधे' पढ़ते हैं और इसे "प्रियदर्शी राजा"का विशेषण समझ कर कुल वाक्यका अर्थ इस प्रकार करते हैं-मगधके 'प्रियदर्शी राजा संघको अभिवादन पूर्वक संबोधन करके कहते हैं कि वे विघ्न-हीन और सुख से रहें।'

विघ्नहीन और सुखसे रहें:–हे भदन्तगण, आपको मालूम है कि बुद्ध, धर्म[3] और संघमें हमारी कितनी भक्ति और गौरव है। हे भदन्तगण जो कुछ भगवान् बुद्धने कहा है सो सब अच्छा कहा है। पर, भदन्तगण, मैं अपनी ओरसे (कुछ ऐसे ग्रंथोंके नाम लिखता हूं जिन्हें मै अवश्य पढ़े जानेके योग्य समझता हूं)। हे भदन्तगण (इस विचारसे कि) "इस प्रकार सद्धर्म चिरस्थायी रहेगा" मैं इन धर्मग्रंथों[4] (का नाम लिखता हूं) यथा:—विनय समुत्कर्ष, आर्यवंश, अनागतभय, मुनिगाथा, मौनेयसूत्र, उपतिष्य-प्रश्न, राहुलवाद जिसे भगवान् बुद्धने झूठ बोलनेके बारेमें कहा है। इन धर्म-ग्रन्थोंको हे भदन्तगण मै चाहता हूं कि बहुतसे भिक्षुक और भिक्षुकी बारबार श्रवण करें और धारण करें और इसी प्रकार उपासक तथा उपासिका भी (सुनें और धारण करें)। हे भदन्तगण मै इसलिये यह (लेख) लिखवाता हूं कि लोग मेरा अभिप्राय जानें।

---

३ बुद्ध, धर्म और संघ यह तीनों बौद्धोंके त्रिशरण या त्रिरत्न कहलाते हैं। बौद्ध लोग अब तक लंकामें बौद्ध धर्मकी दीक्षा लेनेके समय "बुद्धं शरणं गच्छामि, धर्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि" यह मन्त्र बोलते हैं।

४ यह सातो ग्रंथ कौन २ से हैं इसका पता अब निश्चित रूपसे लग गया है यथा:–

	पाली	संस्कृत	कहां मिला
(१)	विनय समुकसे—	विनय-समुत्कर्षः—	पाटिमोक्ख
(२)	अलियवसानि—	आर्यवंशाः--	अंगुत्तर निकाय द्वितीय भाग
(३)	अनागतभयानि-	अनागतभयानि --	अंगुत्तर निकाय, तृतीय भाग
(४)	मुनिगाथा--	मुनिगाथा--	सुत्तनिपात (मुनिसुत्त) प्रथम भाग
(५)	मोनेय सूते—	मौनेयसूत्रम्--	सुत्तनिपात (नालक सुत्त) तृतीय भाग
(६)	उपतिस पसिने--	उपतिष्यप्रश्नः--	सुत्तनिपात, चतुर्थ भाग
(७)	लाघुलोवादे—	राहुलवादः--	मज्झिम निकाय (राहुलोवाद सुत्त) प्रथम भाग

द्वितीय अध्याय।

चतुर्दश शिला-लेख।

[गि० = गिरनार; का० = कालसी; धौ० = धौली; जौ० = जौगढ़; शा० = शाहबाज़गढ़ी; मा० = मानसेरा]

प्रथम शिला-लेख।

मूल

गि० (१)	इयं	धंमलिपी		देवानं	पियेन
का० (१)	इयं	धमलिपि		देवानं	पियेना
धौ० (१)	इयं	....	.... सि पवतासि	[दे]वानं	पि[ये]
जौ० (१)	इयं	धंमलिपी	खपिंगलसि पवतासि	देवानं	पियेन
शा० (१)	[अ]यं	ध्रमदिपि		देवन	प्रिअस
मा० (१)	अयि	ध्रमदिपि		[दे]वन	[प्रि]येन

गि० (२) प्रियदसिना राजा लेखापिता [:-] इध न कि—(३)चि जीवं
का० पियदसिना लेखिता [:-] हिदा ना किछि जिवे
धौ० .... जिना [लिखा]...[:-] .... जीवं
जौ० पियदसिना लाजिना लिखापिता[:-] हिद नो किछि जीवं
शा० रञो लिखापितु [:-] हिद नो किचि जिवे
मा० [प्रिय]द्र[शिन] रन [लि]खपित[:-] हिद नो किचि जिवे

गि० आरभित्पा प्रजूहितव्यं (४) न च समाजो कतव्यो [।]
का० आलभि[तु] पजोहितविये (२) नो-पि-चा समाजे कटविये [।]
धौ० आलभितु पजोहि......... (२) [नोपि]च समा... .... [।]
जौ० आलभि[तु] पजोहितविये (२) [नो]पि च समाजे कटविये [।]
शा० आर[भि]त प्रयुहोतवे नो पि च समज कट[व] [।]
मा० आरभि[त] प्रयु (२) होतवियें नो पि च समज कटविय [।]

गि० बहुकं हि दोसं (५) समाजंहि पसति देवानं प्रियो

कौ० बहुका हि दोसा समाजसा देवानं पिये
धौ० ....
जौ० बहुकं हि दोसं समाजसि दखति देवानं पिये
शा० [ब]हुक हि दोषं सम . स देवन प्रियो
मा० बहुक हि [दोष समसज देव]नं प्रिये

गि० प्रियदसि राजा [।] (६) अस्ति पि तु एकचा समाजा
का० पियदसी लाजा दखति [।] अथि पि चा एकतिया स[मा]ज
धौ० .... [।] ....[तिया] [स]माजा
जौ० पियदसी लाजा [।] अथि पि चु एकतिया समाजा
शा० प्रियद्रशि रय दखति [।] अस्ति पि च एकतिए समये
मा० प्रि[यद्रशि र]ज ... खति [।] अस्ति पि चु (३) एकतिय समज

गि० साधुमता देवानं (७) प्रियस प्रियदसिनो राञो [ ]
का० साधुमता देवानं पियसा पियदसिसा लाजिने

धौ० साधुमता देवा... .... (३)[पिय] दसिने [ला]जि[ने]
जौ० साधुमता देवानं पियस (३) पियदसिने लाजिने [।]
शा० स्रेस्टमति देवन प्रिअस प्रिअद्रशिस रञो [।]
मा० सधुमत देवन प्रियस प्रियद्रशिने रजिने [।]

गि० पुरा महानसंहि (८) देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो
का० (३) पुले महानससि देवानं पियसा पियदसिसा लाजिने
धौ० .... मह........ ....नं .... पिय.... ....
जौ० पुलुवं महानससि देवानं पियस पियदसिने लाजिने
शा० पुर महनससि देवनं प्रिअस प्रिअद्रशिस रञो
मा० पुर महनससि देवन प्रि....स प्रि...शिस र(४)जिने

गि० अनुदिवसं ब(९)हूनि प्राणसतसहस्रानि आरभिसु
का० अनुदिवसं बहुनि पानसहसानि आलभियिसु
धौ० ...न...... ...... पानसतस... [आ]लभियिसु

जौ० अनुदिवसं बहूनि पानसतसहसानि आलभियिसु
शा० अनुदिवसो बहुनि प्रणशतसहस्रानि अरभियिसु
मा० अनुदिवः बहुनि प्रणशतसहस्रानि अर...सु

गि० सूपाथाय [।] (१०) से अज यदा अयं धंमलिपी लिखिता
का० सुपठाये [।] से इदानि यदा इयं धंमलिपि लेखिता तदा
धौ० सूपाठाये [।] (४) से [अ न] अदा इ[यं] धंमलिपी लिखिता
जौ० सूपठाये [।] (४) से अज अदा इयं धंमलिपी लिखता
शा० सुपठये [।] सो इदनि यद अय (३) ध्रमदिपि लिखित तद
मा० सुपथये [।] से इ.नि ... अयि ध्रमदिपि लिखित तद

गि० ती एवं प्रा-(११)णा आरभरे सूपथाय द्वो मोरा
का० तिंनि येवा पानानि आलाभियंति (४) दुवे मजुला
धौ० तिंनि ... .[ल]भिय ... .
जौ० तिंनि येव पान.नि आलभियंति दुवे मजूला

शा० त्रयो वो मृग हंनति मजुर दुवि २
मा० तिनि ये. मगानि अ. भि. ति दुवे २ मजु-(५)र
गि० एको मगो [।] सोपि (१२) मगो न धुवो [।] एते पि
का० एके मिगे [।] सेपि च मिगे नो धुवे [।] एतानि पिच
धौ० ... ...
जौ० एके मिगे [।] सेपि चु मिगे नो धुवं [।] एतानि पि चु
शा० म्रुगो १ [।] सोपि म्रुगो नो ध्रुवं [ ] एत पि
मा० एके १ म्रिगे [।] सेपि चु म्रिगे नो ध्रुवं [।] एतानि पि चु
गि० त्री प्राणा पछा न आरभिसरे [।]
का० तिनि पानानि नो आल भियिसंति [।]
धौ० तिंनि पानानि पछा नो आलभियिसंति [।]
जौ० तिनि पानानि (५) पछा नो आलभियिसंति [।]
शा० प्रणत्रयो पछ न अरभिशंति [।]
मा० तिनि प्रणानि पछ नो अरभि...... [।]

संस्कृत-अनुवाद ।

इयं धर्मलिपिः देवानां प्रियेण प्रियदर्शिना राज्ञा लेखिता। इह न कश्चित् जीवः आलभ्य प्रहोतव्यः । नअपि च समाजः कर्त्तव्यः। बहुकान् हि दोषान् समाजस्य देवानां प्रियः प्रियदर्शी राजा पश्यति । सन्ति अपि च एकतये (एके) समाजाः साधुमताः देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः । पुरा महानसे देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः अनुदिवसं बहूनि प्राणशत सहस्राणि आलप्सत सूपार्थाय तत् इदानीं यदा इयं धर्मलिपिः लेखिता तदा त्रयः एव प्राणाः आलभ्यन्ते द्वौ मयूरौ एकः मृगः सः अपि च मृगः न ध्रुवः । एते अपि च त्रयः प्राणाः न आलप्स्यन्ते ।

हिन्दी-अनुवाद

जीव-हिंसाका त्याग और प्राणियोंका आदर ।

यह धर्म-लेख[1] देवताओंके प्रिय प्रियदर्शीने लिखवाया है । यहां (इस राज्यमें) कोई जीव मारकर होम न किया जाय और न समाज[2] किया जाय । क्योंकि देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी

टिप्पणियां

१—धर्म-लेख।—धर्म संबंधी जो लेख अशोकने सर्वसाधारणके वास्ते प्रसिद्ध २ पर्वतोंकी शिलाओंपर और पत्थरके खम्भोंपर खुदवाये थे वही 'धर्म-लेखके' नामसे कहे गये हैं । इन लेखोंमें धर्म्म शब्दका उल्लेख बार बार हुआ है विदेशी इतिहास लेखकोंने इसका अनुवाद Sacred Law अथवा Law of piety किया है । अशोकने राजके काममें सहूलियत और अपने प्रजाकी आध्यात्मिक उन्नतिके लिए इन लेखोंको सब जगह खुदवाया था ।

२—समाज।—समाज शब्दसे अशोकका क्या तात्पर्य था यह निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता । ब्युलर साहबका मत है कि समाज एक प्रकारका मेला होता था जिसमें सब लोग जमा होकर खाते पीते थे । विन्सेन्ट स्मिथ साहबका मत है कि समाज एक प्रकारका उत्सव था जो कदाचित् सालमें एक वार पाटलिपुत्रमें मनाया जाता था और जिसमें नाच रंग गाना बजाना और खाना पीना किया जाता था ऐसा मालूम पड़ता है कि अशो-

राजा समाजमें बहुतसे दोष देखते हैं। तथापि एक प्रकारके ऐसे समाज हैं जिन्हे देवताओंके प्रिय पियदर्शी राजा पसन्द करते हैं। पहिले देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाकी पाकशालामें प्रतिदिन कई सहस्र जीव सूप (शोरवा) बना[illegible]ए मारे जाते थे, पर अबसे जब कि यह धर्म-लेख लिखा जा रहा है केवल तीनही जीव मारे जाते हैं (अर्थात्) दो मोर और एक मृग। पर मृगका मारा जाना नियत नहीं है। यह तीनों प्राणी भी भविष्यमें न मारे जायँगे।

कने इस उत्सवको बन्द करके दूसरे प्रकारके पवित्र और धार्मिक उत्सव प्रचालित किये। श्रीयुत देवदत्त रामकृष्ण भण्डारकरने महाभारत हरिवंश और बौद्ध ग्रन्थोंसे प्रमाण देकर यह सिद्ध किया है कि प्राचीन समयमें दो प्रकारके समाज या उत्सव होते थे। जिनमेंसे एक प्रकारके उत्सवोंमें केवल गाना बजाना और खेलकूद होता था और दूसरे प्रकारके समाजमें खाना पीना भी होता था और मांस भी पकाया जाता था। अशोकके इस लेखमें दो प्रकारके समाजोंका उल्लेख किया गया है। कुछ समाज तो ऐसे थे जिनका होना उसने बिलकुल ही मना कर दिया था पर दूसरे प्रकारके समाज ऐसे थे जिन्हें वह बहुत पसन्द करता था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि अशोकने उसी समाजका होना मना किया होगा जिसमें मांसके लिए पशुओंकी हिंसा होती थी। दूसरे प्रकारके समाजमें हिंसा नहीं होती थी, इसीलिये अशोकको वे पसन्द थे। ऐसा मालूम

पड़ता है कि अशोकने इन दूसरे प्रकार के समाजोंमें सुधार करके उन्हें धर्मका प्रचार करनेके लिए अपने मतलबका बना लिया था। चतुर्थ शिला-लेखमें "विमान", "हाथी", "आतिशबाजी" तथा "दिव्यरूप" इन सबोंका उल्लेख हुआ है मालूम पड़ता है यह सब चीजें इन्हीं दूसरे प्रकारके "समाजो" में दिखलायी जाती थीं (Indian Antiquary *1913*. p. 255)। श्री टामस ने थोड़ेसे प्रमाण देकर यह सिद्ध किया है कि समाज एक प्रकारका विस्तीर्ण अखाड़ा या मैदान था जिसके चारों ओर दर्शकोंके लिए मंच बने रहते थे। इस अखाड़ेमें मनुष्यों और पशुओंके बीच अथवा दो पशुओंके बीच द्वन्द्व-युद्ध होता था। इसी भयानक उत्सवको अशोकने अपने लेखमें मना किया है (J. R. A. S. *1914*. p. 392)

श्रीयुत एन० जी० मजुमदार महाशयने सन् १९१८ के इण्डियन एन्टिक्वेरी नामक पत्रमें समाजका अर्थ "प्रेक्षणक" या "नाटक" किया है। इसके समर्थनमें उन्होंने कामसूत्र (पेज ४९-५१ चौखंभा सीरीज़) का प्रमाण उद्धृत किया है। जातकोंमें भी "समाज" नाटकके अर्थमें प्रयुक्त हुआ है (देखिये कणवेर जातक)। रामायणमें भी "समाज" कदाचित् इसी अर्थमें आया है। (देखो Indian Antiquary, *1918*. p. *221*)

इण्डियन एन्टिक्वेरीके दिसम्बर १९१९ वाले अंकमें परलोकवासी विन्सेन्ट स्मिथ साहब ने श्रीयुत एन० जी० मजुमदारके पूर्वोक्त मतको स्वीकार कर लिया है और इस बातपर ज़ोर दिया है कि समाजका अर्थ "नाटक" ही है (देखिये Indian Antiquary *1919*, p. 235)

द्वितीय शिलालेख

मूल

गि० (१)	सर्वत	विजितंहि	देवानं	प्रियस	प्रियदसिनो	राजो
का०	सवता	विजितसि	देवानं	पियसा	प्रियदसिसा	लाजिने
धौ० (१)	सवत	विजितसि	देवानं	पियस	प्रियदसिने (२)	....
जौ०	सवत	विजितसि	देवानं	पियस	पियदसिने	लाजिने
शा०	सव्रत्र	विजिते	देवनं	प्रियस	प्रिद्रशिस	
मा०	स. त्र	·जितसि	देवन	प्रियस	प्रियद्रशिस	रजिने
गि०(२)	एवमपि प्रचंतेसु	यथा	चोडा	पाडा	सतियपुतो	केतलपुतो
का०	येच अंता	अथा	चोडा	पंडिया	सातियपुतो	केललपुतो
धौ०	....	....	....	....	....	....

८

जा० एवापि अंता अथा चोडा पंडिया सतियपुते ....
शा० येच अंत यथ चोड (४) पंडिय सतियपुत्र केरलपुत्र
मा० येच अंत अथ (६) चोड पंडिय सतियपुत्र केरलपुत्रे

गि० आतंब (३) पंणी अंतियको योनराजा ये वा पि
का० तंबपंनि (५) अंतियोगे नाम योनलाजा ये चा अंने
धौ० .... [अं]तियोके नाम योनलाजा (६) [ए] रा ..
जौ० .... अंतियोके नाम (७) योनलाजा एवापि
शा० तंबपंनि अंतियोको नम योनरज ये च अंजे
मा० .बपणि -तियोके नम योन .... येच ....

गि० तस अंतियकस सामीपं (४) राजानो सर्वत्र देवानं प्रियस
का० तसा अंतियोगसा सामंता लाजानो सवता देवानं पियसा
धौ० स अंतियो[क]स सामंता लाजाने सवत देवा पियेन
जौ० तस अंतियोकस सामंता लाजाने सवत देवानं पियेन

शा० तस अंतियोकस समंत रजनो सव्रत्र देवनं पियस
मा० -स ...... समंत रज. व्रत्र ...... प्रियस

गि० प्रियदसिनो राञो द्वे चिकीछ कता (५) मनुसचिकीछा च
का० पियदसिसा लाजिने दुवे चिकिसका कटा मनुसचिकिसा चा
धौ० पियदसिना ... ... च .. ..सा च
जौ० पियदसिना लाजि ... .चिकिसा च
शा० प्रियद्रशिस रञो दुवि २ चिकिस किट मनुशचिकिस ...
मा० प्रियद्रशिस रजिने(७)दुवे २ चिकिस कट मनुशचिकिस च

गि० पसुचिकीछा च [।] ओसुढानिच यानि मनुसोपगानि च
का० पसुचिकिसा चा [।] ओसधानि मुनिसोपगानि चा
धौ० प ... सा च [।] ... धानि (७) आनि मुनि[सो]पगानि
जौ०(८) पसुचिकिसा च [।] ओसधानि आनि मुनिसोपगानि
शा० पशुचिकिस च [।] [५] ओषुढानि मनुशोपकानि
मा० पशुचिकिस च [।] अषाढीनि मनु ... कानि च

गि०(६) पसोपगानि च यत यत नास्ति सर्वत्र हारापितानि च
का० पसोपगानि च अत ता नथि(६) सवता हालापिता चा
धौ० पसुओपगानि च अत त नथि स[व]त हालापिता च
जौ० पसुओपगानि च अत त नथि सव[त] ....
शा० पशोपकानि च यत्र यत्र नस्ति सवत्र हरोपित च
मा० प...कनि च यत्र यत्र नः त्रत्र हरपित च

गि० रोपापितानि च(७) मूलानि च फलानि च यत यत नास्ति
का० लोपापिता च[।] एवमेवा मुलानि चा फलानि चा अत ता नथि
धौ० लोपापिता च मूला ....
जौ० .... च ... अत त नाथे
शा० बुत च ....
मा० रोपपित च(८) एवमेव मुलानि च फलानि च अत्र अत्र नास्ति

गि० सर्वत्र हारापितानि च रोपापितानि च [।] [८] पंथेसू कूपा च
का० सवता हालापिता चा लोपापिता चा [।] मगेसु लुखानि

धौ० वत हालापिता च(८)लोपापिता च [।] मगे[सु] उदपानानि
जौ० (९)सवतु हालापिता च लोपापिता च [।] मगेसु उदुपानानि
शा० कुप च
मा० ... त्र हरापित च रोपापित च [।] मगेषु रुछ

गि० खानापिता व्रछा च रोपापिता प्रतिभोगाय पसुमनुसानं [।]
का० लोपितानि उदुपानानि चा खानापितानि पटिभोगाये पसुमुनिसानं [।]
धौ० खानापितानि लुखानि च लोपापितानि पटिभोगाये ....नं [।]
जौ० खानापितानि लुखानि च .... [।]
शा० खनपित प्रतिभोगये पशुमनुशनं [।]
मा० ...पित कु...... ... .तानि पटिभोगये पशुमनुशन [।]

संस्कृत-अनुवाद ।

सर्वत्र विजिते देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः ये च अन्ताः यथा-चोडाः पाण्ड्याः सत्यपुत्रः केरलपुत्रः ताम्रपर्णी अन्तियोकः नाम यवन राजः ये च अन्ये तस्य अन्तियोकस्यः-सामन्ताः राजानः सर्वत्र देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः द्वे चिकित्से कृते मनुष्य चिकित्सा च पशुचिकित्सा च। औषधानि मनुष्योपगानि च पशूपगानि च यत्र यत्र न सन्ति सर्वत्र हारितानि रोपितानि च। एवमेव मूलानि च फलानि च यत्र यत्र न सन्ति सर्वत्र हारितानि च रोपितानि च। मार्गेषु वृक्षाः रोपिता उदपानानि च खानितानि प्रतिभोगाय पशुमनुष्याणाम्।

हिन्दी-अनुवाद

मनुष्यों और पशुओंके सुखका प्रबन्ध ।

देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाके राज्यमें सब स्थानोंपर तथा जो उनके पड़ोसी राज्य हैं वहां जैसे चोड[1], पांड्य[2], सत्य[3]पुत्र, केरल[4]पुत्र, ताम्र[5]पर्णीमें और अन्तियोक[6] नाम यवन

टिप्पणियां ।

१ चोड—प्राचीन चोड राज्य भारतवर्षके दक्षिण-पूर्वी प्रान्तमें था । वर्तमान नीलोर और पदूदूकोटाके बीचका प्रदेश चोड मंडल या कोरोमंडलके नामसे पुकारा जाता है । इसी चोडमंडलकी उत्तरी सीमा अशोक-साम्राज्यकी दक्षिणी सीमा थी ।

२ पांड्य—भारतवर्षके सबसे दक्खिनी प्रदेशको पांड्य देश कहते थे । वर्तमान मदुरा और तिनीवल्ली जिलोंको प्राचीन पांड्य देशके नामसे पुकारते थे । ताम्रपर्णी नदीके तीरपर कोरकई Korki) नगर इसकी प्राचीन राजधानी थी । पर बाद्को मदुरा इसकी राजधानी हो गयी ।

३ सत्यपुत्र—विन्सेन्ट स्मिथका मत है कि प्राचीन सत्यपुत्र वर्तमान कोंकणके उस भागको कहते हैं जहां तुलु भाषा बोली जाती है और वर्तमान बंगलौर

नगर जिसका केन्द्र है। दक्षिणके जिन तीन तामिल राज्योंका नाम प्राचीन ग्रन्थों और शिला-लेखोंमें पाया जाता है वे चोड़, पाण्ड्य और चेर (केरल) के नामसे विख्यात हैं। सत्यपुत्रका नाम अशोकके शिला-लेखको छोड़कर और कहीं नहीं मिलता (Indian Antiquary, 1905, P. 248)

४ केरलपुत्र—मलाबारसे लगाकर कन्या कुमारी तक समग्र प्रदेश प्राचीन केरल-पुत्र राज्यके अन्तर्गत था और वञ्जि नामक नगरी इसकी प्राचीन राजधानी थी। इसका दूसरा नाम चेर भी था। सत्यपुत्र और केरलपुत्र राज्योंके बीचमें चन्द्रगिरि नदी पड़ती है (Indian Antiquary, 1905, P. 248)

५ ताम्रपर्णी—सिंहल या लंकाका प्राचीन नाम ताम्रपर्णी था। दीप वंश और महा वंश नामक लंकाके बौद्ध ग्रन्थोंसे पता लगता है कि वहांके राजा देवानं पिय तिस्स (देवानां प्रियः तिष्यः) और अशोकके बीचमें बहुत अधिक सम्बन्ध था। विन्सेन्ट स्मिथका कहना है कि ताम्रपर्णीसे लंकाका नहीं, बल्कि उस नदीका तात्पर्य है जो प्राचीनकालमें पांड्य देशसे हो कर बहती थी और आजकल तिनीवल्ली जिलेमें बहती है। ताम्रपर्णीका उल्लेख केवल द्वितीय और त्रयो दश शिलालेखमें आता है। उस समय अशोकका सम्बन्ध लंका द्वीपसे नहीं कायम हुआ था (देखिये Ind. Ant. 1918, P. 48)

६ अन्तियोक—सीरिया तथा पश्चिमीय एशियाका अधीश्वर ऐन्टिओकस द्वितीय (Antiochos) जो सेल्युकस नीकेटरका पोता था, उसने वि० पू० २०४ से लगाकर १८६ तक राज्य किया था।

राज और जो उस अन्तियोकके साम७न्त (पड़ोसी) राजा हैं उन सबके देशोंमें देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाने दो प्रकारकी चिकित्सा८एक मनुष्योंकी चिकित्सा और दूसरी पशुओंकी चिकित्साका प्रबन्ध किया है। औषधियां भी मनुष्यों और पशुओंके लिए जहां २ नहीं थीं तहाँ तहाँ लायी और रोपी गयी हैं। इसी तरहसे मूल और फल भी जहां २ नहीं थे सब जगह लाये और रोपे गये हैं। मार्गोंमें पशुओं और मनुष्योंके आरामके लिए वृक्ष लगाये और कुँए खुदवाये गये हैं।

७—सामन्त—गिरनारके द्वितीय शिला लेखमें "सामन्त" के स्थानपर "समीप" शब्द आया है, जिससे मालूम पड़ता है कि "सामन्त राजा" का अर्थ यहां "अधीन राजा" नहीं, बल्कि "पड़ोसी राजा" है। ये पड़ोसी राजा वही थे जिनका उल्लेख त्रयोदश शिला-लेखमें आपको मिलेगा (Indian Antiquary 1905, P. 245)

८—चिकित्सा—श्री ब्युलरने चिकित्साका अर्थ "अस्पताल" किया है और उनके मतमें 'मनुष्य चिकित्साका' तथा पशु चिकित्सा' का अर्थ "मनुष्योंके लिए अस्पताल" तथा "पशुओंके लिए अस्पताल" है। पर वास्तवमें चिकित्साका अर्थ केवल "अस्पताल" नहीं, बल्कि "रोगियोंकी दवादारू इत्यादिका प्रबन्ध" है। चिकित्साके प्रबन्धमें अस्पताल भी आ जाता है। (Indian Antiquary, 1905, P. 245)

९—अशोकने पशुओं और मनुष्योंके आरामके लिए जो जो प्रबन्ध किया था उसका पूरा २ हाल सप्तम स्तम्भ लेखमें दिया गया है।

तृतीय शिलालेख

मूल

गि०(१) देवानं प्रियो पियदसि राजा एवं आह [:-] द्वादसवासाभि-
का० देवानं पिये पियदसि लाजा हेवं आहा[:-](७) दुवाडसवाभि-
धौ० देवानं पिये पियदसि लाजा हेवं आहा[:-] दुवाडसवसाभि-
जौ० देवानं पिये पियदसी लाजा हेवं आहा[:-] दुवडसवसाभि-
शा० देवनं प्रियो प्रियद्रशि रज अहति[:-] बदयवषभि-
मा० देवन प्रिये प्रियद्रशि रज एव अह [:-] दुवडशवषाभि-

गि० सितेन मया इदं आञपितं [:—] (२) सर्वत विजिते मम युता च
का० सितेन मे इयं आनपयिते [:—] सवता विजितसि मम युता
धौ० सितेन मे इयं आनप.... [:—] ....त विजितसि मे युता

जौ० सितेन मे इयं अ।........[:–] ....
शा० सितेन ....[:–] सव- (६) विजिते युता
मा० सितेन मे अयं अणपयिते[:–] सव्रत्र विजितसि मे - ता

गि० राजुके च प्रादेसिके च पंचसु पंचसु वासेसु
का० लजुके पादेसिके पंचसु पंचसु वसेसु
धौ० लजुके [च].... [के] - (१०) पंचसु पंचसु वसेसु
जौ० ....च पादेसिके च (११) पंचसु पंचसु वसेसु
शा० रजुको प्रदेशिके पंचषु पंचषु ५ वषेषु
मा० रजु - प्रदशिके - चषु पंचषु ५ वषेषु

गि० अनुसं - (३) यानं नियातु एतायेव अथाय
का० अनुसयानं निखमंतु एतयेवा अथाये
धौ० अनुसयानं निखमावू अथा अंनाये
जौ० अनुसयानं निखमावू अथा अंन ये

शा०	अनुसंयनं			निक्रमतु	एतिस		
मा०(१०)	अनुसयनं			निक्रमंतु	एतयेवं	अथ्रये	
गि०				इमाय		धंमानुसस्टिय	यथा
का०				इमाये		धंमनुसथिया	यथा
धौ०		पि	कंमने हेवं	इमाये		धंमानुथिये [:—]	
जौ०		पि	कंमने	....		....	
शा०		वो	करण	इमिस		ध्रमनुशस्ति	यथ
मा०				इमये		ध्रमनुशस्तिये	यथं
गि०	अजा—(४) य	पि	कंमाय [:—]	साधु		मातरि च पितरि च	सुसू्सा
का०	अनाये	पि	कंमाये [:—]	साधु (८)		मातपितिसु	सुसुसा
धौ०				साधु		मातापितिसु	सुसूसा
जौ०				......		......	...सा
शा०	अअये	पि	क्रमये [:—]	सधु		मतापितुषु	सुश्रुष
मा०	अणाये	पि	क्रमने [:—]	स		मतापि...षु	सुश्रुष

गि० मितासंस्तुत आतीनं बाम्हण–(५) समणानं
का० मितसंथुत आतिक्यानं चा बंभन– समणानं चा
धौ० .... (११) आतिसु च बंभन– समनेहि
जौ० मितसंथुतेसु (१२) आतिसु च बंभन– समनेहि
शा० मित्रसंस्तुत– ञतिकनं ब्रमण– श्रमणानं
मा० मित्रसंस्तुत--(११) ञतिकनं च ब्रमण– श्रमननं

गि० साधु दानं प्राणानं साधु अनारंभो अपव्ययता
का० साधु दाने पानानं अनालंभे साधु अपवियाता
धौ० साधु दाने जीवेसु अनालंभे साधु अपवियति
जौ० साधु दाने जीवेसु अनालंभे साधु
शा० स .... प्र.... ....(७) अपवयत
मा० सधु दने प्रणन अ-रभे सधु अपवयत

गि० अपभांडता साधु [।] (६) परिसा पि युते आञपयिसति

का०	अपभंडता	साधु [।]	पलिसापि	पि च	युतानि	गननसि
धौ०	अपभंडता	साधु [।]	पलिसा	पि च		....न [सि]
जौ०	....	....	....	....		....
शा०	अपभंडत	सधु [।]	परि	पि	युतानि	गणनसि
मा०	अपभडत	सधु [।]	परिष	पि च	युतनि	गणनासि

गि०	गणनायं	हेतुतो	च	व्यंजनतो	च	[।]
का०	अनपयिसंति	हेतुवता	चा	वियंजनते	च	[।]
धौ०युु[ता]नि	आनपायिसाति.	तुते	च	वियंज....		
जौ०........	(१३)	हेतुते	च	वियजनते	च	[।]
शा०	अणपेशंति	हेतु [तो]	च	वञनतो	च	[।]
मा०	अणपयिशति	हेतुते	च	विय (१२)नते	च	[।]

संस्कृत-अनुवाद

देवानां प्रियः प्रियदर्शी राजा एवं आह । द्वादश वर्षाभिषिक्तेन मया इदं आज्ञप्तम् :—सर्वत्र विजिते मम युक्ताः रज्जुकाः प्रादेशिकाः पंचसु पंचसु वर्षेषु अनुसंयानं निष्क्रामन्तु एतस्मै एव अर्थाय अस्यै धर्मानुशिष्ट्यै यथा अन्यस्मै अपि कर्मणे । साधुः मातापित्रोः शुश्रूषा । मित्रसंस्तुतज्ञातीनां च ब्राह्मण श्रमणानां च साधु दानम् । प्राणानां अनालंभः साधुः । अल्पव्ययता अल्पभाण्डता साधुः । परिषदः अपि च युक्तान् गणने आज्ञापयिष्यन्ति हेतुतः च व्यंजनतः च ।

हिन्दी अनुवाद

धर्म प्रचारके लिए हर पांचवें वर्ष राज्य-कर्मचारियोंका दौरा।

देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं:—राज्याभिषेकके १२ वर्ष बाद मैंने यह आज्ञा दी है:—मेरे राज्यमें सब जगह युत[1] (युक्त) लाजुक[2] (रज्जुक) और पोदसिक[3] (प्रादेशिक) पांच पांच वर्षपर इस कामके लिए (अर्थात्) धर्मानुशासनके लिए तथा और

टिप्पणियां।

१—युत (युक्त)—श्रीब्युलरने 'युत' का अर्थ राजभक्त किया है और उसे "रज्जुक" तथा "प्रादेशिक" का विशेषण मानकर मेरे "राजभक्त रज्जुक तथा प्रादेशिक" ऐसा अर्थ किया है। पर गिरनारके तृतीय शिलालेखमें युत तथा रज्जुक और रज्जुक तथा प्रादेशिकके बीचमें "वा" आया है जिससे मालूम पड़ता है कि युत' रज्जुकका विशेषण नहीं बल्कि एक संज्ञा है। युत शब्द मनुस्मृति और कौटिलीय अर्थशास्त्रमें भी कई बार आया है। हम यहांपर मनुस्मृतिका एक श्लोक उद्धृत करते हैं जिसमें युक्त आया है यथाः—'प्रणष्टा-धिगतं द्रव्यं तिष्ठेद्युक्तैरधिष्ठितम्। यां स्तत्र चौरान् गृह्णीयात्तान् राजेभेन

घातयेत्।" (अध्या० ८ श्लो० ३४) अर्थात् "खोया हुआ धन अगर मिल जाय तो राजपुरुष लोग उसे सुरक्षित रक्खें। उनमें से जो युक्त (राजपुरुष) उस धन को चुरावे उसे राजा हाथीसे मरवा डाले।" युक्तका अर्थ कुल्लूकने मनुस्मृतिकी टीकामें राजपुरुष किया है। युक नामक राजपुरुषोंसे सावधान रहनेके लिए अर्थशास्त्रमें भी कहा गया है यथाः—"मत्स्या यथाऽन्तस्सलिले चरन्तो ज्ञातुं न शक्याः सलिलं पिबन्तः। युक्तास्तथा कार्यविधौ नियुक्ताः ज्ञातुं न शक्या धनमाददानाः॥" (२ अधि० ९ अध्याय) अर्थात् "जिस तरह यह नहीं मालूम हो सकता कि पानीके भीतर चलती हुई मछली पानी पी रही है या नहीं, उसी तरहसे इसका पता भी नहीं लग सकता कि राजकार्यमें लगे हुए युक्त (राजपुरुष) धन अपहरण कर रहे हैं या नहीं।" इससे मालूम पड़ता है कि युत एक अमीरके छोटे अफ़सर थे जिनका काम राजकर वसूल करना और हिसाब किताब रखना था। वे आजकलके क्लर्क और छोटे छोटे पुलिस अफसरोंका भी काम करते थे। (Indian Antiquary 1908 P. 21; J. R. A. S. 1914 P. 347)

२—लाजुक (रज्जुक):—जैन-ग्रन्थोंके आधारपर श्रीब्यूलरका मत है कि रज्जुक लेखकका काम करते थे। आजकलके कायस्थ जो काम करते हैं वही काम उस समयके रज्जुक लोग करते थे। राज्यशासनका सम्पूर्ण भार रज्जुक लोगोंपर ही था। उन्हीं लोगोंमेंसे ऊंचे ऊंचे ओहदे-

पर लोग चुन कर रक्खे जाते थे (3. D.M,G.Vol.XL. VII.P.16.4666)। रज्जुक लोगोंके क्या कर्तव्य थे यह चतुर्थ स्तम्भ-लेखमें दिया गया है।

३—पादेशिक (प्रादेशिक):—सेना (senart), कर्न तथा ब्युलरका मत है कि प्रादेशिक एक एक देशके राजा या शासक थे और आजकलके ठाकुर, राव, तथा रावल इत्यादिके पूर्वज थे (3. D. M. G XXX VII P. 106.)। विन्सेन्टास्मिथ का मत है कि प्रादेशिक एक एक जिले के अफसर थे और, ओहदेमें रज्जुकोंसे नीचे थे। प्रादेशिक शब्द युक्त तथा रज्जुकके साथ साथ एक ही स्थानपर आया है जिससे मालूम पड़ता है कि युक्त और रज्जुकोंकी तरह प्रादेशिक लोग भी सरदार या राजा नहीं बल्कि राज-कर्मचारी थे। इसमें कोई सन्देह नहीं कि "प्रादेशिक" शब्द प्रदेशसे बना है। प्रदेशका अर्थ प्रान्त या देशका एक बड़ा हिस्सा है। अर्थ-शास्त्रमें प्रदेष्टृ शब्द कई बार आया है जिसका अर्थ वही है जो, प्रा देशिक का है। अर्थशास्त्रसे पता लगता है कि 'प्रदेष्टृ' एक प्रकारके राज कर्मचारी थे जिनका काम राजकर वसूल करना और प्रजा की रक्षा करना था (J. R. A. S. 1914 P. 383,)।

विन्सेन्ट स्मिथने युक्त, रज्जुक और प्रादेशिकका अर्थ क्रमसे (Subordinate Officials (मातहत अफसर या कर्मचारी), Commissioner (कमिश्नर) और District officer (जिलेका अफ़सर) किया है।

और कामोंके लिए (सर्वत्र यह कहते हुए) दौरा[4] करें कि—"माता पिताकी सेवा करना तथा मित्र, परीचित, स्वजातीय ब्राह्मण और श्रमणको दान देना अच्छा है। जीवहिंसा न करना अच्छा है। थोड़ा[5] व्यय करना और थोड़ा[6] सञ्चय करना अच्छा है"। परिषद्[7] (अर्थात् बौद्ध संघ) भी युक्त (नामक कर्मचारियों)को भाण्डारका निरीक्षण करने और हिसाब किताबकी जांच करनेके लिए आज्ञा देंगे।

४—"अनुसंयानं निखयंतु" = "दौरा करें।" संस्कृतमें संयानंका अर्थ दौरा या भ्रमण है और उसके पूर्व 'अनु' उपसर्ग लगा देनेसे उसका अर्थ "एक स्थानसे दूसरे स्थानमें भ्रमण करना" हो जाता है। किसी किसीने अनुसंयानंका अर्थ "महासभा या साधारण सभा" किया है।

५—" अपव्ययता " = अल्पव्ययता = कम खर्च करना।

६—" अपभांडता " = अल्पभांडता = कम संचय करना।

७—इस अन्तिम वाक्यका अर्थ भिन्न भिन्न विद्वानोंने भिन्न भिन्न प्रकारसे किया है। श्रीसेनाने इसका अर्थ इस प्रकार किया है:—"परिषद् (भिक्षु गण) भक्त उपासकों (युते) को भाव (हेतु) और शब्द (व्यंजन) के अनुसार शिक्षा दें"। सेना साहबने युत (युक्त) शब्दको भक्त उपा-

सकके अर्थमें लिया है। श्रीब्यूलरने इस वाक्यका अर्थ इस प्रकार किया है:—"परिषद् (अर्थात् सब सम्प्रदायके भिक्षु और महन्त) वास्तविक भाव (हेतु) और अक्षर (व्यञ्जन) के अनुसार उचित शिक्षा (युक्तानि) देंगे"। ब्यूलर (युक्त) को उचितके अर्थमें लिया है और हेतुको भाव तथा व्यंजनको अक्षरके अर्थमें लिया है। (Indian Antiquary 1908 P. 21; J. R. A. S. 1914 P. 388)

चतुर्थ शिला-लेख

मूल

गि०	(१) अतिकातं	अंतरं	बहूनि	वाससतानि	वढितो	एव	
का०	अतिकंतं	अंतलं	बहुनि	वससतानि	वढिते	व	
धौ०	आतिकंतं	अंतलं	बहूनि	वससतानि	वढिते	व	
जौ०	आतिकंतं	अंतलं	बहूनि	वससतानि	वढिते	व	
शा०	अतिक्रतं	अंतरं	बहुनि	वषशतानि	वढितो	व	
मा०	अतिक्रतं	अंतरं	बहुनि	वषश्र-नि	वढिते	वं	

गि०	प्राणारंभो	विहिंसा	च	भूतानं	ञातीसु	(२) असंप्रतिपती
का०	पानालंभे	विहिसा	चा	भुतानं	नातिनं	असंपटिपाति
धौ०	पानालंभे	विहिसा	च	भूतानं	नातिसु	असंपटिपाति

जौ० पाणालंभे ....

शा० अणारंभो विहिस च भुतनं अतिनं असंपटिपति

मा० अणारंभे विहिस च भुतनं अतिन असपटिपति

गि० ब्राम्हणस्रमणानं असंप्रतीपती [।] ते अज देवानं प्रियस

का० समनबंभनानं असंपटिपति [।] से अजा देवानं पियसा

धौ० संमनबाभनेसु असंपटिपति [।](१३) से अज देवानं पियस

जौ० .... [।](१५) से अज देवानं पियस

शा० श्रमणब्रमणनं असंप्रटिपति [।] सो अज देवनं प्रियस

मा० श्रमणब्रमणनं असंपटिपति [।](१३) से अज देवन प्रियस

गि० प्रियदसिनो राञो (४) धंमचरणेन भेरीघोसो अहो

का० पियद्रसिने लाजिने धंमचलनेना भेलिघोसे अहो

धौ० पियदसिने लाजिने धंमचलनेन भेलिघोसं अहो

जौ० पियदसिने लाजिने धंमचलनेन भेल...... ...

शा०	प्रियद्रशिस	रञो	(८)	ध्रमचरणेन		भेरिघोष		अहो
मा०	प्रियद्रशिने	र-ने		ध्रमचरणेन		भेरिघोषे		अहो
गि०	धंमघोसो	विमान–		दसणा	च	हस्तिदसणा च		
का०	धंमघोसे	विमन–		दसना	(१०)	हथिनि		
धौ०	धंमघोसं	विमान–		दसनं		हथीनि		
जौ०	....	....		......		......		
शा०	ध्रमघोष	विमननं		द्रशनं		हस्तिनो		
मा०	ध्रमघोषे	विमन–		द्रशन		हस्तिने		

गि०	(४)	अगिखंधानि च	अञानि	च	दिव्यानि		रूपानि	दसयित्पा
का०		अगिकंधानि	अंनानि	चा	दिव्यानि		लुपानि	दसयितु
धौ०		अगिकंधानि	अंनानि	च	दिवियानि	(१४)	लूपानि	दसायितु
जौ०		....	......	(१६)	दिवियानि		लूपानि	दसयितु
शा०		जोतिकंधानि	अञानि	च	दिवनि		रूपानि	द्रशयितु
मा०		अगिकंधानि	अञानि	च	दिवनि		रूपानि	द्रशेति

गि० जनं [।] मारिसे बहूहि वाससतेहि (५) न भूतपुवे
का० जनस [।] आदिसे बहुहि वससतेहि ना हुतपुलुवे
धौ० मुनिसानं [।] आदिसे बहूहि वससतेहि नो हूतपुलुवे
जौ० मुनिसानं [।] आदिसे बहूहि वससते ... .
शा० जनस [।] यदिश बहुहि वषशतेहि न भुतप्रुवे
मा० जनस [।] (१४) अदिशे बहुहि वषशतेहि न हुतपुवे

गि० तारिसे अज वढिते देवानं प्रियस प्रियदसिनो राञो
का० तादिसे अजा वढिते देवानं पियसा पियदसिने लाजिने
धौ० तादिसे अज वढि देवानं पियस पियदसिने लाजिने
जौ० ....
शा० तदिशे अज वढिते देवनं प्रियस प्रियद्रशिस रञो
मा० तादिशे अज वढिते देवन प्रियस : प्रियद्रशिने रजिने

गि० धंमानुसस्टिया अनारं (६) भो प्राणानं अविहीसा भूतानं

का०	धंमनुसथिये	अनालंभे	पानानं	अविहिसा	भुतानं
धौ०	धंमानुसथिया (१५)	अनालंभे	पानानं	अविहिसा	भूतानं
जौ०	(१७) धंमानुसथिया	अनालंभे	पानानं	अविहिसा	भूतानं
शा०	ध्रंमनुशस्तिय	अनरंभो	प्रणनं	अविहिस	भुतनं
मा०	ध्रंमनुशस्तिय	अनरभे	प्रणनं	अविहिस	भुतन

गि०	ञातीनं	संपटिपती	ब्रह्मणसमणानं	संपटिपती
का०	नातिसु (११)	संपटिपाति	बंभनसमनानं	संपटिपाति
धौ०	नातिसु	संपटिपाति	मनबंभनेसु	संपाटिपाति
जौ०	नातिसु	संप......	....	....
शा०	ञतिनं	संप्रटिपाति	ब्रमण-(८)श्रमणनं	संपटिपाति
मा०	ञतिन (१५)	संपटिपाति	ब्रमणश्रमणनं	संपटिपाति

गि० मातरि पितरि सुस्रुसा थैर- सुस्रुसा [।] एस अजे च

का० मातापितिसु सुसुसा [।] एष चा अंने चा

धौ० मातिपितु- सुसूसा वु[ढ]- सुसूसा [।] एस अंने च
जौ० ....[।](१८)एस अंने च
शा० मतपितुषु वुढन सुश्रुष [।] एत अञं च
मा० मतपितुषु सश्रुष वुध्रनं सश्रुष [।] एषे अञे च

गि० बहुविधे धंमचरणे वढिते [,] वढयिसति चेव
का० बहुविधे धंमचलने वधिते [,] वाधियिसति चेवा
धौ० बहुविधे (१६) धंमचलने वढिते [,] वढयिसति चेव
जौ० बहुविधं धंमचलने वढिते [,] वढयि... ...
शा० बहुविधं ध्रमचरणं वढितं [,] वढिशति चयो
मा० बहुविधे ध्रमचरणे वध्रिते [,] वध्रयिशति येव

गि० देवानं प्रियो (८) प्रियदसि राजा धंमचरणं इदं [।]
का० देवानं पियेन पियदसि लाजा इमं धंमचलनं [।]
धौ० देवानं पिये पियदसी लाजा धंमचलनं इमं [।]

जौ० .... [।]
शा० देवनं प्रियस प्रियद्रशिस रञो ध्रमचरणो इम [।]
मा० देवन प्रिये (१६) प्रियद्रशि रज ध्रमचरण इम [।]

गि० पुत्रा च पोत्रा च प्रपोत्रा च देवानं प्रियस
का० पुता च कं नताले चा पनातिक्या चा देवानं पियसा
धौ० पुता पि च नाति पनाति च देवानं पियस
जौ० ... ...
शा० पुत्र पि च कु नतरो च प्रनातिक च देवनं प्रियस
मा० पुत्र पि च कु नतरो च पणातिक देवनं प्रियस

गि० पियदसिनो राञो (९) वधायिसंति इदं धंमचरणं
का० पियदसिने लाजिने (१८) पवढायिसंति चेव धंमचलनं
धौ० पियदसिने लाजिने (१७) पवढयिसंति येव धंमचलनं
जौ० (१९) पियदसिने लाजिने पवढयिसंति येव धंमच ... ...

शा० प्रियद्रशिस रञो वढेशंति - मधरणं
मा० प्रियद्राशिने रजिने पवढयिशंति ध्रमचरण

गि० आव संवटकपा धंमम्हि सीलम्हि
का० इमं आव- कपं धंमसि सिलसि चा
धौ० इमं आ- कप धंम[सि] सीलासि च
जौ० ... ...
शा० इमं अव कपं ध्रमे शिले च
मा० इमं अव कपं ध्रमे शिले च

गि० तिस्टंतो धंमं अनुसासिसंति [।] (१०) एस हि सेस्टे
का० चिठितु धंमं अनुसासिसंति [।] एस हि सेठे
धौ० [चिठि]तु धंमं अनुसासिसंति [।] एस हि से[ठे]
जौ० ....
शा० (१०) तिस्तिति ध्रमं अनुशशिशंति [।] एत हि स्रेठं
मा० (१७) तिस्तितु ध्रमं अनुशशिशंति [।] एषे हि स्रेठे

गि० कंमे य धंमानुशासनं [।] धंमचरणे पि
का० कंमं अ धंमानुसासनं [।] धंमचलने पि चा
धौ० कंमे या धंमनुसासना [।] धंमचलने पि चु
जौ० .... [।] (२०) धंमचलने पि चु
शा० क्रमं यं ध्रमनुशस्त्रनं [।] ध्रमचरणं पि च
मा० अं ध्रमनुशाशन [।] ध्रमचरणे पि च

गि० न भवति असीलस [।] त इमम्हि अथम्हि (११) वधीच अहीनीच
का० न होति असिलसा [।] से इमसा अथसा वधि अहिनिचा
धौ० (१८) न होति असीलस [।] से इमसा अठस बुढ़ी अहीनिच
जौ० न होति ....
शा० न भोति अशिलस [।] सो इमिस अथ्रस वढि अहिनिच
मा० न होती अशिलस [।] से इमस अथ्र वध्रि अहिनिच

गि० साधु [।] एताय अथाय इदं लेखापितं [;–] इमस अथस

का० साधु [।] एताये अथाये इयं लिखिते [:–] (१३) इमसा अथसा
धौ० साधु [।] एताये .. ... इयं लिखिते [:–] इमस अठस
जौ० ... ...
शा० सधु [।] एतये अठये इमं दिपिस्त [:–]* इमिस अठस
मा० सधु [।] एतये (१८) अथ्रये इमं लिखिते [:–] एतस अ. स

गि० वाधि युजंतु हीनि च (१२) मा लोचेतव्या [।] द्वादस-
का० वाधि युजंतु हिनि च मा अलोचयिसु [।] दुवाडस-
धौ० वढी युजंतू हीनि च मा अलोचयिसु [।] (१९) दुवादस-
जौ० .... (२१) हीनि च मा अलोचयि ... .
शा० वढि युजंत हिनि च म लोचेषु [।] (११) बदय-
मा० वध्र युजंतु हिनि च म अनुलोचयिसु [।] दुवदश

गि० वासाभिसितेन देवानं प्रियेन प्रियदसिना राञा

* हुल्श महोदयका पाठ "निपिस्तं" है (J. R. A. S. 1913, P. 654)

का०	वशाभिसितेना		देवानं	पियेना	पियदाशिना	लाजिना
धौ०	वसानि अभिसितस		देवानं	पियस	पियदसिने	लाजिने
जौ०	....		......	......	....	....
शा०	वषभिसितेन		देवनं	प्रियेन	प्रियद्रशिन	रञ
मा०	वषभिसितेन		देवन	प्रियेन	प्रियद्रशिन	रजिन
गि०	इदं		लेखापितं [।]			
का०			लेखितं [।]			
धौ०	यं		लिखिते [।]			
जौ०	...		.... [।]			
शा०	इदं	-नं	दिपपितं [।]*			
मा०	इयं		लिखपिते [।]			

* हुल्श महोदयने इसे "निपेसितं" पढा है (J. R. A. S. 1913 p 654)

संस्कृत—अनुवाद।

अतिक्रान्तं अन्तरं बहूनि वर्षशतानि वर्धितः एव प्राणालंभः, विहिंसा च भूतानां, ज्ञातीनां असंप्रतिपत्तिः, श्रमणब्राह्मणानां असंप्रतिपत्तिः। तत् अद्य देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः धर्मचरणेन भेरीघोषः अथो धर्मघोषः विमानदर्शनानि हस्तिनः अग्निस्कन्धाः अन्यानि च दिव्यानि रूपाणि दर्शयित्वा जनस्य। यादृशं बहुभिः वर्षशतैः न भूतपूर्वं तादृशं अद्य वर्द्धितः देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः धर्मानुशिष्ट्या अनालंभः प्राणानां, अविहिंसा भूतानां, ज्ञातिषु संप्रतिपत्तिः, ब्राह्मण—श्रमणानां संप्रतिप्रत्तिः, मातापित्रोः शुश्रूषा। एतत् च अन्यत् च बहुविधं धर्मचरणं वर्धितम्। वर्धयिष्यति चैव देवानां प्रियः प्रियदर्शी राजा इदं धर्मचरणम्। पुत्राः च खलु नप्तारः च प्रनप्तारः च देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः प्रवर्धयिष्यंति चैव धर्मचरणं इदं यावत्—कल्पं धर्मशीले च तिष्ठन्तः धर्मं अनुशासिष्यन्ति। एतत् हि श्रेष्ठं कर्म यत् धर्मानुशासनम्। धर्मचरणं अपि न भवति अशीलस्य। तत् अस्य अर्थस्य वृद्धिः अहानिः च साधुः। एतस्मै अर्थाय इदं लिखितम्। अस्य अर्थस्य वृद्धिं युंजन्तु हानिं च मा आलोचयन्तु। द्वादशवर्षाभिषिक्तेन देवानां प्रियेण प्रियदर्शिना राज्ञा लेखितम्।

हिंदी-अनुवाद

धर्मका अनुष्ठान ।

बहुत दिनोंसे—कई सौ वर्षोंसे-(यज्ञके लिए) प्राणियोंका बध जीवोंकी हिंसा, बन्धुओंका अनादर, श्रमण और ब्राह्मणोंका अनादर बढ़ता ही गया । पर[1] आज देवताओंके

टिप्पणियां ।

१—इस वाक्यसे अशोकका तात्पर्य यह है कि पहिले जहां युद्धभेरी अर्थात् लड़ाईके नगाड़ोंका शब्द होता था वहां अब धर्मभेरी अर्थात् धार्मिक उत्सवोंमें बजने वाले नगाड़ोंका शब्द सुनायी पड़ता है । जहां पहले सेनाओंका जलूस निकलता था वहां अब धर्म संबंधी जलूस निकलते हैं । ईसवी सन्‌की पांचवीं शताब्दीमें चीनी परिव्राजक फाहियानने अपने भारत-वर्णनमें इसी तरहके एक धार्मिक जलूसका हाल लिखा है जिसे उसने पाटलिपुत्रमें देखा था । वह लिखता है कि हर साल दूसरे मासकी ८वीं तिथिको नगर निवासी लोग बुद्धकी मूर्तियोंका जलूस निकालते हैं । वे चार पहिये वाले बांसके बने हुए रथ तैयार करते हैं जो पांच मंजिलके होते हैं । इन रथोंको वे भिन्न भिन्न रंगकी पताकाओंसे

प्रिय प्रियदर्शी राजाके धर्माचरणसे भेरी (युद्धके नगाड़े) का शब्द—नहीं नहीं, धर्मका शब्द-

सजाते हैं। रथके चारों ओर चार बुद्ध-की मूर्तियां स्थापित की जाती हैं और बुद्ध मूर्तिके पास बोधि सत्वकी मूर्ति भी स्थापित रहती है, इस प्रकारसे सुशोभित १५ या २० रथ राज-पथपर एक साथ निकाले जाते हैं। उनके सामने गाते बजाते हुए नगरनिवासी गण अपने अपने दलके साथ चलते हैं और पुष्प तथा धूप दीपसे मूर्तिकी पूजा करते हैं। रथके सामने असंख्य दीप जलाये जाते हैं। देशमें इसी तरह अनेक स्थानोंपर रथ यात्रा निकलती है। अशोकके समयमें कदाचित् इसी तरहके विमान हाथी और अनेक अलौकिक दृश्य जलूसमें दिख-लाये जाते थे और आतिशबाजियां छुड़ायी जाती थीं।

डॉ० आर० भाण्डारकर का मत है कि इस शिलालेखमें जो जो बातें जलूसमें दिखलानेके लिए कही गयी हैं वे सब ऐसी थीं जिनसे लोगोंकी प्रवृत्ति धर्मकी ओर बढ़ सकती थी और जिनका संबन्ध धार्मिक बातोंसे था। अब प्रश्न यह उठता है कि कौन कौन सी चीजें जलूसके साथ निकाली या जलूसमें दिखलायी जाती थीं। इस शिलालेखसे विदित होता है कि जलूसमें "विमान दसना" (विमान-दर्शनम्) "हस्तिदसणा" (हस्तिदर्शनम्) "अगिकन्धानि" (अग्निस्कन्धाः) और "अनानि दिव्यानि लुपानि" (अन्यानि दिव्यानि रूपाणि) दिखाये जाते थे। अब आइये देखें कि भाण्डारकरके मतके अनुसार इन शब्दोंका क्या अर्थ है:—

(सुनायी पड़ रहा है) और विमान* तथा हाथी* (जलूसमें) दिखलाये जाते हैं। जैसा आतिशबाजी* (छुड़ायी जाती है) और अन्य दिव्यरूप लोगोंको दिखलाये जाते हैं। जैसे,

---

२—विमानः— विमान देवताओंके रथ होते थे जिन्हें वे जहां चाहें वहां ले जा सकते थे। इस भूलोकमें पुण्याचरण करनेसे मनुष्योंको देवताओंकी पदवी मिलती है और स्वर्गलोकमें जाकर वे विमान-का सुख भोगते हैं। अशोक विमान दिखाकर अपनी प्रजाको यह बतलाना चाहता था कि तुम भी यदि पुण्य करोगे तो इसी तरह "स्वर्ग" और "विमान"-का सुख भोगोगे।

३—हाथी :—बुद्धभगवान्‌की माताने स्वप्न देखा था कि बोधिसत्व श्वेत हस्ती-के रूपमें उसके गर्भमें प्रवेश कर रहे हैं। भरहुत, सांची और गान्धारमें इस तरह की बहुतसी मूर्तियां हैं जिनमें बोधिसत्व-का अपनी माताके गर्भमें श्वेत हस्तिके रूप में प्रवेश करनेका चित्र खिंचा हुआ मिलता है। कालसीमें भी उस चट्टानपर जहां अशोकके शिलालेख खुदे हुए हैं, हाथी-का चित्र खुदा हुआ है और उसके दोनों पैरोंके बीचमें "गजतमे" (गजो-त्तमः) अर्थात् बुद्ध भगवान् लिखा हुआ है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि उत्सवों और जलूसोंमें हाथी दिखलानेका तात्पर्य यही था कि लोग बुद्धभगवान्-का स्मरण करें और उसमें बुद्धभगवान्-की ओर श्रद्धा उत्पन्न हो।

४:—अग्निस्कन्धाः (अग्निका समूह) आतशा-

पहले कई सौ वर्षोंसे नहीं हुआ था वैसा आज देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाके धर्मानुशासनसे प्राणियोंकी अहिंसा, जीवोंकी रक्षा, बन्धुओंका आदर, ब्राम्हण और श्रमणोंका आदर, माता पिताकी सेवा तथा बूढ़ोंकी सेवा बढ़ गयी है। यह तथा अन्य बहुत प्रकारका धर्माचरण बढ़ गया है और देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा इस धर्माचरणको और भी बढ़ायेंगे। देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाके पुत्र, नाती (पोते) परनाती (परपोते) इस धर्माचरणको कल्पके अन्ततक बढ़ायेंगे और धर्म तथा शीलका आचरण करते हुए धर्मके अनुशासनका (प्रचार) करेंगे। धर्मका अनुशासन ही श्रेष्ठ कार्य है। जो दुःशील (दुराचारी) होता है वह धर्माचरण

रकरका मत है कि 'अग्नि स्कन्ध'-से अशोकका तात्पर्य मामूली अग्नि-समूहसे न था। उस अग्नि समूहका कुछ भगवान्‌की किसी जीवन-घटनासे अवश्य कोई संबध है। खदिरांगारजातक-में अग्निस्कन्धका उल्लेख आता है जिससे मालूम पड़ता है कि अशोकने कदाचित् इस जातकमें लिखी हुई घटना-का स्मरण लोगोंको दिलानेके लिए अग्निस्कन्ध या होलियां जलवायी हों (Indian Antiquary 1913 P 25)

'इन्डियन एन्टिक्वेरी" नामक पत्रमें प्रोफ़ेसर कृष्णास्वामी ऐयंगर महाशयने अग्निस्कन्धके बारेमें एक लेख लिखा है उसका सारांश हम यहांपर देते हैं:-

'दक्षिणाभारतमें कार्तिककी पूर्णिमा-

भी नहीं कर सकता। इसलिए इस बातकी (धर्माचरणकी) वृद्धि होना और हानि न होना अच्छा है। लोग इस बातकी वृद्धिमें लगें और इसकी हानिको न देखें (अर्थात् इसकी हानि न होने दें) इसी उद्देश्यसे यह लेख लिखा गया : राज्याभिषेकके १२ वर्ष बाद देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाने यह लिखवाया।

को मन्दिरोंमें दीपावली होती है। शैव और वैष्णव दोनों मन्दिरोंमें केवल एक तिथिका भेद होता है। नारियल या ताड़का तना ज़मीनमें गाड़ दिया जाता है और भूमि झरिडयों तथा पताकाओं-से सजायी जाती है। जब हज़ारों दीपक जल जाते हैं तब उस तनेमें आग लगा दी जाती है। अशोकके समयमें भी कदाचित् ऐसा ही होता रहा हो"
(Indian Antiquary 1915 P. 203)

पंचम शिला लेख।

मूल।

गि० (१) देवानं प्रियो पियदसि राजा एवं आह [:=] कलाणं
का० देवानं पिये पियदसि लाजा अहा [:—] कयाने
धौ० नं पिये पियदसी लाजा हेवं आहा [:—] कयाने
जौ० देवानं पिये पियद................... ....
शा० देवन प्रियो प्रियद्रशि रय एवं अहति [:—] कलणं
मा० देवनं प्रिये प्रियद्रशि रज एवं अह [:—] कलणं

गि० दुकरं [।] ये आ... कलाणेस सो दुकरं करोति [।]
का० दुकले [।] ए आदिकले कयानसा से दुकलं कलेति [।]
धौ० दुकले [।] ए ...... कयानस से दुकलं कलेति [।]

जौ० [।] [।]
शा० करं [।] यो अ.... रो कलणस सो दुकरं करोति [।]
मा० दुकरं [।] ये अदिकरे कयणस से दुकरं करोति [।]

(३) इसलिये देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं—यह विचार मेरे मनमें आया कि (लोगोंको) धर्मश्रवण कराऊं और उन्हें धर्मका उपदेश दूं जिसमें कि लोग उसे सुनकर उसीके अनुसार आचरण करें, उन्नति करें और विशेष रूपसे धर्मकी वृद्धि करें। इसी उद्देश्यसे धर्मश्रवण कराया गया और विविध प्रकारसे धर्मका उपदेश दिया गया, जिसमें कि मेरे "पुरुष" नामक कर्मचारी-गण जो बहुतसे लोगोंके ऊपर नियुक्त हैं मेरे उपदेशोंका प्रचार करें और उनका खूब विस्तार करें। रज्जुकोंको भी जो लाखों मनुष्योंपर नियुक्त है यह आज्ञा दी गयी है कि "धर्मयुत[३]" नामक कर्मचारियोंको इस प्रकार उपदेश देना"।

भागमें लिखा है कि जहां जहां पत्थर के स्तम्भ या पत्थरकी शिलायें हों वहाँ वहां यह धर्मलेख खुदवाया जाय जिसमें कि यह चिरस्थित रहे। इस प्रकार इस लेखमें अशोकके कुल धर्म-सम्बन्धी कार्योंका वर्णन किया गया है, पर यह एक विचित्र बात है कि इस लेखमें उन सब धर्मोपदेशकोंका नाम तक भी नहीं मिलता जिन्हें अशोकने विदेशोंमें धर्मका प्रचार करनेके लिये भेजा था।

२—रज्जुक-तृतीय शिला-लेखकी दूसरी टिप्पणी देखिये।

३—धर्मयुत-पञ्चम शिला-लेखकी तीसरी टिप्पणी देखिये।

(४) देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी ऐसा कहते हैं—इसी उद्देश्यसे मैंने धर्म-स्तम्भ बनवाये, धर्म-महामात्र नियुक्त किये और धर्म-विधिकी रचना की।

(५) देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं—सड़कोंपर भी मैंने मनुष्यों और पशुओंको छाया देनेके लिये बरगदके पेड़ लगवाये, आम्रवृक्षकी वाटिकायें लगवायीं, आध[4]

४—"आध आध कोसपर" = "अढकोसिक्यानि" (सं० आर्धक्रोशिकीयानि)। ब्यूलर और उन्हींके आधारपर विन्सेण्ट स्मिथ साहबका मत है कि "अढकोसिकनि" (सं०) "आर्धक्रोशिकीयानि" का अपभ्रंश है। पर फ्लीट साहबका मत है "अढकोसिक्यानि" (सं०) "आर्धकोशिकीयानि" का नहीं बल्कि "आष्टक्रोशिकानि" का अपभ्रष्ट रूप है। हुवेन्त्सांगने भी लिखा है कि प्राचीन समयसे ही फौजका एक दिनका कूच योजनके नामसे गिना जाता है। उसने यह भी लिखा है कि एक योजन आठ कोसका होता था। इससे सिद्ध होता है कि प्राचीन समयमें फौज एक दिनमें आठ कोस कूच करती थी। बाणने भी अपने हर्षचरितमें लिखा है कि एक दिनमें फौज आठ कोस चलती थी। हर्षचरितमें बाणने इस प्रकार लिखा है—

'अथ गलति तृतीये यामे सुप्तसमस्तसत्त्वनिःशब्दे दिक्कुंजरजृंभमाण गंभीरध्वनिरता इयूत प्रयाणपटहः। अग्रतः स्थित्वा च मुहूर्त्तमिव पुनः प्रयाणक्रोश-

संख्यापकाः स्पष्टमष्टावदीयन्त प्रहाराः पटहे पटीयांसः" ।

अर्थात्– 'जब रात्रि समाप्त हो रही थी और समस्त प्राणियोंके सो जानेसे सब ओर सन्नाटा छाया हुआ था उस समय कूचका नगाड़ा बजाया गया जिसका शब्द दिक्‌कुंजरोंकी जमुहाईके शब्दके समान गम्भीर था । इसके उपरान्त कुछ क्षण ठहरकर आठ बार जोरसे नगाड़ा इस बातको सूचित करनेके लिये बजाया गया कि सेनाको आठ कोसका कूच तय करना है ।"

हुवेन्‌संग और बाणके लेखोंसे निश्चित होता है कि अशोकने आध आध कोसपर नहीं बल्कि आठ आठ कोसपर कुएँ और सराएं बनवायी थीं ।

अब यह देखना है कि अष्टका अपभ्रंश अढ किस तरह हुआ । अशोकके अन्य लेखोंमें हमें अष्टका अपभ्रंश अढ नहीं बल्कि अट्ठ मिलता है । उदाहरणके तौरपर कालसीके त्रयोदश शिला–लेखमें "अष्ट वर्षाभिषिक्त" का अपभ्रंश "अठवषाभिषित" लिखा है । इस बातका भी कोई निश्चित प्रमाण नहीं पाया जाता कि पाली भाषामें अष्टका सिवाय अट्ठके और कोई दूसरा रूप भी हो । पर प्रचलित हिन्दी, मराठी, गुजराती तथा कुछ प्राकृत भाषाओंमें "अष्ट" का "अढ रूप" प्रायः देखा गया है । प्रसिद्ध जर्मनविद्वान् पिशल साहबने ऐसे बहुतसे प्राकृत शब्दोंके उदाहरण अपने प्राकृतभाषाके व्याकरणमें दिये हैं जिनमें "अष्ट" का अपभ्रंश "अढ"

आध कोसपर कुएं खुदवाये- सराएं बनवायीं और जहां तहां पशुओं तथा मनुष्योंके उपकारके लिये अनेक पौंसले (आपान) बैठाये। किन्तु यह उपकार कुछ भी नहीं है। पहिलेके राजाओंने और मैने भी विविध प्रकारके सुखोंसे लोगोंको सुखी किया है। किन्तु मैंने यह (सुखकी व्यवस्था) इसलिये की है कि लोग धर्मके अनुसार आचरण करें।

हुआ है। इसी प्रकार हिन्दी और मराठीका "अड़तीस" तथा गुजरातीका आड़त्रीस (सं०) "अष्टत्रिंशत्" का तथा मराठीका अड़षष्ट और गुजराती तथा हिन्दीका अड़सठ संस्कृत अष्टषष्ठिका और मराठी तथा हिन्दीका अड़तालीस और गुजरातीका उड़तालीस संस्कृत अष्टचत्वारिंशत् का अपभ्रंश है।

अस्तु अढका शुद्ध संस्कृत रूप जो हो पर वाग्ग और हुवेन्‌संगके लेखोंसे विवश होकर मानना पड़ता है कि इस सिलालेखके "अढकोसिक्य" को अर्थ "आध आध कोसपर" नहीं बल्कि "आठ आठ कोसपर" है। साधारण बुद्धिसे भी यही मालूम पड़ता है कि आध आध कोसपर सरायों और कुओंका बनाना अशोक ऐसे सम्राट्‌के लिये भी आसान काम न था। [फ्लीट साहबका मत J. R. A. S., 1906 P. 401-417में विस्तारपूर्वक दिया गया है।]

५—सरायं निंसिाधया (सं० निषद्या०) सं-निषद्या शब्द नि पूर्वक सद् धातुसे बना है अर्थात् "वह स्थान जहां यात्री लोग बैठें या विश्राम करें।"

(६) देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी ऐसा कहते हैं—मेरे धर्म-महामात्र[६] भी उन बहुत तरह-के उपकारके कार्य्योंमें नियुक्त हैं जिनका संबन्ध संन्यासी और गृहस्थ दोनोंसे है, वे सब सम्प्रदायोंमें भी नियुक्त हैं। मैंने उन्हें संघोंमें,[७] ब्राह्मणोंमें, आजीवकोंमें[८], निर्ग्रन्थोंमें[९] तथा विविध प्रकारके सम्प्रदायोंमें नियुक्त किया है। भिन्न भिन्न महामात्र अपने अपने कार्यमें लगे हुए हैं, किन्तु धर्म-महामात्र अपने अपने कार्यके अलावा सब सम्प्रदायोंका निरीक्षण भी करते हैं।

(७) देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं—ये तथा अन्य दूसरे प्रधान कर्मचारी मेरे तथा मेरी[१०] रानियोंके दानोत्सर्ग कार्यके सबन्धमें नियुक्त हैं और यहां (पाट-

---

६—धर्म-महामात्र—पंचम शिलालेख और उसकी दूसरी टिप्पणी देखिये।

७—संघ—बौद्ध भिक्षुओंका संप्रदाय।

८—आजीवक—"तीन गुहालेख" देखिये।

९—"निर्ग्रन्थोंमें" "निगंठेसु"। "निगंठ" या "निर्ग्रन्थ" एक प्रकारके जैन परिव्राजक थे जो समस्त सांसारिक बंधनोंको त्यागकर इधर उधर नग्न फिरा करते थे। जैन मतके संस्थापक महावीर स्वामी निर्ग्रन्थनाथ-पुत्रके नामसे कहे गये हैं। महावीर स्वामीके शिष्य लोग उस समय कदाचित् निर्ग्रन्थ नामसे प्रसिद्ध थे।

१०—"मेरी रानियोंके"—"देवीनाम्"। प्रधान और विवाहित महिषीगण "देवी" नामसे और उनके पुत्र कुमार नामसे

लिपुत्रमें) तथा प्रान्तोंमे वे मेरे सब अन्तःपुर वालोंको बताते हैं कि कौन कौनसे अवसरोंपर कौन कौन सा दान करना चाहिये। वे मेरे पुत्रों और दूसरे राजकुमारोंके[११] दानोत्सर्ग कार्यकी देखभाल करनेके लिये नियुक्त है जिसमें कि धर्मकी उन्नति और धर्मका आचरण हो। धर्मकी उन्नति और धर्मका आचरण इसीमें है कि दया, दान, सत्य, शाच (पवित्रता) मृदुता और साधुता लोगोंमें बढ़े।

(८) देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं—जो कुछ अच्छा काम मैंने किया ह उसे लाग स्वीकार करते है और उसका अनुसरण करते हैं जिससे उनके ये गुण

पुकारे जाते थे। अशोकके इस प्रकार चार रानियां थीं जिनमेंसे केवल तीवर की माता कारुवाकीका नाम अशोकके शिलालेखमें दिया गया है।

११—"राजकुमारोंके"—"देवीकुमाराणाम्" देवी कुमारका शाब्दिक अर्थ यह है कि "ऐसी रानीका पुत्र जो देवीके नाम से पुकारी जाती हो"। राजाने अपने पुत्रोंका उल्लेख अलग किया है इससे सिद्ध होता है कि यह दूसरे राजकुमार अशोकके पूर्वाधिकारियोंकी रानीके पुत्र अर्थात् उसके भाई बन्धु अथवा चचा इत्यादि रहे होंगे। अशोकने पञ्चम शिलालेखमें अपने भाइयों, बहिनों और दूसरे रिश्तेदारोंका उल्लेख किया है।

बढ़ हैं और बढ़ेंगे अर्थात् माता पिताकी सेवा, गुरुओंकी सेवा, वयोवृद्धोंका सत्कार, और ब्राह्मण श्रमणोंके साथ, दीन दुखियोंके साथ तथा दास नौकरोंके साथ उचित व्यवहार ।

(६) देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं :—मनुष्योंमें जो यह धर्म-वृद्धि हुई है सो दो प्रकारसे हुई है अर्थात् एक धर्मके नियमसे और दूसरे ध्यानके द्वारा । इन दोनोंमें धर्मके नियम कोई बड़े महत्त्वके नहीं है पर ध्यान बड़े महत्वकी बात है । पर मैंने धर्मके नियम इसलिये बनाये हैं कि अमुक अमुक प्राणी न मारे जायँ । और भी बहुत से धर्मके नियम मैंने बनाये हैं । पर ध्यानकी बदौलत मनुष्योंमें धर्मकी वृद्धि, प्राणियोंकी अहिंसा और यज्ञोंमें जीवोंका अनालंभ[१२] (अवध) बढ़ा है । यह लेख इसलिये लिखा गया है कि जिसमें जबतक सूर्य्य और चन्द्रमा हैं तबतक मेरे पुत्र और प्रपौत्र इसीके अनुसार आचरण करें । क्योंकि इसके अनुसार आचरण करनेसे इहलोक और परलोक दोनों सुधरेंगे । राज्याभिषेकके २७ वर्ष बाद मैंने यह लेख लिखवाया है ।

१२—"हिंसा" और 'आलम्भ" में भेद यह है कि जब यज्ञके लिये जीवका वध किया जाय तो उसे आलम्भ कहते हैं और यदि किसी दूसरे कार्यके लिये वध किया जाय तो उसे हिंसा कहते हैं ।

(१०) देवताओंके प्रिय यह कहते हैं:—जहां जहां पत्थरके स्तम्भ या पत्थरकी शिलायें हों वहां वहां यह धर्म-लेख खुदवाया जाय जिसमें कि यह चिरस्थित रहे[१३]।

१३—मालूम पड़ता है अशोककी इस आज्ञाके अनुसार कार्य नहीं हुआ, क्योंकि सप्तम स्तम्भलेख केवल दिल्लीमें टोपरा वाले स्तम्भमें पाया जाता है। कोई भी स्तम्भ-लेख अबतक किसी शिला या चट्टानपर खुदा हुआ नहीं मिला।

चतुर्थ अध्याय।

दो तराई स्तंभ-लेख

(१) रुम्मिनदेई स्तंभलेख

मूल

(१) देवान पियेन पियदसिन लाजिन वीसतिवसाभिसितेन
(२) अतन आगाच महीयिते [।] हिद बुधे जाते सक्य मुनीति
(३) सिलाविगडभीचा कालापित सिलाथमे च उसपापिते [ ]
(४) हिद भगवं जातेति लुंमिनिगामे उबालिके कटे
(५) अठभागिये च [।]

संस्कृत-अनुवाद

देवानां प्रियेण प्रियदर्शिना राज्ञा विंशतिवर्षाभिषिक्तेन आत्मना आगत्य महीयितम्। इह बुद्धः जातः। शाक्यमुनिः इति शिलाविकटभित्तिका कारिता शिलास्तंभः च उत्थापितः* । इह भगवान् जातः इति लुंबुनीग्रामः उद्बलिकः कृतः अष्टभागी च।

* अथवा "उद्धृतः"।

हिन्दी-अनुवाद

बुद्धके जन्म-स्थानमें अशोककी यात्रा

देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाने, राज्याभिषेकके २० वर्ष बाद, स्वयं आकर (इस स्थानकी) पूजा की । यहां शाक्यमुनि बुद्धका जन्म हुआ था, इसलिये यहां पत्थरकी एक प्राचीर स्थापित की गयी और पत्थरका एक स्तम्भ खड़ा किया गया । यहां भगवान् जन्मे थे इसलिये लुंबिनी[२]

टिप्पणियां ।

१—"सिलाविगडभीचा" = "शिलाविकट-भित्तिका" अर्थात् 'पत्थरकी बनी हुई बृहत प्राचीर या दीवार (railing).' इस तरहकी कोई प्राचीर या दीवार अभीतक नहीं मिली है ।

२—"लुम्मिनिगामे उबलिके कटे" = "लुंबिनी ग्रामका कर उठा दिया गया"। 'उबलिक' शब्द संस्कृत "उद्बालिक" का अपभ्रंश है जिसका अर्थ "बलिसे रहित" है। अतएव "उद्बालिक ग्राम" वह ग्राम है जिसका कर माफ कर दिया गया हो । पर ब्यूलर साहबने उबालिक को "अवबालिक" अथवा "अपबालिक" का अपभ्रंश माना है (Epigraphia Indica vol V P65)

ग्रामका कर उठा दिया गया और (पैदावारका) आठवां[1] भाग भी (जो राजाका हक़ था) उसी ग्रामको दे दिया गया।

१—"अठभागिये च" = "और आठवां भाग भी (ग्राम को) दे दिया गया" अर्थात् पैदावारका जो आठवां भाग राजाका अंश था वह भी उस गांवको माफ कर दिया गया। "अठभागिये" संस्कृत "अष्ट-भागी" का अपभ्रंश है। मनुने भी अध्याय ७ श्लोक १३० में लिखा है कि "पञ्चाशद्भाग आदेयो राज्ञा पशुहिरण्ययोः धान्यानामष्टमो भागः षष्ठो द्वादश एव वा" अर्थात् "राजा पशु तथा सुवर्णोंका ५० वां भाग तथा धान्य (खेतकी पैदावार) का ८ वां, ६ वां अथवा १२ वां भाग अपनी प्रजासे ले।" ऐसा मालूम पड़ता है कि अशोकके समयमें उस जिलेसे, जिसमें लुम्बिनी ग्राम स्थित था भूमिकी पैदावारका ८ वां भाग राजाका अंश लिया जाता था। अशोकने यह अष्टम भाग भी लुम्बिनी ग्रामको माफ कर दिया (I. R. A. S. 1908 6. 479-80)

[२] निग्लीव स्तंभ-लेख

मूल

(१) देवानं पियेन पियदसिन लाजिन चोदसवसा [भिसि] तेनं
(२) बुधस कोनाकमनस थुबे दुतियं वढिते [।]
(३) [वीसतिव] साभिसितेन च अतन आगाच महीयिते
(४) .... पापिते [।]

संस्कृत-अनुवाद

देवनां प्रियेण प्रियदर्शिना राज्ञा चतुर्दश वर्षाभिषिक्तेन बुद्धस्य कनकमुनेः स्तूपः द्वितीयं वर्द्धितः । विंशतिवर्षाभिषिक्तेन च आत्मना आगत्य महीयितं (शिलास्तंभः च) उत्थापितः ।

हिन्दी-अनुवाद

कनकमुनिके स्तूपका दर्शन करनेके लिये अशोककी यात्रा

देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजाने राज्याभिषेकके चौदह वर्ष बाद कनकमुनि[1] बुद्धके स्तूपको द्वितीय बार मरम्मत करायी और राज्याभिषेकके (बीस) वर्ष बाद स्वयं आकर (इस स्तूपकी) पूजा की और (एक शिला-स्तंभ) खड़ा किया[2]।

टिप्पणियां।

(१) कनकमुनि बुद्ध-बौद्धग्रन्थोंमें लिखा है कि गौतम बुद्ध या शाक्यमुनि बुद्धके पूर्व भिन्न भिन्न कल्पोंमें कुल मिला कर २४ बुद्ध हो चुके थे। कनकमुनि बाइसवें बुद्ध थे कनकमुनिका स्तूप अशोकके राज्यकालमें इतना पुराना हो चुका था कि उसकी दो बार मरम्मत करानी पड़ी थी। इससे मालूम पड़ता है कि पूर्व-कालीन बुद्धोंकी पूजा बहुत प्राचीन समयसे चली आ रही थी। कनकमुनि-के स्तूपका पता अबतक नहीं लगा है।

(२) इस लेखकी शैली उसी प्रकारकी है जिस प्रकारकी शैली रुम्मिनदेई वाले स्तंभलेखकी है। इससे मालूम पड़ता है कि दोनों लेख एक ही समयके हैं।

लघु स्तंम्भ-लेख

(१) सारनाथका स्तंभलेख

मूल

(१) देवा [नं पिये पियदसि लाजा] ....

(२) ए (ल) ....

(३) पाट [लिपुते] .. ये केन ।पि संघे भेतवे [।] ए चुं खो

(४) भिखू वा भिखुनि वा संघं भखति से ओदातानि दुसानि संनंधापयिया आनावासपि

(५) आवासयिये [।] हेवं इयं सासने भिखुसंघसि च भिखुनीसंघसि च विंनपयितविये [।]

(६) हेवं देवानं पिये आहा हेदिसा च एका लिपी तुफाकंतिकं हुवाति संसलनसि निखिता [।]

(७) इकं च लिपिं हेदिसमेव उपासकानंतिकं निखिपाथ [।] ते पि च उपासका अनुपोसथं यावु

(८) एतमेव सासनंविस्वं सयितवे [।] अनुपोसथं च धुवाये इकिके महामाते पोसथाये

(९) याति एतमेव सासनं विस्वंसयितवे अजानितवे च [।] आवतके च तुफाकं आहाले

(१०) सवत विवासयाथ तुफे एतेन वियंजनेन [।] हेमेव सवेसु कोटविसवेसु एतेन

(११) वियंजनेन विवासापयाथा [।]

संस्कृत-अनुवाद

देवा (नां प्रियः प्रियदर्शी राजा आह) पाटलिपुत्रे (तथा बाह्येषु च नगरेषु न) केन अपि संघः भक्तव्यः । यः तु खलु भिक्षुः वा भिक्षुकी वा संघं भंक्ष्यति सः अवदातानि दूष्याणि संनिधाप्य अनावासे आवासयितव्यः । एवं इदं शासनं भिक्षुसंघे च भिक्षुकीसंघे च विज्ञापयितव्यम् । एवं देवानां प्रियः आह—ईदृशी

च एका लिपिः युष्मदन्तिके भवतु इति संस्मरणे निक्षिप्ता । एकां च लिपिं ईदृशीं एव उपासकानां अन्तिके निक्षिपत । ते अपि च उपासकाः अनूपवसथं यान्तु एतदेव शासनं विश्वासयितुम् । अनूपवसथं च ध्रुवायां एकैकः महामात्यः उपवासाय याति एतत् एव शासनं विश्वासयितुं आज्ञापयितुं च । यावत् च युष्माकं आहारः सर्वत्र विवासयत यूयं एतेन व्यंजनेन । एवमेव सर्वेषु कोटविषयेषु एतेन व्यञ्जनेन विवासयत ।

हिन्दी-अनुवाद

संघमें फूट डालनेके लिये दण्ड

देवताओंके प्रिय प्रियदर्शी राजा ऐसा कहते हैं कि पाटलिपुत्र तथा प्रान्तोंमें कोई संघमें फूट न डाले । जो कोई—चाहे वह भिक्षु हो या भिक्षुनी (भिक्षुकी)-संघमें फूट डालेगा

टिप्पणियां ।

१—सारनाथ, कौशाम्बी और सांचीके लघुस्तंभ-लेखोंमें एक ही तरहकी बातें लिखी हुई हैं । इन तीनों लेखोंसे पता लगता है कि अशोक अपने जीवन

वह सफेद[१] कपड़ा पहनाकर उस[१] स्थानमें रख दिया जायगा जो भिक्षुकों या भिक्षुनियोंके

के उत्तर भागमें साम्राज्य और भिक्षु-संघ दोनोंके अधिपति थे। एक जगह वे सम्राट् गिने जाते थे और दूसरी जगह संघाधिपति। महाराज अशोककी यही एक विशेषता थी। संघको फूटसे बचानेके लिये ही अशोकने यह तीनों लघुस्तम्भ-लेख खुदाये थे। इस लेखके भावार्थसे मालूम पड़ता है कि यह लेख उच्च कर्मचारियोंको सम्बोधन करके लिखा गया था।

२—जो भिक्षुकी या भिक्षु संघमें फूट डालता था उससे भिक्षुकोंका पीत वस्त्र ले लिया जाता था और वह साधारण मनुष्योंकी तरह श्वेत वस्त्र पहनाकर संघसे बाहर कर दिया जाता था।

३—"आनावासासि" = "उस स्थानमें जो भिक्षुओं या भिक्षुकियोंके लिये उचित नहीं है"। डाक्टर फोगल और डाक्टर सेनाके मतमें इस शब्द-का पाठ "आनावासासि" है पर डाक्टर बेनिसके मतमें इसका पाठ "अनावासासि" है। फोगल साहबने निश्चय किया है कि "आनावासासि" अन्यावासे-का अपभ्रंश है जिसका अर्थ उन्होंने "In another residence" अर्थात् "दूसरे स्थानमें" किया है। सेना साहब यह स्वीकार करते हैं कि कदाचित् "आनावासासि" ही शुद्ध पाठ है पर वे इसका अर्थ "अन्यावासे" अथवा "दूसरे स्थानमें" नहीं करते। उनके मतमें "आनावास" आज्ञा-

लिये उचित नहीं है (अर्थात् वह भिक्षु समाजसे बहिष्कृत कर दिया जायगा)। इसी प्रकार हमारी यह आज्ञा भिक्षुसंघ और भिक्षुनी-संघको बता दी जाय। देवताओंके प्रिय ऐसा कहते है—इस[४] तरहका एक लेख आप लोगोंके समीप भेजा गया है जिसमें कि आप लोगे

वासका अपभ्रंश है जिसका अर्थ उन्होंने यह किया है कि "वह निवास-स्थान जो संघकी आज्ञासे भिक्षुको मिला हो"। डाक्टर वेनिसके मतमें शुद्ध पाठ "अनावासासि" है जिसका अर्थ उन्होंने "अनावासे" अर्थात् "वह स्थान जो भिक्षुओंके लिये उचित नहीं है किया है।

४—"हेदिसा च इका लिपी तुफाकंतिकं हुवाति संसलनासि निखिता"="इस तरहका एक लेख आप लोगोंके पास भेजा गया है जिसमें कि आप लोग उसे यॉद रक्खें"। कर्न तथा ब्लाक साहेबके आधारपर फोगल साहबने संसलनका अर्थ संस्मरण (अर्थात् "याद") यह किया है। यद्यपि संसलनका अर्थ संस्मरण होसकता है तथापि यह अर्थ यहांपर उचित नहीं मालूम पड़ता। क्योंकि "हेदिसा इकालिपी" अर्थात् "इस तरहका एक लेख" ये शब्द जो इस लेखमें आये हैं उनसे सन्देह होता है कि इस लेखकी एक दूसरी प्रति और भी थी। और यह सन्देह बाद वाले वाक्यसे पक्का हो जाता है जो इस प्रकार है—"इकं च लिपिं हेदिसं

से याद रक्खें। ऐसा ही एक लेख आप लोग उपासकोंके लिये भी लिख दें जिसमें कि वे

एव उपासकानंतिकं निखिपाथ" अर्थात् "ऐसा ही एक लेख आप लोग उपासकोंके लिये भी लिख दें।" अतएव टामस साहबके मतमें "संसलन" का अर्थ संस्मरण नहीं बल्कि संसरण है। यहांपर 'संसरण' शब्दका अर्थ यह है कि ऐसा स्थान जहां लोग आकर आपसमें मिलते या घूमते फिरते थे। संसरण शब्द सृ धातुसे निकला है जिसका अर्थ सरण करना या चलना है। संसरणमें (अर्थात् उस स्थानमें जहां भिक्षु लोग घूमने फिरनेके लिये या आपसमें मिलने जुलनेके लिये इकट्ठा होते थे) भिक्षुओंके लिये इस लेखकी एक प्रति स्तम्भपर खोदा दी गयी थी। उन उपासकोंके लिये जो भिक्षुओंके बिहारमें नहीं रहते थे या जो संसरणमें नहीं आते थे इस लेखकी एक प्रति किसी दूसरे स्थानपर रख दी गयी थी। टामस साहबके मतसे "हेदिसा च इका लिपी तुफाकंतिकं हुवाति संसलनसि निखिता। इकं च लिपिं हेदिसं एव उपासकानंतिकं निखिपाथ" का अर्थ है "इस तरहका एक लेख आप लोगोंके समीप हो इस लिये यह लेख संसरणमें रख दिया गया है। इसी तरहका एक लेख आप लोग उपासकोंके समीप भी रख दें।" (J. R. A. S. 1915 pp. 109-12) विन्सेण्ट स्मिथ साहबने "संसलन" या "संसरण" का अर्थ "आफिस" अथवा "राजकार्यके निमित्त कर्मचारियोंके मिलने-

हर[5] उपवासके दिन आकर इस आज्ञाके मर्मको समझें। साल भर प्रत्येक उपवासके दिन हरएक महामात्र उपवासव्रत पालन करनेके वास्ते इस आज्ञाके मर्मको समझाने तथा इसका प्रचार करनेके लिये जायगा। [6]जहां जहां आप लोगोंका अधिकार हो वहां वहां आप सर्वत्र इस आज्ञाके अनुसार प्रचार करें। इसी प्रकार आप लोग सब कोटों [7](गढ़ों) और विषयों (प्रान्तों) में भी इस आज्ञाको भेजें।

का स्थान" किया है। "हे दिसाच इका लिपी तुफाकंतिकं हुवाति संसलनसि निखिता" का अर्थ विन्सेण्ट स्मिथने इस प्रकार किया है — "इस तरह का एक लेख आप लोगोंके लिये आप लोगोंके दफतरमें भेज दिया गया है"।

५—"हर उपवासके दिन" = "अनुपोसथं"। हर महीनेमें चार "उपवासके दिन" होते हैं।

६—इसी तरहका एक वाक्य रूपनाथ वाले लघु शिला-लेखमें भी है। सारनाथ स्तम्भलेखके इस वाक्यसे रूपनाथ वाले शिलालेखका अर्थ स्पष्ट हो जाता है। रूपनाथ वाले शिलालेखकी ११ वीं टिप्पणी देखिये।

७—"कोट" और "विषय" में यह भेद है कि कोट उस स्थान या नगरको कहते थे जहां किलेबन्दी होती थी और सेनायें रहा करती थीं। कोट कदाचित् सेनापतियोंके अधिकारमें रक्खे जाते थे। विषयका अर्थ प्रान्त या प्रदेश है। हर एक विषय या प्रान्त एक एक उच्च-कर्मचारी अथवा विषय-पति के अधिकारमें रक्खा जाता था जिसके द्वारा राजाज्ञायें प्रकाशित की जाती थीं॥

[३] कौशाम्बी (प्रयाग) का स्तंभलेख

मूल

(१) ....ये [आ] नपयति कोसंबिय महमात

(२) ....म....संघसि नचि ये

(३) ....[संघं भो] खति भिखु व भिखुनी वा [पि] च [ओ]

(४) दा[ता]नि दुसानि. नं धापयितु आन[पे]स....व....य....

संस्कृत-अनुवाद

(देवानां प्रियः) आज्ञापयति कौशाम्ब्याः महामात्यान् (यत् संघः न भक्तव्यः ।) (यः तु खलु) संघं भंक्ष्यति भिक्षुः वा भिक्षुकी वा अपि च अवदातानि दूष्याणि संनिधाप्य अनावासे आवासयितव्यः ।

हिन्दी-अनुवाद

वही विषय जो सारनाथके स्तम्भ-लेखमें है

देवप्रिय प्रियदर्शी कौशाम्बीके महामात्रोंको इस प्रकार आज्ञा देते है—संघका नियम न उल्लंघन किया जाय। जो कोई संघमें फूट डालेगा वह श्वेत वस्त्र पहनाकर उस स्थानसे हटा दिया जायगा जहां भिक्षु या भिक्षुनियां रहती हैं (अर्थात् वह भिक्षु-समाजसे बहिष्कृत कर दिया जायगा)।

टिप्पणी।

१—जब तक सारनाथके स्तम्भ-लेखका पता नहीं लगा था तब तक कौशाम्बीके स्तम्भ-लेखका अर्थ ठीक ठीक नहीं मालूम हुआ था। सारनाथ-स्तम्भ-लेखसे यह सिद्ध हो जाता है कि कौशाम्बी वाला लेख सारनाथ-स्तम्भ-लेखका केवल एक दूसरा रूप है।

[३] सांचीका स्तम्भ-लेख

मूल

(३) ....ये संघं (४) भोखति भिखु वा भिखुनि वा ओदातानि (४) नि दुसानि सनंधापयितु अना. (५) ससि विसयेतविये [।] इछा हि मे किं-(६) ति संघस मगे चिलथितीके सियाति [।]

संस्कृत-अनुवाद

यः संघं भंक्ष्यति भिक्षुः वा भिक्षुकी वा अवदातानि दूष्याणि संनिधाप्य अनावासे आवासयितव्यः। इच्छा हि मे किमिति संघस्य मार्गः चिरस्थितिकः स्यात् इति।

हिन्दी-अनुवाद

वही विषय जो सारनाथके स्तंभ-लेखमें है

........भिक्षु और भिक्षुनी दोनोंके लिये (संघका) मार्ग नियत किया गया है........जो कोई भिक्षुनी या भिक्षु संघमें फूट डालेगा वह उस स्थानमें हटा दिया जायगा जो भिक्षुकों या भिक्षुनियोंके लिये उचित नहीं है। मेरी इच्छा है कि संघका मार्ग चिरस्थित रहे।

---

(४)—रानीका लेख

मूल

(१) देवानं पियषा वचनेना सवत महामता
(२) वतविया ए हेत दुतियाये देवीये दाने
(३) अंबावडिका वा आलमे व दानग [हे वा ए वाऽपि] अंने
(४) कीछि गनीयाति ताये देविये षे नानि....व....
(५) दुतियाये देवियेति तीवलमातु कालुवाकिये [।]

संस्कृत—अनुवाद

देवानां प्रियस्य वचनेन सर्वत्र महामात्याः वक्तव्याः यत् अत्र द्वितीयस्याः देव्याः दानं आम्रवाटिका वा आरामः वा दानगृहं वा यत् वा अन्यत् किंचित् गण्यते तस्याः देव्याः तत् अन्यानि वा (ज्ञातव्यानि) द्वितीयस्याः देव्याः इति तीवरमातुः कारुवाक्याः।

हिन्दी-अनुवाद

दूसरी रानीका दान

देवताओंके प्रिय सर्वत्र महामात्रोंको यह आज्ञा देते हैं—दूसरी[1] रानीने जो कुछ दान किया हो चाहे वह आम्रवाटिका हो या उद्यान या दान[3]-गृह अथवा और कोई चीज हो, वह सब

टिप्पणियां

१—यह लेख प्रयागके स्तम्भमें ऐसे स्थान-पर खुदा हुआ है जिससे मालूम पड़ता है कि यह ६ स्तम्भ-लेखोंके बादका होगा। इस लेखकी लिपि भी ६ स्तम्भ-लेखोंकी लिपिसे कुछ भिन्न है।

२—सप्तम स्तम्भ-लेख देखिये। उसमें लिखा है कि महामात्र तथा अन्य दूसरे प्रधान कर्मचारी अशोककी रानियोंके दान-कार्यका निरीक्षण करनेके लिये नियुक्त थे।

३—"दानगृह" = दानशाला = सदाव्रत अर्थात् वह स्थान जहां यात्रियोंको भोजन और कभी कभी एक रातके लिये ठहरनेका स्थान भी दिया जाता था।

"उसी रानीका दान गिना जाना चाहिये। यह सब कार्य दूसरी" रानी अर्थात् तीवरकी माता कारुवाकीके (पुण्यके निमित्त) किये गये हैं।

४—मालूम पड़ता है कि दूसरी रानीके साथ अशोकका विशेष प्रेम था और कदाचित् वही ज्येष्ठ राजकुमारकी माता थी। यदि ज्येष्ठ कुमार जीवित रहता तो कदाचित् वही राजगद्दीपर बैठता, पर ऐसा मालूम पड़ता है कि वह अशोकसे पहिले ही इस संसारसे चल बसा। अधिकतर बौद्ध ग्रन्थोंमें लिखा मिलता है कि अशोकके बाद उसका पौत्र गद्दीपर बठा। कारुवाकी कुल या गोत्रका नाम है जिसका अर्थ है "कारुवाक वंशकी"। रीतिके अनुसार रानीका व्यक्तिगत नाम नहीं लिखा गया। (सप्तम स्तम्भ-लेखकी १०वीं और ११वीं टिप्पणी देखिये)

तीन गुहा-लेख

मूल

(१)

(१) लाजिना पियदसिना दुवाडस [वसाभिसितेना]

(२) इयं [निगो] हकुभा दि [ना] आ - [जी -] विकेहि [।]

(२)

(१) लाजिना पियदसिना दुवा [—]

(२) डसवसाभिसितेना इयं

(३) कुभा खलतिक पवतासि

(४) दिना [आ -] जीविकेहि [।]

(३)

(१) ला [जा] पियदसी ए - [कु -] नवी [—]

(२) सतिवसा - [भि-] सित ....

(३) ....उथा त........

(४) सुंश.ख........

(५) [।]

संस्कृत-अनुवाद

(१)

राज्ञा प्रियदर्शिना द्वादशवर्षाभिषिक्तेन इयं न्यग्रोध-गुहा दत्ता आजीवकेभ्यः ।

(२)

राज्ञा प्रियदर्शिना द्वादशवर्षाभिषिक्तेन इयं गुहा खलतिक-पर्वते दत्ता आजीवकेभ्यः ।

(३)

राजा प्रियदर्शी एकोनविंशति वर्षाभिषिक्तः [सुप्रियगुहां खलतिक-पर्वते आजीवकेभ्यः दत्तवान्]।

हिंदी-अनुवाद

बराबर पहाड़ीमें अशोककी ओरसे आजीवकोंको गुहादान

(१) राजा प्रियदर्शीने राज्याभिषेकके १२ वर्ष बाद यह "न्यग्रोध-गुहा" आजीवकों[1] को दी।

टिप्पणी

१—आजीवक-वराहमिहिरकृत बृहज्जातककी टीकामें उपलने आजीवकोंको "नारायणाश्रित" लिखा है। इसलिये अध्यापक कर्न और डाक्टर ब्यूलरका मत है कि वे लोग वैष्णव या नारायणके उपासक थे। नन्द वच्छ (नन्द वात्स्य) किस संकिच्छ (कृश संकृच्छ) और मक्खलि गोसाल (मस्करि गोशाल) इस संप्रदायके प्रवर्तक थे। वे लोग नग्न फिरा करते थे और बहुत कठोर तपस्या करनेके लिये प्रसिद्ध थे। बौद्ध लोग उन्हें घृणाकी दृष्टिसे देखते थे।

भण्डारकर साहबका मत है कि आजीवक वैष्णव संप्रदायके न थे, क्योंकि दशरथके तीन गुहा-लेखोंमें उनके नामके आगे "भदन्त" शब्दका व्यवहार किया गया है। भदन्त शब्द हिन्दुओंके किसी भी सम्प्रदायके लिये कभी भी नहीं व्यवहार किया गया। (J. Bo. R. A. S, Vol XX)

(२) राजा प्रियदर्शीने राज्याभिषेकके १२ वर्ष बाद खलतिक पर्वतपर यह गुहा आजीवकोंको दी।

(३) राजा प्रियदर्शीने राज्याभिषेकके १९ वर्ष बाद खलतिक पर्वतपर "सुपिया-गुहा" आजीवकोंको दी।

दशरथके तीन गुहालेख

मूल

(१)

(१) वहियका कुभा दषलथेन देवानं पियेना
(२) आनंतलियं अभिषितेना [आजीविकेहि]
(३) भदंतेहि वाषनिषिदियाये निषिठे
(४) आचंदमषूलियं [।]

(२)

(१) गोपिका कुभा दषलथेना देवानं पि [–]
(२) येना आनंतालियं अभिषितेना आजी [–]
(३) विके [हि भदं] तेहि वाष नि [षि] दियाये
(४) निषिठा आचंदमषूलियं [।]

(३)

(१) वहथिका कुभा दषलथेना देव नं
(२) पियेना आनंतलियं अभिषितेना
(३) [आजीवि] के हि भदंते हि वा [पानि] षिदयाये
(४) निषिठा आचंदमषूलियं [।]

संस्कृत-अनुवाद

(१)

वाह्यका गुहा दशरथेन देवानां प्रियेण आनन्तर्यं अभिषिक्तेन (आजीवकेभ्यः) भदन्तेभ्यः वासनिषद्यायै निसृष्टा आचन्द्रमःसूर्यम् ।

(२)

गोपिका गुहा दशरथेन देवानां प्रियेण आनन्तर्यं अभिषिक्तेन आजीवकेभ्यः भदन्तेभ्यः वासनिषद्यायै निसृष्टा आचन्द्रमःसूर्यम् ।

(३)

वडथिका गुहा दशरथेन देवानां प्रियेण आनन्तर्यं अभिषिक्तेन आजीवकेभ्यः भदन्तेभ्यः वासनिषद्यायै निसृष्टा आचन्द्रमःसूर्यम् ।

हिन्दी-अनुवाद

नागार्जुनि पहाड़ीमें दशरथकी ओरसे आजीवकोंको गुहादान

(१) देवताओं[1] के प्रिय दशरथने राज्याभिषकके बाद ही "वहियका" गुहा "भदन्त[2]" आजीवकोंको जबतक[3] सूर्य चन्द्रमा स्थित हैं तब तक निवास करनेके लिये दी ।

टिप्पणियां

१—मूलमें "देवानं पियेना" ये दोना शब्द "दषलथेन" के बाद आये हैं । यह क्रम असाधारण मालूम पड़ता है । साधारणतया "देवानं पियेन" यह विशेषण विशेष्यके पहिले आता है । इसीसे डाक्टर फ्लीट साहबका मत है कि इसका अनुवाद इस प्रकारसे होना चाहिये—" देवाताओंके प्रिय (अर्थात् अशोक) से राज्याभिषिक्त होनेके अनन्तर ही दशरथने इ०"

२—भण्डारकर साहबका मत है कि "भदन्त एक ऐसी पदवी है जो किसी हिन्दू-धर्मावलम्बीके लिये कभी भी नहीं प्रयुक्त की गयी । अतएव आजीवक लोग वैष्णव सम्प्रदायकी एक शाखा नहीं हो सकते" ।

३—"आचंदमषूलियं" = 'आचन्द्रमःसूर्यम्" अर्थात् "जब तक सूर्य और चन्द्रमा स्थित हैं" । सप्तम स्तंभ लेखमें भी यह शब्द आया है ।

(२) देवताओंके प्रिय दशरथन राज्याभिषेकके अनन्तर ही "गोपिका" गुहा "भदन्त" आजीविकोंको जब तक सूर्य चन्द्रमा है तब तक निवास करनेके लिये दी ।

(३) देवताओंके प्रिय दशरथने राज्याभिषेकके अनन्तर "वडथिका" गुहा "भदन्त" आजीवकोंको जब तक सूर्य चन्द्रमा हैं तब तक निवास करनेके लिये दी ।

परिशिष्ट

परिशिष्ट—१

अशोककी लिपि

मानसेरा और शाहबाजगढीके दो "चतुर्दश लेखों"को छोडकर अशोकके बाकी धर्मलेख ब्राह्मी अक्षरोंमें खुदे हुए हैं। ब्राह्मी अक्षरोंकी उत्पत्तिके बारेमें अनेक भिन्न मत प्रचलित हैं। इन मतोंको हम संक्षेपमें नीचे लिखते हैं।

इस बातका निश्चय करना कठिन है कि ब्राह्मी अक्षरोंकी उत्पति किस प्रकार और किस युगमें हुई। प्राचीन किंवदन्ती यह है कि इस लिपिकी उत्पत्ति ब्रह्मा*से हुई, इसीसे इसको ब्राह्मी लिपिके नामसे पुकारते हैं। ललित विस्तर† नामक बौद्ध ग्रन्थ तथा दो एक जैन ग्रन्थोंमें भी ब्राह्मी या बंभी लिपिका उल्लेख मिलता है। बौद्ध चीनी यात्रियों‡के ग्रन्थोंमें भी उक्तलिपि ब्रह्मके नामसे कही गयी है। इस देशमें जितने प्रकारकी लिपियां प्रचलित थीं और वर्तमान समयमें प्रचलित हैं उन सबोंमें अशोक-लिपि ही प्राचीन है। इसीलिये अशोक लिपि "ब्राह्मी-लिपि" के नामसे कही गयी है

ब्राह्मी लिपिके अतिरिक्त एक और प्रकारकी लिपि भी इस देशमें प्रचलित थी। इस लिपिका प्रचार विशेष करके

* नाकरिष्यद्यदि ब्रह्मा लिखित चक्षुरुत्तमम्।
तत्रेयमस्य लोकस्य नाभविष्यत् शुभा गतिः॥
(नारद-स्मृति)

† ललितविस्तर, अध्याय १०

‡ Beal's "Buddhist Record of the Western World", Vol. I, p 77.

भारतवर्षके पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्तमें था । इसे खरोष्ट्री या खरोष्ठी लिपिके नामसे पुकारते थे। मानसेरा और शाह बाजगढ़ीके चतुर्दश शिलालेख इसी लिपिमें हैं ।

ब्राह्मी लिपिकी उत्पत्तिके बारेमें कुछ लोगोंका यह मत है कि यह इसी देशमें उत्पन्न हुई । पर कुछ विद्वानोंका कहना है कि यह विदेशसे यहां लायी गयी । डाक्टर टामस, गोल्डस्टूकर, राजेन्द्रलाल मित्र, लास्सेन आदि कई विद्वानोंकी राय है कि "ब्राह्मी" वर्णमालाकी उत्पत्ति इसी देशमें हुई । कनिंघम साहबके मतमें ब्राह्मी अक्षरोंकी उत्पत्ति प्राचीन भारतीय वस्तु-चित्र से हुई । दूसरा पक्ष बेबर, टाइलर, बेनफे, सर विलियम जोन्स, बूलर आदि अनेक विद्वानोंका है । इन विद्वानोंके मतमें ब्राह्मी अक्षर विदेशसे यहां लाये गये । जो लोग यह कहते हैं कि ब्राह्मी अक्षरोंकी उत्पत्ति विदेशसे हुई उनमें भी आपसमें मतभेद है। कुछ लोगोंका यह मत है कि ब्राह्मी अक्षर उत्तर सेमेटिक या फिनीशियन लिपिसे निकले और कुछ लोगोंका मत है कि यह लिपि दक्षिण सेमेटिक या अरबवालोंसे ग्रहण की गयी। पश्चिमी एशिया और अफ्रीकाकी अरबी, एरमेइक, सीरिअक, फिनीशियन, हिब्रू आदि भाषाओं और लिपियोंको सेमेटिक कहते हैं। सेमेटिक शब्द नूहके पुत्र शेमके नामपर बना है । प्राचीन समयमें एशियाके उत्तर-पश्चिमकी ओर सीरिया नामक देशको फिनीशिया कहते थे। फिनीशियाके रहनेवाले फिनीशियन कहलाते थे। फिनीशियन लोग प्राचीन समयमें बहुत सभ्य, पढ़े-लिखे और व्यापारी थे । यूरोप वालोंने उन्हींसे लिखनेकी विद्या सीखी। यूरोप की लिपियां भी उन्हींकी लिपिसे मिलती हैं ।

डाक्टर बूलरका मत है कि उत्तर सेमेटिक अक्षरोंसे प्राचीन ब्राह्मी अक्षरोंकी उत्पत्ति हुई । बूलर साहब अपनी इण्डियन पेलि-

योग्रफी नामक पुस्तकमें लिखते हैं कि " भारतवर्षमें सेमेटिक अक्षरोंके प्रवेशका समय ईसवी सन्के पूर्व ८०० के लगभग माना जा सकता है ."*

डाक्टर राइस डेविड्ज का मत है कि ब्राह्मी लिपि के अक्षर न तो उत्तरी सेमेटिक और न दक्षिणी सेमेटिक अक्षरोंसे बने हैं किन्तु उन अक्षरोंसे निकले हैं जिनसे उत्तरी और दक्षिणी सेमेटिक अक्षर स्वयं निकले हैं । अर्थात् ब्राह्मी अक्षर उस लिपिसे निकले हैं जो यूफ्रेटिस नदीकी घाटीमें सेमेटिक अक्षरोंसे पहिले ही प्रचलित थी ।†

प्राचीन फिनीशियन या उत्तर सेमेटिक लिपिके कुछ अक्षरों और ब्राह्मी लिपि के कुछ अक्षरोंमें थोड़ा बहुत सादृश्य होनेसे पूर्वोक्त बूलर आदि विद्वानोंने यह अनुमान करना प्रारम्भ किया कि ब्राह्मी अक्षर अवश्यमेव फिनीशियन या उत्तर सेमेटिक अक्षरोंसे निकले हैं ।

जिन लोगोंका यह मत है कि ब्राह्मी अक्षर विदेशी अक्षरोंसे निकले हैं वे अपने मतके समर्थनमें यह कहते हैं कि अति प्राचीन कालमें पश्चिम भारतके साथ बेबिलन आदि पश्चिमी एशियाके देशोंका बहुत घना व्यापारिक सम्बन्ध था और उन देशोंमें भारतीय व्यापारी प्रायः आया जाया करते थे बौद्ध जातक ग्रन्थोंमें बावेरु जातक नामकी एक रोचक कहानी पायी जाती है । बावरु शब्द बेबिलन का पाली रूपान्तर है । जातकोंमें भरुकच्छ (भरोच) और सुपारक (सुपारा) नामक पश्चिमी भारतके प्राचीन व्यापारिक केन्द्रोंका उल्लेख भी आता है ।

---

* Buhler's "Indian Palaeography" p 17.

† Rhys David's "Buddhist India" p 114.

इन्हीं स्थानोंसे भारतीय व्यापारीगण विदेशोंको जाया करते थे । जिन यूरोपीय विद्वानोंका यह मत है कि भारतीय व्यापारियोंने अपनी वर्णमाला सेमेटिक या फिनीशियन जातिसे प्राप्त की थी उनका यह विश्वास है कि इससे पहिले भारतवर्षमें अक्षरोंका प्रचार न था और न भारतवासी लिखना जानते थे । जब भारतीय व्यापारी व्यापारके लिये विदेशोंमें जाने लगे तो किसी प्रकारके अक्षरोंका ज्ञान न होनेसे उन्हें बड़ी कठिनता मालूम पड़ने लगी । अतएव उन्होंने फिनीशियन आदि विदेशी जातियोंसे लिखनेकी प्रणाली सीखी । पीछेसे भारतवासियोंने विदेशसे आयी हुई इस वर्णमालाको संस्कृत और प्राकृत भाषाके योग्य बनानेके लिये नये नये वर्णोंका आविष्कार किया जिससे यह लिपि और भी पूर्ण और परिष्कृत हो गयी ।

ब्राह्मी लिपि की उत्पत्ति किसी विदेशी लिपिसे हुई, यह मत सर्वथा माननीय नहीं है । संस्कृत साहित्यमें इस बातके अनेक प्रमाण हैं कि अति प्राचीन कालमें भी लिपि विद्याका प्रचार इस देशमे था । महाभारत, वशिष्ठ धर्मसूत्र, मनुस्मृति, कौटिलीय अर्थशास्त्र, वात्स्यायन कामसूत्र, आदि प्राचीन ग्रन्थोंमें लिपि-विद्याका वर्णन अनेक प्रकारसे मिलता है । शतपथ ब्राह्मण में "एक वचन" "बहुवचन" तथा तीनों लिंगोंके भेदकी विवेचना पायी जाती है । पाणिनीय व्याकरण में "लिपि" 'लिबि" 'लिपिकर" "यवनानी" (यवनोंकी लिपि) और 'ग्रन्थ" शब्द मिलते हैं । इसके अतिरिक्त कई वैदिक ग्रन्थोंमें ' अक्षर" "काण्ड" "पटल" "ग्रन्थ" आदि शब्दोंका प्रयोग दिखलायी पड़ता है ।

प्राचीन बौद्ध साहित्य और विशेष करके त्रिपिटक नामक बौद्ध ग्रन्थोंमें भी लिपि-विद्याका वर्णन मिलता है । विनयपिटक

में "लेख" और "लेखक" शब्दोंका प्रयोग दिखलायी पड़ता है। कुछ बौद्ध ग्रन्थोंमें अक्खरिका (अक्षारिका) नामक एक प्रकारके खेलका जिक्र आता है। जातकोंमें "पाठशाला" "काष्ठफलक" "लेखनी", "पत्र", "पुस्तक" आदिका उल्लेख पाया जाता है। पाठशालाओंमें लिखनेकी विद्या और गिनती सिखायी जाती थी। इसके अलावा प्राचीन ग्रन्थोंमें "छिन्दति", "लिखति", "लेख", "लेखक", "अक्षर" तथा लिखनेकी सामग्री अर्थात् "काष्ठ", "वंश", "पत्र" तथा सुवर्णपट्ट आदिका उल्लेख मिलता है।

अशोक-लिपि की आकृति, बनावट इत्यादिके ऊपर विचार करनेसे भी यह स्पष्ट विदित होता है कि इस लिपिका प्रचार भारतवर्षमें शताब्दियोंसे चला आ रहा था। अशोक-लिपिकी आकृति बहुत ही परिष्कृत और सरल है। उसे ध्यान पूर्वक देखनेसे इस बातका पता अच्छी तरहसे लग जाता है कि उस अवस्था तक पहुंचनेमें ब्राह्मी लिपि को अनेक शताब्दियां लग गयी होंगी। अशोक के समयमें तथा अशोकके बाद भी बहुत काल तक भारतवर्षके अधिकतर स्थानोंमें इसी लिपि-का प्रचार था। दूरके पश्चिमी प्रान्तों तक यही लिपि प्रचलित थी। प्राचीन गान्धार प्रदेश (पेशावर, रावलपिण्डी और काबुलके जिले) के ध्वंसावशेषोंमें अनेक प्राचीन सिक्के ब्राह्मी अक्षरों में खुदे हुए पाये गये हैं। वहां बहुतसे सिक्के ऐसे भी मिले हैं जिनपर "ब्राह्मी" और "खरोष्ठी" दोनों अक्षर एक साथ खुदे हुए हैं। एक समय ब्राह्मी लिपि ही प्राचीन भारत-वर्षकी राष्ट्रीय लिपि थी। कुषन, गुप्त, प्राचीन द्राविड़, देवनागरी, बंगला, तिब्बती, उड़िया, गुरुमुखी, सारदा, सिन्धी, ग्रन्थ, तेलगू, तामिल, मलयालम, सिंहाली, बर्मी, श्यामी, इत्यादि भारतवर्षकी तथा

भारतवर्षके बाहरकी कई प्राचीन तथा आधुनिक लिपियां इसी ब्राह्मालापसे निकली हैं। संस्कृत और बौद्ध साहित्यके प्रमाणोंसे पता लगता है कि विक्रमीय संवत्के पूर्व षष्ठ शताब्दीमें तथा उसके बहुत पाहिले भी इस देशमें लिखनेका प्रचार था।

भारतवर्षके उत्तर-पश्चिम प्रान्तमें जिस लिपिका प्रचार था उसे खरोष्ट्री अथवा खरोष्ठी लिपिके नामसे पुकारते थे। किसी किसीका मत है कि इस लिपिका आकार "खर" (गदहा) और उष्ट्र (ऊंट) की तरह था इसलिये इस लिपिको खरोष्ट्री कहते थे। चीनके प्राचीन ग्रन्थोंसे पता लगता है कि इस लिपिका निर्माता खरोष्ठ नामक आचार्य था जिसके नामपर इस लिपिका नाम खरोष्ठी पड़ा*। वि० पू० तृतीय शताब्दीसे लेकर विक्रमीय संवत्की चतुर्थ शताब्दी तक इस लिपिका प्रचार भारतवर्षमें रहा। अशोकके बाद इस लिपिका प्रचार बहुधा विदेशी राजाओंके सिक्कों और शिलालेखोंमें मिलता है। भोजपत्रपर इस लिपिमें लिखे हुए ग्रन्थ भी पाये गये हैं। यह लिपि दाहिनी ओरसे बांई ओरको लिखी जाती थी। कई विद्वानोंका मत है कि यह लिपि एरेमेइक अथवा सीरिया देशकी लिपिसे निकली है। सीरियन लिपि वि० पू० पंचम अथवा चतुर्थ शताब्दीके लगभग समस्त पारसीक साम्राज्यमें अर्थात एशियामाइनरसे लगाकर गान्धार पर्यन्त समग्र एशिया खण्डमें व्यापारियों तथा शासकोंके समुदायमें प्रचलित थी। हिन्दुस्तानका ईरानके साथ प्राचीन कालसे सम्बन्ध था। ईरान का बादशाह साइरस (वि० पू० ५०१ ४७३) गांधारदेश तक विजय करता हुआ चढ़ आया था।

* Indian Antiquary, Vol. 34 p. 21

वि० पू० ४४३ के लगभग ईरानके सम्राट् दारा (प्रथम) ने सिन्धु नदी तक हिन्दुस्तानका प्रदेश अपने अधीन किया । संभव है कि इन पारसीक सम्राटोंके द्वारा इस लिपिका प्रचार पंजाबमें हुआ हो । बादको यह लिपि प्राकृत भाषा लिखनेके योग्य बना ली गयी । ब्राह्मणोंने खरोष्ठी लिपि-का प्रयोग अपने ग्रन्थोंमें कभी नहीं किया क्योंकि वह संस्कृत भाषामें लिखे जानेके योग्य न थी । अब तक इस लिपिमें लिखे हुए जितने ग्रन्थ मिले हैं उनमेंसे एक भी ऐसा नहीं है जो ब्राह्मणोंके धर्मसे सम्बन्ध रखता हो । †

† "ब्राह्मी" और "खरोष्ठी" लिपियोंके बारेमें विशेष जाननेके लिये निम्नलिखित पुस्तकें देखनी चाहिये—

(१) बूलर कृत इण्डियन पेलियोग्राफी

(२) Buhler's "Origin of the Brahma and Kharosthi Alphabets".

(३) Rhys David's "Buddhist India"

(४) पंडित गौरीशंकर हीराचंद ओझा रचित "भारतीय प्राचीन लिपिमाला ।"

(५) "The Kharosthi Alphabet" by R.D. Bannerji in J. R. A. S., 1920, p 193-219

परिशिष्ट—२

पालीका संक्षिप्त व्याकरण

वर्णमाला

पालीमें निम्नलिखित स्वर और व्यंजन पाये जाते हैं—

स्वर—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ।

व्यंजन—क, ख, ग, घ, ङ
च, छ, ज, झ, ञ
ट, ठ, ड, ढ, ण
त, थ, द, ध, न
प, फ, ब, भ, म
य, र, ल, व
स, ह, ळ (वैदिक)

स्वरोंमें परिवर्त्तन

पालीमें ऋ, लृ, ऐ और औ स्वर नहीं होते। ऋ का स्थान निम्नलिखित स्वरोंमेंसे कोई एक स्वर लेता है—

(१) अ—यथा अच्छ = ऋक्ष; तसित = तृषित; गह = गृह; मच्चु = मृत्यु; मट्ठ = मृष्ट।

(२) इ—यथा इण = ऋण; किस = कृश; मिग = मृग; सिगाल = शृगाल।

(३) उ—यथा उसभ = ऋषभ; पुच्छति = पृच्छति; वुट्ठि = वृष्टि।

(४) ए—यथा गेह = गृह।

संस्कृतके ऐ और औ पालीमें ए और ओ हो जाते हैं यथा—गोतम=गौतम; एरावण=ऐरावण; मेत्री = मैत्री

संस्कृतका अ पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करता है—

(१) ए—यथा एत्थ = अत्र; हेट्ठा = अधस्तात्; अन्तेपुर = अन्तःपुर; सेय्या = शय्या।

(२) इ—यथा तिपु = त्रपु; तिमिस = तमस; तिमिस्सा = तमिस्रा।

(३) उ—यथा निमुज्जति = निमज्जति; पज्जुण्ण = पर्जन्य

(४) ओ—यथा तिरोक्ख = तिरस्क।

संस्कृतका आ पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करता है—

(१) ए—यथा पारेवत = पारावत; आचेर = आचार्य।

(२) ओ—यथा परोवर = परावर; दोसो = दोषा।

(३) ऊ—यथा पारगू = पारगा; विञ्ञु विज्ञा।

संस्कृतकी इ पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करती है—

(१) अ—यथा पठवी = पृथिवी; पोक्खरणी = पुष्करिणी; घरणी = गृहिणी

(२) ए—यथा एत्त = इयन्त (इतना); वेमज्झ = विमध्य एट्ठि = इष्टि

(३) उ—यथा राजुल = राजिल; गेरुक = गैरिक ।

संस्कृतकी ई पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करती है—

(१) अ—यथा भस्म = भीष्म

(२) आ—यथा तिरच्छान = तिरश्चीन ।

(३) ए—खेल = क्रीड़ा; सेफालिका = श्रीफालिका (सरीफा)

(४) उ—यथा डुभ् = ष्ठीव् (थूकना)

संस्कृतका उ पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करता है—

(१) अ—यथा सक्खलि = शष्कुलि; अगलु = अगुरु; फल्लति = फुल्लति; फरति = स्फुरति ।

(२) इ—यथा दिन्दिम = दुन्दुभि ।

(३) ओ—ओक्का = उल्का; पोत्थलिका = पुत्तलिका; अनोपम = अनुपम ।

संस्कृतका ऊ पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करता है—

(१) आ—यथा मसारक = मसूरक; भाकुटि = भ्रूकुटि

(२) इ,ई—यथा भीयो, भिय्यो = भूयस्; निपुर = नूपुर ।

(३) ओ—ओज = ऊर्जस; ओनवीसति = ऊनविंशति ।

संस्कृतका ए पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करता है—

(१) अ—यथा मिलक्ख = म्लेच्छ ।

(२) आ—यथा कायूर = केयूर ।

(३) इ—यथा उब्बिल्ल = उद्वेल ।

(४) ओ—यथा अतिप्पगो = अतिप्रगे (बहुत तड़के)

संस्कृतका ओ पालीमें निम्नलिखित रूप ग्रहण करता है–संयुक्त व्यञ्जनके पहिले ओ का उ और असंयुक्त व्यञ्जनके पहिले ओ का ऊ हो जाता है–यथा जुण्हा = ज्योत्स्ना; विसूक = विशोक; दूभ = द्रोह ।

बहुधा संयुक्त व्यंजनके पहिले वाला दीर्घस्वर ह्रस्व हो जाता है–यथा सन्त, दन्त, वन्त = शांत, दान्त, वान्त; सक्य सक्क = शाक्य, बह्य = बाह्य ।

बहुधा सानुनासिक स्वर बदलकर दीर्घस्वर हो जाता है–यथा सीह = सिंह, वीसति = विंशति; साराग = सम्राग ।

बहुधा दीर्घस्वर के स्थानपर सानुनासिक ह्रस्व स्वर हो जाता है—यथा सनंतन = सनातन; सम्मुंजनी = सम्मार्जनी ।

बहुधा शब्दके अन्तमें अनुस्वार जोड दिया जाता है—यथा सक्कच्चं = सत्कृत्य (आदर पूर्वक) कुदाचनं = कदाचन ।

अपि, इति, इव, और एव के पहिलेका स्वर लोप हो जाता है यथा पि = अपि; ति = इति; व = इव अथवा एव ।

व्यंजनोंमें परिवर्त्तन ।

(१) कवर्ग–संस्कृतका कवर्ग पालीमें चवर्ग का रूप ग्रहण करता है, यथा चुन्द = कुन्द ।

(२) चवर्ग–संस्कृतका चवर्ग पालीमें कवर्ग का रूप ग्रहण करता है, यथा भिसक्क = भिषज्; पभगुन = प्रभंजन ।

(३) टवर्ग–संस्कृतका टवर्ग पालीमें तवर्ग का रूप ग्रहण करता

हैं, यथा चेतक=चेटक; देरिडम=डिरिडम; कुब्बान=कुर्वाण; घान=घ्राण।

(४) तवर्ग—संस्कृतका तवर्ग पालीमें टवर्ग का रूप ग्रहण करता है, यथा पज्जुण्ण=पर्जन्य; पासण्ड=पषंड।

बहुधा दकारका रूप लकारमें बदल जाता है—यथा आलिंपन-आदीपन, दोहल-दौहृद, कोविलार-कोविदार।

(५) पवर्ग—पकार का रूप मकार में बदल जाता है, यथा सुमन्त=सुपन्त (सोते हुए); धूमायति=धूपायति।

भकारका रूप मकारमें बदल जाता है—यथा दिंदिम=दुन्दुभि।

(६) अन्य व्यंजन—

(क) यकार बहुधा वकारका रूप ग्रहण करता है—यथा कीव=कियन्त; तिवंगुल=त्र्यंगुल, कंडुवति=कंडूयति; मिगव=मृगया।

यकार बहुधा रकारमें भी बदल जाता है—यथा कुलीर=कुलीय; बाहिर=बाह्य।

यकार बहुधा लकारमें भी बदल जाता है—यथा लट्ठि=यष्टि; जोतलति=ज्योतयति।

(ख) वकार बहुधा यकारका रूप ग्रहण करता है—यथा दाय=दाव (जंगल)

वकार बहुधा बकारमें भी बदल जाता है—यथा परिब्बसान=परिवसान; सिब्बन=सीवन; सुब्बुट्ठि=सुवृष्टि; बालिवद्द=बलिवर्द; कबल=कवल।

वकार बहुधा पकारमें भी बदल जाता है-यथा पजापती=प्रजावती (भार्या); अपदान=अवदान।

(ग) रकार बहुधा लकार का रूप ग्रहण करता है-यथा लुद्द=रुद्र; एलंड=एरंड; पलिपन्न=परिपन्न; सुखुमाल=सुकुमार; अगलु=अगुरु।

(घ) लकार बहुधा रकारका रूप ग्रहण करता है यथा किर=किल; आरम्मन=आलंबन।

लकार बहुधा नकारमें बदल जाता है-यथा नलाट=ललाट, नंगुल=लांगूल; देहनी=देहली।

(च) पालीमें शकार और षकार नहीं हैं अतएव वे सकार का रूप ग्रहण करते हैं।

संयुक्त व्यंजन।

संयुक्त व्यंजनमें साधारणतया पहिला अक्षर दूसरे अक्षरका रूप ग्रहण करता है यथा—

क का रूप त में बदल जाता है-यथा मुत्त=मुक्त; सत्ति=शक्ति; सत्तु=शक्तु। क्थ का रूप त्थमें बदल जाता है-यथा सत्थि=शक्थि। ग्धका रूप द्ध में बदल जाता है यथा दुद्ध=दुग्ध। ग्भ का रूप ब्भ में बदल जाता है यथा पब्भार=प्राग्भार। ड्ग का रूप ग्ग में बदल जाता है यथा खग्ग=खड्ग। त्क का रूप क्क में बदल जाता है यथा उक्कार=उत्कार। त्प का रूप प्प में बदल जाता है यथा उप्पतति=उत्पतति। द्ग का रूप ग्ग में बदल जाता है यथा पुग्गल=पुद्गल। द्घ का रूप ग्घ में बदल जाता है यथा उग्घरति=उद्घरति। द्ब=ब्ब

यथा बुब्बुल = बुद्बुद। प्त = त्त यथा वुत्त = उप्त। ब्द = द्द यथा सद्द = शब्द। ब्ध = द्ध यथा लद्ध = लब्ध।

बहुधा दूसरा अक्षर पहिले अक्षरका रूप ग्रहण करता है यथा—

क्न = क्क — यथा सक्कोति = शक्नोति।

ग्न = ग्ग — यथा अग्गि = अग्नि।

घ्न = ग्घ — यथा विग्घ = विघ्न।

त्न = त्त — यथा सपत्ती = सपत्नी।

त्म = त्त — यथा अत्ता = आत्मा।

थ्न = त्थ — यथा अभिमत्थाति = अभिमथ्नाति।

द्म = द्द — यथा छद्द = छद्मन्।

प्न = प्प — यथा पप्पोति = प्राप्नोति।

यकार का जिस व्यंजनके साथ संयोग रहता है उसीका रूप वह ग्रहण कर लेता है पर त्यका रूप च्च में बदल जाता है। यथा—

क्य = क्क — यथा उस्सुक्क = औत्सुक्य।

ग्य = ग्ग — यथा योग्ग = योग्य।

च्य = च्च — यथा उच्चति = उच्यते।

ड्य = ड्ड — यथा कुड्ड = कुड्य।

ण्य = ण्ण — यथा पुण्ण = पुण्य।

त्य = च्च — यथा आहच्च = आहत्य, एकच्च = एकत्य

प्य = प्प — यथा तप्पति = तप्यते।

भ्य = ब्भ — यथा लब्भति = लभ्यते।

र्य = रिय — यथा आचरिय = आचार्य, सुरिय = सूर्य।

बहुधा र्य का रूप यिर में बदल जाता है यथा आयिर = आर्य, भयिरा = भार्या।

कभी कभी र्य का रूप य्य में बदल जाता है यथा—
अय्य = आर्य; जिय्यति = जीर्यति।

कभी कभी र्य का रूप ल्ल में बदल जाता है यथा—
पल्लंक = पर्यंक।

व्य का रूप बहुधा ब्ब में बदल जाता है—यथा
अभब्ब = अभव्य; सिब्बाति = सीव्यति।

ह्य का रूप कभी कभी य्ह में बदल जाता है—यथा
मय्हं = मह्यं।

मूर्द्धन्य रेफ अपने बाद वाले व्यंजनका रूप ग्रहण करता है।
यथा—

र्क = क्क — यथा सक्करा = शर्करा
र्ग = ग्ग — यथा वग्ग = वर्ग
र्च = च्च — यथा अच्चि = अर्चिः
र्छ = च्छ — यथा मुच्छति = मूर्छति
र्ज = ज्ज — यथा सज्ज = सर्ज
र्ण = ण्ण — यथा कण्ण = कर्ण
र्त = ट्ट — यथा आवट्ट = आवर्त
र्थ = त्थ — यथा अत्थ = अर्थ
र्द = द्द — यथा अद्दित = अर्दित
र्प = प्प — यथा कप्पूर = कर्पूर
र्ब = ब्ब — यथा अब्बुद = अर्बुद
र्भ = ब्भ — यथा गब्भ = गर्भ
र्म = म्म — यथा कम्म = कर्म
र्श = स्स — यथा दस्सन = दर्शन

बहुधा रेफ (किसी व्यञ्जनके बाद ही आनेवाला र) अपने पहिलेके व्यंजनका रूप ग्रहण करता है, यथा--

क्र = क्क — यथा वक्क = वक्र
ग्र = ग्ग — यथा वग्ग = व्यग्र
त्र = त्त — यथा सत्तु = शत्रु
त्र = त्थ — यथा तत्थ, यत्थ, कत्थ = तत्र, यत्र, कुत्र
द्र = द्द — यथा हलिद्दी = हरिद्री
प्र = प — यथा पिय = प्रिय; पति = प्रति

व्र यदि शब्दके आदिमें हो तो व्र का रूप व में बदल जाता है यथा — वजति = व्रजति ।

व्र यदि शब्दके बीचमें हो तो व्र का रूप ब्ब में बदल जाता है यथा-गिरिब्बज = गिरिव्रज ।

बहुधा श के बाद र् का लोप हो जाता है यथा-सावक = श्रावक ।

ल् बहुधा अपने बाद वाले व्यंजनका रूप ग्रहण करता है—यथा कप्प = कल्प; पगब्भ = प्रगल्भ; जम्म = जाल्म

ल्व = ल्ल — यथा खल्लाट = खल्वाट,
र्ल = ल्ल — यथा दुल्लभ = दुर्लभ ।

व बहुधा अपने पहिले वाले व्यंजनका रूप ग्रहण करता है, यथा-पक्क = पक्व; चत्तारो = चत्वारः ।

द्व का वकार बहुधा लोप हो जाता है यथा दीप = द्वीप
ध्व = द्ध — यथा अद्धा = अध्वन् !

श् का रूप इस प्रकार बदल जाता है--

श्व = स्स – यथा अस्स = अश्व ।

श्च = च्छ – यथा निच्छरति = निश्चरति

श्न = ञ्ह – यथा पञ्ह = प्रश्न

क्ष का रूप बहुधा क्ख अथवा च्छ में बदल जाता है – यथा चक्खु = चक्षुः; गवक्ख = गवाक्षः; रुक्ख तथा वच्छ = वृक्षः; तक्खसिला = तक्षशिला

ष्क तथा स्क = क्ख – यथा निक्ख = निष्क

ष्ट तथा ष्ठ = ट्ठ – यथा भट्ठ = भ्रष्ट

ष्प तथा ष्फ = प्फ – यथा पुप्फ = पुष्पः निप्फल = निष्फल

ष्ण = ण्ह – यथा उण्ह = उष्ण

त्स बहुधा च्छ में बदल जाता है यथा – संवच्छर = संवत्सर; उच्छंग = उत्संग

कारकोंके रूप

संस्कृतकी तरह पालीमें भी सात विभक्तियां हैं। पर पालीमें द्विवचन नहीं होता। चतुर्थी तथा षष्ठीका रूप प्रायः एक ही रहता है। इसी तरहसे तृतीया तथा पंचमीका रूप भी बहुधा समान रहता है। संस्कृतकी तरह पालीमें भी तीन लिंग होते हैं।

अकारान्त पुल्लिंग धम्म शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता	धम्मो	धम्मा, धम्मासे
कर्म	धम्मं	धम्मे
करण	धम्मेन	धम्मेभि, धम्मेहि

संप्रदान	धम्मस्स (धम्माय)	धम्मानं
अपादान	धम्मा, धम्मस्मा, धम्मम्हा	धम्मेभि, धम्मेहि
संबन्ध	धम्मस्स	धम्मानं
अधिकरण	धम्मे, धम्मस्मिं धम्मम्हि	धम्मेसु
संबोधन	धम्म, धम्मा	धम्मा

अकारांत नपुंसकलिंग रूप शब्द

	एकवचन	
कर्त्ता, संबोधन, कर्म	रूपं	रूपानि, रूपा
करण	रूपेन	रूपेभि, रूपेहि
संप्रदान	रूपस्स (रूपाय)	रूपानं
अपादान	रूपा, रूपस्मा, रूपम्हा	रूपेभि, रूपेहि
संबन्ध	रूपस्स	रूपानं
अधिकरण	रूपे, रूपस्मिं रूपम्हि	रूपेसु

आकारांत स्त्रीलिंग कञ्ञा शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता	कञ्ञा	कञ्ञा, कञ्ञायो
संबोधन	कञ्ञे	कञ्ञा, कञ्ञायो
कर्म	कञ्ञं	कञ्ञा, कञ्ञायो
करण	कञ्ञाय	कञ्ञाभि, कञ्ञाहि

संप्रदान	कञ्ञाय	कञ्ञानं
अपादान	कञ्ञाय	कञ्ञाभि, कञ्ञाहि
संबन्ध	कञ्ञाय	कञ्ञानं
अधिकरण	कञ्ञायं, कञ्ञाय	कञ्ञासु

इकारांत पुल्लिंग **अग्गि** शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता, संबोधन	अग्गि	अग्गयो, अग्गी
कर्म	अग्गिं	अग्गी, अग्गयो
करण	अग्गिना	अग्गीभि, अग्गीहि
संप्रदान	अग्गिनो, अग्गिस्स	अग्गीन
अपादान	अग्गिना, अग्गिम्हा अग्गिस्मा	अग्गीभि, अग्गीहि
संबन्ध	अग्गिनो, अग्गिस्स	अग्गीनं
अधिकरण	अग्गिस्मि, अग्गिम्हि	अग्गीसु

इकारांत नपुंसकलिंग **अक्खि** शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता, संबोधन	अक्खि, अक्खिं,	अक्खीनि, अक्खी
कर्म	अक्खिं	अक्खीनि, अक्खी
करण	अक्खिना	अक्खीभि, अक्खीहि
संप्रदान	अक्खिनो, अक्खिस्स	अक्खीनं
अपादान	अक्खिना, अक्खिस्मा, अक्खिम्हा	अक्खीभि, अक्खीहि
संबन्ध	अक्खिनो, अक्खिस्स	अक्खीनं
अधिकरण	अक्खिस्मिं, अक्खिम्हि	अक्खीसु

इकारांत स्त्रीलिंग रत्ति शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता संबोधन	रत्ति	रत्तियो, रत्ती
कर्म	रत्तिं	रत्ती, रत्तियो
करण अपादान	रत्तिया	रत्तीभि, रत्तीहि
संप्रदान संबन्ध	रत्तिया	रत्तीनं
अधिकरण	रत्तियं, रत्तिया	रत्तीसु,

ईकारान्त स्त्रीलिंग नदी शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता संबोधन	नदी	नदियो, नज्जो, नदी
कर्म	नदिं	नदी, नदियो, नज्जे
करण अपादान	नदिया, नद्या, नज्जा	नदीभि, नदीहि
संप्रदान संबन्ध	नदिया, नद्या, नज्जा	नदीनं
अधिकरण	नदियं, नज्जं, नदिया	नदीसु

उकारान्त पुलिंग भिक्खु शब्द

कर्त्ता	भिक्खु	भिक्खवो, भिक्खू
संबोधन	भिक्खु	भिक्खवो, भिक्खवे, भिक्खू

कर्म	भिक्खुं	भिक्खू, भिक्खवो
करण	भिक्खुना	भिक्खूभि, भिक्खूहि
संप्रदान } संबन्ध }	भिक्खुनो, भिक्खुस्स	भिक्खूनं
अपादान	भिक्खुना, भिक्खुस्मा, भिक्खुम्हा	भिक्खूभि, भिक्खूहि
अधिकरण	भिक्खुस्मिं, भिक्खुम्हि	भिक्खूसु

उकारान्त स्त्रीलिंग **धेनु** शब्द

कर्त्ता } संबोधन }	धेनु	धेनुवो, धेनुयो, धेनू
कर्म	धेनुं	धेनू, धेनुयो
करण } अपादान }	धेनुया	धेनूभि, धेनूहि
संप्रदान } संबन्ध }	धेनुया	धेनूनं
अधिकरण	धेनुयं, धेनुया	धेनूसु

पुल्लिंग **अत्तन्** (आत्मन्) शब्द

	एक वचन	बहुवचन
कत्ता	अत्ता	अत्तानो
संबोधन	अत्त, अत्ता	अत्तानो
कर्म	अत्तानं, अत्तं	अत्तानो
करण	अत्तना (अत्तेन)	अत्तनेभि, अत्तनेहि

संप्रदान, संबन्ध	अत्तनो	अत्तानं
अपादान	अत्तना	अत्तनेभि, अत्तनेहि
अधिकरण	अत्तनि	अत्तनेसु

पुल्लिंग दण्डिन् शब्द

कर्त्ता	दण्डी	दण्डिनो, दण्डी
संबोधन	दण्डि	दण्डिनो, दण्डी
कर्म	दण्डिनं, दण्डिं	दण्डिनो, दण्डी
करण	दण्डिना	दण्डीभि, दण्डीहि
संप्रदान, संबन्ध	दण्डिनो, दण्डिस्स	दण्डीनं
अपादान	दण्डिना, दण्डिस्मा, दण्डिम्हा	दण्डीभि, दण्डीहि
अधिकरण	दण्डिनि, दण्डिस्मिं, दण्डिम्हि	दण्डीसु

पुल्लिंग सत्था (शास्तृ) शब्द

कर्त्ता	सत्था	सत्थारो
संबोधन	सत्थ, सत्था	सत्थारो
कर्म	सत्थारं, सत्थरं	सत्थारो, सत्थारे
करण	सत्थरा, सत्थारा, सत्थुना	सत्थारेभि, सत्थारेहि
संप्रदान, संबन्ध	सत्थु, सत्थुस्स	सत्थानं, सत्थारानं
अपादान	सत्थरा, सत्थारा	सत्थारेभि, सत्थारेहि
अधिकरण	सत्थरि	सत्थारेसु

पुल्लिंग **पिता** (पितृ) शब्द ।

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता	पिता	पितरो
संबोधन	पित, पिता	पितरो
कर्म	पितरं, पितुं	पितरो, पितरे
करण	पितरा, पितुना पेत्या	पितरेभि पितरेहि, पितूभि, पितूहि
संप्रदान } संबन्ध }	पितु, पितुनो, पितुस्स	पितरानं, पितानं, पितूनं पितुन्नं
अपादान	पितरा	पितरेभि, पितरेहि, पितूभि पितूहि
अधिकरण	पितरि	पितरेसु, पितूसु, ।

स्त्रीलिंग **माता** (मातृ) शब्द ।

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता	माता	मातरो
संबोधन	मात, माता	मातरो
कर्म	मातरं	मातरो, मातरे
करण } अपादान }	मातरा, मातुया, मात्या	मातरेभि, मातरेहि, मातूभि मातूहि
संप्रदान } संबन्ध }	मातु, मातुया, मात्या	मातरानं, मातानं, मातूनं, मातुन्नं
अधिकरण	मातरि, मातुयं, मात्यं मातुया, मात्या	मातरेसु, मातूसु

करण	सब्बेन	सब्बेहि, सब्बेभि
संप्रदान संबन्ध	सब्बस्स	सब्बेसं, सब्बेसानं
अपादान	सब्बस्मा, सब्बम्हा	सब्बेहि, सब्बेभि
अधिकरण	सब्बस्मिं, सब्बम्हि	सब्बेसु
सम्बोधन	सब्ब, सब्बा	सब्बे

सब्ब शब्दके स्त्रीलिंगमें आकारान्त कञ्जा शब्दकी तरह रूप चलता है केवल संप्रदान और संबन्धमें विकल्प रूप इस प्रकार होता है—एकवचन, सब्बस्सा; बहुवचन सब्बासं, सब्बासानं अधिकरणके एकवचनमें 'सब्बस्सं' यह रूप होता है।

सब्ब शब्दके नपुंसकलिंगमें कर्त्ता और कर्मके एकवचनमें सब्बं और बहुवचनमें सब्बानि होता है। संबोधनके एकवचनमें सब्ब, सब्बा और बहुवचनमें सब्बानि होता है। शेष रूप पुल्लिंगकी तरह होते हैं।

एक शब्द

सर्वत्र सब्ब शब्दकी तरह रूप चलता है।

द्वि शब्द

द्वि शब्द नित्य बहुवचनान्त तथा तीनों लिंगोंमें समानरूप होता है।

	बहुवचन
कर्त्ता कर्म	दुवे द्वे
करण अपादान	द्वीहि, द्वीभि

संप्रदान संबन्ध	दुविन्नं द्विन्नं
अधिकरण	द्वीसु

नित्य बहुवचनान्त ति (त्रि) शब्द

	पुंल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
कर्त्ता कर्म	तयो	तिस्सो	तीणि
करण अपादान	तीहि तीभि	तीहि तीभि	तीहि तीभि
संप्रदान संबन्ध	तिण्णं तिण्णन्नं	तिस्सन्नं	तिण्ण तिण्णन्नं
अधिकरण	तीसु	तीसु	तीसु

नित्य बहुवचनान्त चतु (चतुर्) शब्द

	पुंल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
कर्त्ता कर्म	चत्तारो चतुरो	चतस्सो	चत्तारि
करण अपादान	चतूहि चतूभि	चतूहि चतूभि	चतूहि चतूभि
संप्रदान संबन्ध	चतुन्न	चतस्सन्नं	चतुन्नं
अधिकरण	चतूसु	चतूसु	चतूसु

पंच (पंचन्) शब्द

तीनों लिंगोंमें समान रूप

कर्त्ता कर्म	पंच

करण, अपादान	पंचहि, पंचभि
संप्रदान, संबन्ध	पंचन्नं
अधिकरण	पंचसु

छ (षष्), सत्त (सप्तन्), अट्ठ (अष्टन्) नव (नवन्), दस (दशन्) इत्यादि शब्दोंका रूप पंच शब्दकी तरह चलता है। सत (शत), सहस्स (सहस्र), लक्ख (लक्ष) इत्यादि संख्यावाचक नपुंसकलिंग शब्दोंका रूप रूप शब्दकी तरह चलता है।

धातुओंके रूप

पालीमें आत्मनेपद और परस्मैपद दोनों होते हैं। किन्तु आत्मनेपदका प्रयोग कम होता है।

पालीमें धातु-समूह भ्वादि, रुधादि, दिवादि, स्वादि, क्र्यादि, तनादि और चुरादि इन सात गणोंमें विभक्त है।

पालीमें लट्, लोट्, विधिलिङ्, लिट्, लङ्, लुङ्, लृट्, लृङ् यह आठ प्रकारके लकार होते हैं। आशीर्लिङ्का प्रयोग नहीं होता। लिट् लकारका प्रयोग भी बहुत कम होता है। भूतकालके लिये लुङ्का प्रयोग बहुत अधिक होता है।

भ्वादिगण—भू धातु

लट् (वर्त्तमान)

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
प्रथम	भवति	भवन्ति	भवते	भवन्ते

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
मध्यम	भवसि	भवथ	भवसे	भवव्हे
उत्तम	भवामि	भवाम	भवे	भवाम्हे

लोट् (आज्ञा)

प्रथम	भवतु	भवन्तु	भवन्तं	भवन्तं
मध्यम	भव, भवाहि	भवथ	भवस्सु,	भवव्हो
उत्तम	भवामि	भवाम	भवे	भवामसे

लिङ् (विधि)

प्रथम	भवेय्य, भवे	भवेय्युं	भवेथ	भवेरं
मध्यम	भवेय्यासि, भवे	भवेय्याथ	भवेथो	भवेय्यव्हो
उत्तम	भवेय्यामि, भवे	भवेय्याम	भवेय्यं	भवेय्याम्हे

लिट् (परोक्ष)

प्रथम	बभूव	बभूवु	बभूवित्थ	बभूविरे
मध्यम	बभूवे	बभूवित्थ	बभूवित्थो	बभूविव्हो
उत्तम	बभूव	बभूविम्ह	बभूवि	बभूविम्हे

लङ् (अनद्यतन भूत)

प्रथम	अभवा	अभवू	अभवत्थ	अभवत्थु
मध्यम	अभवो	अभवत्थ	अभवसे	अभवव्हं
उत्तम	अभवं	अभवम्हा	अभवि	अभवम्हसे

लुङ् (सामान्य भूत)

प्रथम	अभवी, अभवि	अभवुं, अभविसुं	अभवा	अभवू
मध्यम	अभवो	अभवित्थ	अभाविसे	अभविव्हे
उत्तम	अभविं	अभविम्हा	अभवं	अभविम्हे

लृट् (सामान्यभूत)

प्रथम	भविस्सति	भविस्सन्ति	भविस्सते	भविस्सन्ते
मध्यम	भविस्ससि	भविस्सथ	भविस्ससे	भविस्सव्हे
उत्तम	भविस्सामि	भविस्साम	भविस्सं	भविस्साम्हे

लृङ् (क्रियातिपत्ति)

प्रथम	अभविस्सा, अभविस्स	अभविस्संसु	अभविस्सथ, अभविस्सिंसु
मध्यम	अभविस्से, अभविस्स	अभविस्सथ	अभविस्ससे, अभविस्सव्हे
उत्तम	अभविस्सं	अभविस्सम्हा, अभविस्सम्ह	अभविस्सं, अभविस्साम्हसे

पालीमें भू बहुधा हू में बदल जाता है, तब उसका रूप इस प्रकार चलता है–

लट् (वर्तमान)

परस्मैपद

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम	होति	होन्ति
मध्यम	होसि	होथ
उत्तम	होमि	होम

लुङ् (सामान्यभूत)

परस्मैपद

प्रथम	अहोसि, अहू	अहेसुं, अहुवुं
मध्यम	अहोसि	अहोसित्थ
उत्तम	अहोसिं, अहुं	अहोसिम्ह, अहुम्ह

इसी प्रकार भू की तरह पच् (पचति इ०), स्था (तिट्ठति इ०) पा (पिवाति इ०), दृश (पस्सति इ०), गम् (गच्छति इ०), वद् (वज्जति इ०), जि (जयति या जेति या जिनाति इ०) के रूप भी चलते हैं ।

रुधादिगण ।

परस्मैपदमें रुध् धातुका रुन्धति इ० । छिद् धातुका छिन्दति इ० । भिद् धातुका भिन्दति इ०, । भुज् धातुका भुंजति इ० । आत्मनेपदमें रुन्धते छिन्दते, भुंजते इ० ।

दिवादि गण

दिव् धातुका दिब्बति इ० । सिव् धातुका सिब्बति इ० । युध् धातुका युज्झति इ० । बुध् धातुका बुज्झति इ० । तुष् धातुका तुस्सति इ० ।

स्वादि गण ।

श्रु धातुका सुणोति सुणाति इ० । प्र+हि धातुका पहिणोति, पहिणाति इ० । वृ धातुका वुणोति वुणाति इ० । प्र+आप् धातुका पापुणाति, पापुणोति इ० ।

क्र्यादि गण ।

क्री धातुका किणाति इ०। धू धातुका धुनाति इ०। लू धातुका लुनाति इ० । ज्ञा धातुका जानाति इ० । गह् धातुका गण्हाति इ० ।

तनादि गण ।

तन् धातुका तनोति इ०, । कृ धातुका करोति इ० ।

चुरादि गण ।

चुर् धातुका चोरयति चोरेति इ० । चिन्त धातुका चिन्तयति, चिन्तेति इ० । गण धातुका गणयति, गणेति इ० । विद् धातुका वेदयति वेदेति इ० ।

णिजन्त (प्रेरणार्थक)

प्रेरणाके अर्थमें धातुके उत्तर संस्कृतमें णिच् प्रत्यय लगाया जाता है पर पालीमें उसके स्थानपर अय तथा आपय प्रत्यय हो जाता है यथा कृ धातुका णिजन्तमें कारयति, कारापयति इ० होता है । कभी कभी पदान्तर्गत अय के स्थानपर ए हो जाता है इस लिये णिजन्तमें प्रत्येक धातुके निम्नलिखित दो रूप और होते हैं—यथा कारेति, कारापेति इ० ।

इसी प्रकार पच् धातुका पाचयति पाचेति, पाचापयति, पाचापेति इ० । हन् धातुका घातयति घातेति, घातापयति, घातापेति इ० । गम् धातुका गमयति, गामयति, गामेति, गच्छापयति, गच्छापेति इ० ।

कृदन्त

शतृ (अन्त) प्रत्यय

संस्कृतके शतृ प्रत्ययके स्थानपर पालीमें अन्त प्रत्यय होता है—यथा गम् + अन्त = गच्छन्तो, कृ + अन्त = कुब्बन्तो, करोन्तो । भुंज् + अन्त = भुंजन्तो खाद् + अन्त = खादन्तो, चर् + अन्त = चरन्तो ।

क्त (त) और क्तवतु (तवन्तु) प्रत्यय

संस्कृतके क्त और क्तवतु प्रत्ययोंके स्थानपर पालीमें

यथाक्रम त और तवन्तु प्रत्यय होते हैं। यथा हु + त = हुतो; हु + तवन्तु = हुतवा । वच् + त = वुत्तो, उत्तो । वस् + त = उत्थो, वुत्थो, उसितो, वुसितो, वासितो । यज् + त = यिट्ठो । भंज् + त = भग्गो । नृत् + त = नच्चं नट्ट । वृध् + त = वुड्ढो । अपि + नह् + त = पिलद्धं । दा + त = दत्तं, दिण्णं ।

तव्य (तब्ब), अनीय और यत् (य)

भू + तब्ब = भवितब्बं; भू + अनीय = भवनीयं । शी + तब्ब = सयितब्बं; शी + अनीय = सयनीयं । श्रु + तब्ब = सुणितब्बं; श्रु + अनीय = सवणीयं । हृ + य = हारियं । कृ + य = कारियं । भू + य = भब्बं । दा + य = देय्यं ।

क्त्वा (त्वा, त्वान, तून)

संस्कृतके क्त्वा प्रत्ययके स्थानपर पालीमें त्वा, त्वान और तून प्रत्यय होते हैं। इनमेंसे तून प्रत्ययका प्रयोग कम होता है । यथा—कृ + त्वा = कत्वा, करित्वा; कृ + त्वान = कत्वान; कृ + तून = कत्तून । गम् + त्वा = गन्त्वा, गम् + त्वान = गन्त्वान; गम् + तून = गन्तून । हन् + त्वा = हन्त्वा; हन् + त्वान = हन्त्वान; हन् + तून = हन्तून ।

ल्यप् (य)

संस्कृतके ल्यप् प्रत्ययके स्थानपर पालीमें य प्रत्यय होता है । किन्तु संस्कृतकी तरह पालीमें यह नियम नहीं है कि जब धातुके पहिले उपसर्ग हो तभी य प्रत्यय जोड़ा जाय । उपसर्ग न रहने पर भी धातुमें य प्रत्यय जोड़ा जा सकता है । इसी प्रकार कभी कभी उपसर्ग रहनेपर भी त्वा

प्रत्यय लगा दिया जाता है यथा—वन्द् + य = विन्दिय; अभि + वन्द् + त्वा = अभिवन्दित्वा। उप + नी + य = उपनीय; उप + नी + त्वा = उपनेत्वा।

तुम् (तुं, तवे इत्यादि)

संस्कृतके तुम् प्रत्ययके स्थानपर पालीमें तुं और तवे प्रत्यय होते हैं। इनमेंसे तवे प्रत्ययका प्रयोग बहुत कम होता है। यथा—कृ + तुं = कत्तुं, कातुं। मन् + तुं = मन्तुं, मनितुं। श्रु + तुं = सोतुं, सुणितुं। ज्ञा + तुं = ञातुं, जानितुं। कृ + तवे = कत्तवे, कातवे। नी + तवे = नेतवे।

कभी कभी तुम् के अर्थमें ताये और तुये प्रत्यय भी लगते हैं यथा—दृश + ताये = दक्खिताये। गण + तुये = गणेतुये। मृ + तुये = मरितुये।

अव्यय

कुत्र = कुहिं, कुहं, कहं, क्व, कुत्र, कुत्थ।
तत्र = तहिं, तहं, तत्र, तत्थ।
इह = इध, इह।
अत्र = अत्थ, एत्थ, अत्र।
सर्वत्र = सब्बत्र, सब्बत्थ, सब्बधि।
परत्र = परत्थ, परत्र।
अन्यत्र = अञ्ञत्र अञ्ञत्थ।

तदानीं = तदानि। सर्वदा = सब्बदा। अद्य = अज्ज। पुरः = पुरे। नित्यं = निच्चं। अभीक्ष्णं = अभिक्खणं। एतावता = एत्तावता। कच्चित् = कच्चि। किं तत् = किं नं। किंस्वित् = किंसु। किंचित् = किंचि। किल = किर। कियत् =

कीव। खलु = खो। तत् = तं। तत् = नं। पश्चात् = पच्छा। पुनः = पन। पुरस्तात् = पुरत्था। मृषा = मुसा। यत् = यं। तच्चेत्, चेत् = सचे। सार्द्धं = सद्धिं। सम्यक् = सम्मा। साधु = साहु। तद्यथापि = सेय्यथापि। तद्य-थेदं = सेय्यथीदं।

परिशिष्ट—३

अशोकका संक्षिप्त व्याकरण

१—गिरनार

स्वरोंमें परिवर्त्तन।

ह्रस्व स्वरके स्थानपर दीर्घ स्वर—यथा "आनन्तर" (६ शिलालेख, ८ लाइन) = अनन्तरं; "चिकीछा" (२ शि० ले०, ५ ला०,) = चिकित्सा; "मधूरिताय" (१४ शि० ले०, ४ ला०) = मधुरतया इ०।

शब्दके अन्तमें ह्रस्व स्वरके स्थानपर दीर्घ स्वर—यथा "चा" (४ शि० ले०, ११ ला०) = च; "एसा" (१३ शि० ले०, ४ ला०) = एषः; "तत्रा" (१३ शि० ले०, १ ला०) = तत्र इ०।

साधारण अनुस्वार अथवा सयुक्त व्यजनके पूर्व दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है पर कभी कभी व्यजन द्वित्व नहीं होता और उसके बदलेमें पहिले वाला स्वर दीर्घ कर दिया जाता है—यथा "धाम" (५ शि० ले०, ४ ला०) = धर्म; 'वास" (५ शि० ले०, ४ ला०) = वर्ष इ०। कभी कभी संयुक्त व्यजनके पहिले वाला स्वर दीर्घ बना रहता है—यथा "बाम्हण" (४ शि० ले०, २ ला०); "पराक्रमेण" (५ शि० ले०, ११ ला०) इ०।

दीर्घ स्वरके स्थानपर ह्रस्व स्वर—यथा "आराधि" (६ शि० ले०, ९ ला) आराद्धिः; "दनं" (६ शि० ले०, ७ ला०) = दानं; ञातिकेन" (६ शि० ले०, ८ ला०) = ज्ञातिकेन।

शब्दके अन्तमें दीर्घ स्वरके स्थानपर ह्रस्व स्वर—यथा 'तथ" (१२ शि० ले०, ६ ला०) = तथा; "व" (५ शि० ले०, ५ ला०) = वा इ०।

अ = ए—यथा "एत" (८ शि० ले०, १ ला०) = अत्र
ऋ = र—यथा "ब्रछा" (२ शि० ले०, ८ ला०) = वृक्षाः
ऋ = अ—यथा "वढी" (१२ शि० ले०, २ ला०) = वृद्धि, "मगो" (१ शि० ले०, ११ ला०) = मृगः
ऋ = इ—यथा "तारिस" (१४ शि० ले०, ५ ला०) = तादृश
ऋ = उ—यथा "परिपुछा" (८ शि० ले०, ४ ला०) = परिपृच्छा

व्यंजनोंमें परिवर्त्तन

घ = ह—यथा "लहुका" (१२ शि० ले०, ३ ला०) = लघुकाः।
तवर्ग = टवर्ग—यथा "पटि" (८ शि० ले०, ४ ला०) = प्रति; "वढी" (१२ शि० ले०, २ ला०) = वृद्धि; "दसरा" (४ शि० ले०, ३ ला०) = दर्शन
ल = र—यथा "पिरिंदेसु" १३ शि० ले०, ६ ला०) = पुलिंदेषु।
क्त = त—यथा 'अभिसितेन" (३ शि० ले०, १ ला०) = अभिषिक्तेन
क्य = क—यथा "सकं" (१३ शि० ले०, ६ ला०) = शक्यं
क्र = क—यथा 'अतिकांतं" (८ शि० ले०, १ ला०) = अतिक्रान्तं

क्ष = छ—यथा "अछाति" (१३ शि० ले०, ७ ला०) = अक्षार्ति;
"व्रछा" (२ शि० ले०, ८ ला०) = वृक्षाः;
"छुदकेन" (१० शि० ले० ४ ला०) = क्षुद्रकेन ।
क्ष = ख—यथा "संखितेन" १४ शि० ले०, २ ला०) = संक्षिप्तेन
ग्न = ग—यथा "अगिखंधानि" (४ शि० ले० ४ ला०) =
= अग्निस्कन्धाः
ग्र = ग—यथा "अगेन" (१० शि० ले०, ४ ला०) = अग्रेण
त्म—त्प—यथा "आत्पपासंडं" (१२ शि० ले०, ५ ला०) =
आत्मपाषण्डम्
त्य = च—यथा "आचायिक" (६ शि० ले० ७ ला० = आत्ययिकं
त्व = त्प—यथा "आलोचेत्पा" (१४ शि० ले०, ६ ला०) = आ-
लोचयित्वा ; "आरभित्पा" (१ शि० ले०,
३ ला०) = आरभित्वा (आलभ्य); "चत्पारो"
(१३ शि० ले०, ८ ला०) = चत्वारो ।
त्स = छ—यथा "चिकीछ" (२ शि० ले० ४ ला०) = चिकित्सा
द्य = ज—यथा "अज" (४ शि० ले०, ५ ला० = अद्य
द्य = य—यथा "उयान" (६ शि० ले०, ४ ला०) = उद्यान
ध्य = झ—यथा "मझम" (१४ शि० ले० २ ला०) = मध्यम
ध्र = घ—यथा "धुवो" (१ शि० ले० १२ ला०) = ध्रुवो
प्त = त—यथा "असमातं" (१४ शि० ले०, ५ ला०) =
असमाप्तं
भ्र = भ—यथा "भाता" (११ शि० ले०, ३ ला०) = भ्रात्रा
र्घ = घ—यथा "दीघ्र" (१० शि० ले०, १ ला०) = दीर्घे
र्व = व—यथा "सत्र" (६ शि० ले०, २ ला०) = सर्वे
र्ह = रह्—यथा "गरहा" = गर्हा
ल्य = ल—यथा "कलाण" (५ शि० ले०, १ ला०) = कल्याणं

श्च = छ—यथा "पछा" (१ शि० ले०, १२ ला०) = पश्चात् ।
श्य = स—यथा "पसाति" (१ शि० ले०, ५ ला०) = पश्यति ।
स्म = म्ह—यथा सप्तमीके एकवचनमें स्मिन्‌के स्थानपर म्हि हो जाता है ।
स्य = स—यथा षष्ठीके एकवचनका स्य चिन्ह स में बदल जाता है ।

गिरनारके शिला-लेखमें र, प्र, व्य, स्त और स्व में कुछ परिवर्तन नहीं होता ।

कारकोंके रूप

गिरनारके लेखमें पुल्लिंग और नपुंसकलिंगमें बहुत कम भेद दिखलायी पड़ता है ।

हलन्त शब्द अजन्त हो जाते हैं यथा परिषद् = परिसा ; कर्मन् = कंम । पर कुछ शब्दोंमें संस्कृतका शुद्ध रूप सुरक्षित है—यथा "राजा", "राञो" = राज्ञः, "राञा" = राज्ञा, "राजानो", "तिष्टन्तो" = तिष्ठन्तो (४ शि० ले०, ८ ला०), "भाता" (६ शि० ले०, ६ ला०) "पिता" (६ शि० ले०, ५ ला०), "यसो" = यशो (१० शि० ले०, १ ला०), "प्रियदसि" = प्रियदर्शी, "पियदसिनो" = प्रियदर्शिनः इत्यादि ।

अकारान्त पुल्लिंग

प्रथमा एकवचन—का रूप प्रायः ओकारान्त होता है पर कहीं कहीं मागधीकी तरह एकारान्त भी मिलता है यथा "अपपरिस्रवे" (१० शि० ले०, ३ ला०) "देवानां पिये" (१२ शि० ले०, १ ला०) ।

द्वितीया एकवचन—का रूप प्रायः एकारान्त होता है यथा "अथे" (६ शि० ले०, ४ ला०) = अर्थं; "युते" (३ शि० ले०, ६ ला०) = युक्तं ।

सप्तमी एकवचन—के अन्तमें अम्हि और ए दोनों मिलते हैं यथा "काले", 'ओरोधनम्हि" "गभागारम्हि" (६शि० ले०, ३ ला०)।

अकारान्त नपुंसकलिंग

प्रथमा एकवचन—का रूप प्रायः मकारान्त होता है पर कभी कभी एकारान्त भी हो जाता है यथा "अज्ञे", "बहुविधे" (४ शि० ले०, ७ ला०) "धंमचरणो"(४ शि० ले०, ७ ला०) "दाने" (७ शि० ले०, ३ ला०). "मूले"(६शि० ले०, १० ला०)।

प्रथमा बहुवचन—के अन्तमें प्रायः आनि होता है पर एक स्थान-पर आकारान्त भी पाया गया है यथा दसणा (४ शि० ले०, ३ ला०)।

आकारान्त स्त्रीलिंग

तृतीया एकवचन—के अन्तमें आय होता है यथा "माधूरताय" (१४ शि० ले०, ४ ला०)।

सप्तमी एकवचन—के अन्तमें आयं होता है यथा "परिसायं" (६ शि० ले० ७ ला०)।

प्रथमा बहुवचन—के अन्तमें आयो होता है यथा "महिडायो" (६ शि० ले०, ३ ला०)।

धातुओंके रूप

क्त्वा प्रत्यय

गिरनारके शिलालेखमें क्त्वा का रूप त्पा में बदल जाता है यथा "आलोचेत्पा" (१४ शि० ले०, ६ ला०) = आलोचयित्वा।

णिजन्त

प्रेरणार्थक क्रियामें अय अथवा पय लगा दिया जाता है, और अय का ए हो जाता है यथा "आलोचेत्पा" (१४ शि० ले०, ६ ला०)=आलोचयित्वा (आलोच्य), "हापेसति" (५ शि० ले०, ३ ला०)=हापयिष्यति।

धातुओंके रूप प्रायः वैसे ही हैं जैसे संस्कृतमें होते हैं। हां, पालीके नियमोंके अनुसार धातुओंमें स्वर और व्यंजन संबन्धी परिवर्तन अवश्य हो जाते हैं यथा इच्छति का इछति, मन्यते का मंञते इत्यादि।

२—शाहबाज़गढ़ी।

स्वरोंमें परिवर्तन

शाहबाज़गढ़ी और मानसेराके लेखोंमें दीर्घ स्वरके चिन्होंका बिलकुल अभाव है। जहां दीर्घ स्वर होना चाहिये वहां भी ह्रस्व स्वरसे ही काम लिया गया है।

उ के स्थानपर अ—यथा "गरुन" "पन" (६ शि० ले०, १६ ला०)=गुरूणां, पुनः।

ए के स्थानपर इ—यथा "लिखपेशमि" (१४ शि० ले०, १३ ला०) =लेखयिष्यामि।

अ के स्थानपर उ—यथा "ओषुढनि" (२ शि० ले०, ५ ला०) =औषधानि; "मुखमुते" (१३ शि० ले०, ८ ला०)=मुख्यमतः।

अ के स्थानपर ए—यथा "एत्र" (६ शि० ले०, १५ ला०) =अत्र।

ई के स्थानपर ए—यथा 'एदिशं" (११ शि० ले०, २३ ला०) = ईदृशं।

ओ के स्थानपर उ—यथा "लिखपितु" (१ शि० ले०, १ ला०) = लेखितो।

ऋ के स्थानपर र—यथा "ग्रहथ" (१३ शि० ले०, ४ ला०) = गृहस्थ।

ऋ के स्थानपर रि—यथा 'विस्त्रिटेन" (१४ शि० ले०, १३ ला०) = विस्तृतेन।

ऋ के स्थानपर रु—यथा "म्रुगो" (१ शि० ले०, ३ ला०) = मृगः।

ऋ के स्थानपर अ—यथा "दुकटं" (५ शि० ले०, ११ ला०) = दुष्कृतं।

ऋ के स्थानपर इ—यथा "दिढ" (७ शि० ले०, ५ ला०) = दृढ़।

ऋ के स्थानपर उ—यथा "वुढ़ेषु" (५ शि० ले०, १२ ला०) = वृद्धेषु; 'मुटे" (१३ शि० ले०, १ ला०) = मृतः।

व्यंजनोंमें परिवर्तन

गिरनारमें जितने व्यंजन पाये जाते हैं वे सब शाहबाज़गढ़ी और मानसेराके शिलालेखोंमें भी मिलते हैं। इनके अलावा श और ष व्यंजन भी शाहबाज़गढ़ी और मानसेरामें पाये जाते हैं।

ख के स्थानपर क—यथा "कु" (४ शि० ले०, ६ ला०) = खु (खलु)।

ग के स्थानपर क—यथा "मक" (१३ शि० ले०, ६ ला०)= मग (मेगस-साइरीनीका राजा) ।

घ के स्थानपर ह—यथा "लहुक" (१३ शि० ले०, ११ ला०) =लघुकः ।

ज के स्थानपर य—यथा "प्रयुहातवे" (१ शि० ले०, १ ला०)= प्रजुहोतव्यः (प्रहोतव्यः), "कंबोय" (५ शि० ले०, १२ ला०)=कांबोज ।

ज के स्थानपर च—यथा "व्रचेयं" (६ शि० ले०, १६ ला०)= व्रजेयं ।

त के स्थानपर ट—यथा 'संप्रटिपति" (४ शि० ले०, ८ ला०)= संप्रतिपत्तिः; "दुकटं" (५ शि० ले० ११ ला०)=दुष्कृतं; "मुटो" (१३शि० ले०, ६ ला०)=मृतः ।

त के स्थानपर द—यथा "हिदसुखये" (५ शि० ले०, १२ ला०) =हितसुखाय ।

प के स्थानपर व—यथा "अवत्रपेयु" (१३ शि० ले०. ८ ला०) =अपत्रपेयुः (अपत्रपेरन्) ।

ल के स्थानपर र—यथा " अरभिशंति " (१ शि० ले०, २ ला०)=आलप्स्यन्ते ।

ष के स्थानपर श—यथा " मनुश " (२ शि० ले०, ४ ला०)= मनुष्य ।

ष के स्थानपर स—यथा 'अभिसित' (४ शि० ले० १० ला०) =अभिषिक्त ।

स के स्थानपर श—यथा " अनुशशनं " (४ शि० ले०, १० ला०)=अनुशासनं ।

स के स्थानपर ह—यथा "हचे " (६ शि० ले०, २० ला०)=सचेत् ।

संयुक्त व्यंजन

क्त = त—यथा "अभिसित" (५ शि० ले०, ११ ला०) = अभिषिक्त।

क्य = क—यथा "शको" (१३ शि० ले०, ७ ला०) = शक्यं।

क्ष = ख—यथा "संखितेन" (१४ शि० ले०, १३ ला०) = संक्षिप्तेन; "खुद्रकेन" (१० शि० ले०, २२ ला०) = क्षुद्रकेन।

क्ष = छ—यथा "मोछये" (५ शि० ले०, १३ ला०) = मोक्षाय।

ख्य = ख—यथा "मुखमुते" (१३ शि० ले०, ८ ला०) = मुख्यमतः।

ज्य = ज—यथा "जोतिकंधनि" (४ शि० ले०, ८ ला०) = ज्योतिस्कन्धाः।

ञ्ज—ञ—यथा "वञनतो" (३ शि० ले०, ७ ला०) = व्यञ्जनतः।

त्स = स—यथा "चिकिस" (२ शि० ले०, ४ ला०) = चिकित्सा।

द्ध = ढ—यथा "वाढि" (४ शि० ले०, १० ला०) = वृद्धिः।

प्त = त—यथा "नतरो" (४ शि० ले०, ६ ला०) = नप्तारो।

प्न = पुन—यथा "प्रपुनाति" (१३ शि० ले०, ६ ला०) = प्राप्नोति।

ब्ध = ध—यथा "लधो" (१३ शि० ले०, १० ला०) = लब्धः।

र्ग = ग—यथा "सगं" (६ शि० ले०, १६ ला०) = स्वर्गं।

र्ध = ढ—यथा "वाढिशति" (४ शि० ले०, ६ ला०) = वर्धिष्यति।

र्य = रिय—यथा "अनंतरियेन" (६ शि० ले०, १४ ला०) = आनंतर्येण।

ल्य = ल—यथा "कलण" (५ शि० ले० ११ ला०) = कल्याणं।

व्य = व—यथा "वसनं" (१३ शि० ले० ५ ला०) = व्यसनं।

व्य = विय—यथा "पूजेतविय" (१२ शि० ले०, ३ ला०) = पूजायितव्यः।

श्च = च—यथा "पच" (१ शि० ले०, ३ ला०) = पश्चात्।
ष्क = क—यथा "दुकरं" (५ शि० ले०, ११ ला०) = दुष्करं।
स्क = क—यथा "जोतिकंधनि (४ शि० ले०, ८ ला०) = ज्योतिस्कन्धाः।
स्थ = थ—यथा "चिरथितिक" (५ शि० ले० १३ ला०) = चिरस्थितिकः।
स्व = स—यथा "सगं" (६ शि० ले० १६ ला०) = स्वर्गं।
ह्म = म—यथा ब्रमण (४ शि० ले० ७ ला०) = ब्राह्मण।

शाहबाजगढी और मानसेराके शिलालेखोंमें क्र, ग्र, त्र, द्र, ध्र, प्र, ब्र, भ्र, श्र, स्त, स्न, स्त में कुछ भी परिवर्तन नहीं होता।

र्म, र्व, र्श, का मूर्धन्य रेफ अपने पहिले वाले अक्षरमें मिल जाता है यथा क्रम = कर्म; ध्रम = धर्म; प्रुव = पूर्व; स्रव = सर्व; द्रशि = दर्शि।

कारकोंके रूप

गिरनारकी तरह शाहबाज़गढ़ीमें भी पुल्लिंग और नपुसक लिंगमें बहुत कम भेद दिखलायी पड़ता है। नपुंसकलिंगके प्रथमा एकवचनका रूप मकारान्त और एकारान्त दोनों पाया जाता है यथा "यदिशं...न श्रुतप्रुवे तादिश" (४ शि० ले० ८ ला०)। कभी कभी नपुंसकलिंगके प्रथमा और द्वितीया एकवचनका रूप ओकारान्त भी देखा जाता है यथा "ध्रमचरणो" (४ शि० ले० ६ ला०) = धर्माचरणं; "प्रटिवेदेतवो" (६ शि० ले० १४ ला०) = प्रतिवेदयितव्यं; "शको" (१३ शि० ले० ७ ला०) = शक्यं।

हलन्त शब्द प्रायः अजन्त हो जाते हैं पर कुछ शब्दोंमें हलन्त रूप विद्यमान है—यथा "रज"=राजा; "रञो"=राज्ञः; "रञा"= राज्ञा; "रजनो"=राजानः; "यशो"; (१० शि० ले०, २१ ला०) "प्रियद्रशिन" (४ शि० ले० ११ ला०)=प्रियदर्शिना; "हस्तिनो" (४ शि० ले० ८ ला०)।

कहीं कहीं "प्रियदर्शिन्" शब्द का इकारान्त शब्दके समान और ऋकारान्त शब्दका उकारान्त शब्दके समान रूप चलता है यथा "प्रियद्रशिस"; "भ्रतुनं"=भ्रातॄणां; स्पसुनं=स्वसॄणां (५ शि० ले० १३ ला०); "मतपितुषु"=मातापितृषु।

अकारान्त पुंल्लिंग

प्रथमा एकवचन—का रूप प्रायः ओकारान्त होता है पर कहीं कहीं मागधीकी तरह एकारान्त भी मिलता है यथा "समये", (१ शि० ले० २ ला०)=समाजः; "देवन प्रिये"; "जने"=जनः (१० शि० ले० २१ ला०)।

सप्तमी एकवचन—का रूप प्रायः एकारान्त होता है पर कहीं कहीं उसके अन्तमें असि भी रहता है यथा "महनससि" (१ शि० ले० २ ला०)=महानसे; "गणनसि" (३ शि० ले० ७ ला०)=गणने।

अकारान्त नपुंसकलिंग

प्रथमा एकवचन—जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है प्रथमा एकवचनका रूप प्रायः मकारान्त होता है पर कहीं कहीं एकारान्त और ओकारान्त भी पाया जाता है

आकारान्त स्त्रीलिंग

सप्तमी एकवचन—के अन्तमें अये होता है यथा "परिषये" (६ शि० ले० १४ ला०)।

धातुओंके रूप।

धातुओंके रूप प्रायः वैसे ही चलते हैं जैसे कि संस्कृतमें होते हैं। हां पालीके नियमोंके अनुसार धातुओंमें स्वर और व्यंजन संबन्धी परिवर्तन अवश्य हो जाते हैं यथा भवति का भोति इत्यादि। शाहबाज़गढ़ीमें 'आह'' के स्थानपर "अहति" रूप मिलता है (५ शि० ले० १ ला०)।

णिजन्त

प्रेरणार्थक क्रियामें अय अथवा पय प्रत्यय लगा दिया जाता है और अय का ए हो जाता है यथा "लिखपेशमि" (१४ शि० ले०, १४ ला०)=लिखापयिष्यामि (=लेख-यिष्यामि)।

क्त्वा प्रत्यय

शाहबाज़गढ़ीमें क्त्वा का रूप तु में बदल जाता है यथा "श्रुतु" (१३ शि० ले०, १० ला०)=श्रुत्वा।

३—कालसी; धौली; जौगढ़; भाब्रू; सहसराम; रूपनाथ, बैराट, दिल्ली।

गिरनार, शाहबाज़गढ़ी और मानसेराके शिलालेखोंको छोड़ कर और बाकी शिलालेखों तथा स्तंभ-लेखोंकी भाषा प्रायः एक सी है। इसलिये उन सबोंका एक अलग विभाग कर दिया गया है।

संकेतके तौरपर वे यहां अपने प्रथम अक्षरसे सूचित किये गये हैं—यथा धौ०=धौली का०=कालसी, स०=

सहसराम, रू० = रूपनाथ, बै० = बैराट, भा० = भाब्रू। स्तंभ-लेखोंमें दिल्ली टोपरा वाला स्तंभलेख सबसे अधिक सुरक्षित, शुद्ध और प्रसिद्ध है। इसलिये यहांपर केवल उसी-का उल्लेख दि० अक्षरसे किया जायगा।

ह्रस्व स्वरके स्थानपर दीर्घ स्वर

कालसी—शब्दके अन्तमें अ प्रायः दीर्घ हो जाता है यथा—"अभिसितसा" १३ शि० ले० ३५ ला०) = अभिषिक्तस्य; "आहा" = आह; "अजा" (४ शि० ले०, ६ ला०) = अद्य; "एवा" (२ शि० ले०, ६ ला०) = एव; "चा" = च; "पुना" = पुनः।

धौली—शब्दके अन्तमें अ प्रायः दीर्घ हो जाता है यथा—"आहा" (३ शि० ले०, ६ ला०) = आह; "आलाधयेतू" (२ शि० ले० ६ ला०) = आराधायेयुः; "युजंतू" (४ शि० ले०, १८ ला०) = युंजन्तु; "ममा" (१ शि० ले० ५ ला०) मम।

दिल्ली—शब्दके अन्तमें अ प्रायः दीर्घ हो जाता है यथा—"आहा" = आह; "अपहटा" (६ स्तं० ले०, ३ ला०) = अपहृत्य; "अस्वसा" (५ स्तं० ले०, १८ ला०) = अश्वस्य; "चा" = च; "हेमेवा" (१ स्तं० ले०, ८ ला०) = एवमेव; "लोकसा" (६ स्तं० ले०, २ ला०) = लोकस्य; "ममा" (४ स्तं० ले०, १२ ला०) = मम; "साधू" (२ स्तं० ले०, ११ ला०) = साधुः।

भाब्रू—"आहा" = आह; "चा" = च; "एवा" = एव।

सहसराम—शब्दके अन्तमें अ प्रायः दीर्घ हो जाता है यथा—"अवलाधियेना" (६ ला०) = अवराध्येन; "चा" = च।

रूपनाथ-शब्दके अन्तमें अ प्रायः दीर्घ हो जाता है यथा "अपलधियेना" (ला०४)=अवराध्येन, व्युठना" (ला० ५)=व्युष्टेन।

बैराट—"आहा"=आह, "चा"=च।

स्वरोंमें परिवर्तन

कालसी-अ के स्थानपर इ—यथा "मझिमेना" (१४ शि० ले०, ८ ला०)=मध्यमेन।

अ के स्थानपर ए—यथा "हेता" (८ शि० ले०, २३ ला०)=अत्र।

अ के स्थानपर उ—यथा "मुनिस" (२ शि० ले०, ६ ला०)=मनुष्य।

इ के स्थानपर ए—यथा "एदिसाये" (६ शि० ले०, २४ ला०)=ईदृशाय।

उ के स्थानपर अ—यथा "गलु" (१३ शि० ले०, ३६ ला०)=गुरु।

उ के स्थानपर इ—यथा "मुनिस"=मनुष्य।

ऋ के स्थानपर अ—यथा "वधि"=वृद्धिः"; "भतकषि" (१३ शि० ले० ३७ ला०)=भृतके; "गहथानि" (१२ शि० ले०, ३१ ला०)=गृहस्थाः, मटे (१३ शि० ले०, ३९ ला०)=मृतः; विथटेना (१४ शि० ले० १८ ला०)=विस्तृतेन।

ऋ के स्थानपर इ-यथा "आदिसे" (४ शि० ले०, १० ला०)=यादृशः "दिढ" (७ शि०

लें० २२ला०) = दृढ़; "मिगे" = मृगः ।

ऋ के स्थानपर उ–यथा "पलिपुछा" (७ शि० ले०, २३ ला०) = परिपृच्छा ।

धौली—अ के स्थानपर उ–यथा "अवुच" (७ शि० ले०, २ ला०) = अवच; ' मुनिस " (७ शि० ले०, १ला०) = मनुष्य ।

अ के स्थानपर ए–यथा "हेत" (१४ शि० ले०, १६ ला०) = अत्र ।

इ के स्थानपर अ–यथा "पुठवियं" (५ शि० ले०, २६ ला०) = पृथिव्यां ।

उ के स्थानपर इ–यथा "मुनिस" = मनुष्य, "पुलिस" (१ शि० ले०, ७ ला०) = पुरुष ।

ओ के स्थानपर ए–यथा "भूये" = भूयो ।

ऋ के स्थानपर अ–यथा "आदेस" (४ शि० ले०, १४ ला०) = यादृशः; "भटक" (९ शि० ले०, ८ ला०) भृतक; 'कट" = कृत ।

ऋ के स्थानपर इ–यथा "आदिसे" (९ शि० ले०, ११ ला०) = यादृशः; "धिति" ११ शि० ले०, ६ ला०) = धृति ।

ऋ के स्थानपर उ–यथा 'पुठवियं" (५ शि० ले०, २६ ला०) = पृथिव्यां ।

दिल्ली—अ के स्थानपर इ–यथा "मझिमं" (१ स्तं० ले०, ७ ला०) = मध्यम ।

अ के स्थानपर उ–यथा 'मुटे" (६ स्त० ले०, १६ ला०) = मृतः; "मुनिसानं" = मनुष्याणां ।

उ के स्थानपर इ—यथा "मुनिस" = मनुष्य ; "पुलिस" (१ स्तं० ले०, ७ ला०, = पुरुष।

ऋ के स्थानपर अ—यथा "अपहटा" (६ शि० ले०, ३ ला०) = अपहृत्य ; "भटकेसु" (७ स्तं० ले०, ८ ला०)=भृतकेषु; "वियापटा" (७ स्तं० ले०, ४ ला०) = व्यापृताः।

भाब्रू—ए के स्थानपर इ—यथा "लिखापयामि" (८ ला०)= लेखापयामि (लेखयामि)।

ऋ के स्थानपर इ—यथा "अधिगिच्य" (ला० ६)= अधिकृत्

व्यंजनोंमें परिवर्त्तन

व्यंजनोंके सम्बन्धमें एक ख़ास बात ध्यान देने लायक यह है कि ऊपर लिखे हुए शिलालेखों और स्तंभलेखोंमें ण और ञ का प्रायः बिलकुल ही अभाव है। दोनोंके स्थानपर न का प्रयोग किया गया है सिर्फ एक स्थानपर ञ का प्रयोग हुआ है यथा "पटिंञा" (धौली २शि० ले०६ ला०) = प्रतिज्ञा। ण का प्रयोग भी केवल दो स्थानोंपर हुआ है यथा "खणासि" (धौली २ शि० ले०, १० ला०) = क्षणे; "सवेणा" (जौगढ़ २ शि० ले० ३ ला०) = सर्वेण।

दूसरी बात ध्यान देने लायक यह है कि इन शिलालेखों और स्तंभलेखोंमें र का भी अभाव है। र के स्थानपर सदा ल का ही प्रयोग किया गया है। केवल दो स्थानोंपर र का प्रयोग हुआ है यथा—"संवछरे (रूप०—१ ला०); "चिरठितिक"।

व्यंजनोंमें जो परिवर्त्तन होते हैं वे यहांपर दिखाये जाते हैं :—

कालसी—क के स्थानपर ग—यथा "अंतियोग" (२ शि० ले० ५ ला०) = अंतियोक (Antiochos)।

ग के स्थानपर क—यथा "मका" (१२ शि० ले० ५ ला०) मग (मेगस-साइरीनीका राजा)

घ के स्थानपर ह—यथा 'लहुका" (११ शि० ले० ३२ ला०) लघुका।

च के स्थानपर छ—यथा "किछि" = किंचित्।

ज के स्थानपर द—यथा "पलितिदितु" (१० शि० ले० २८ ला०) परित्यज्य।

त के स्थानपर ट—यथा भटक (१३ शि० ले० ३७ ला०) = भृतक; 'मटे' (१३ शि० ले० ३६ ला० = मृत।

त के स्थानपर द—यथा "दोसे' (६ शि० ले० १६ ला०) = तोष-; हिदसुखाये (५ शि० ले० १५ ला०) = हितसुखाय।

द के स्थानपर ड—यथा "हेडिस" (८ शि० ले० २२ ला०) = ईदृश, "दुवाडस" (३ शि० ले० ७ ला०) = द्वादश।

द के स्थानपर य—यथा "इयं" = इदं।

भ के स्थानपर ह—यथा "होति" = भोति=भवति।

य के स्थानपर ज—यथा "मजुला" (१ शि० ले० ४ ला०) मयूराः।

स के स्थानपर ह—यथा 'हंचे"। (६ शि० ले० २६ ला०) = सचेत्।

धौली—क के स्थानपर ख—यथा "अखखसे" (१ शि० ले० २२ ला०)=अकर्कशः।

च के स्थानपर ज—यथा "अजला" (२ शि० ले० ७ ला०)=अचला।

च के स्थानपर छ—यथा "किछि"=किंचित्।

ज के स्थानपर च—यथा कंबोच" (५ शि० ले० २३ ला०) कबोज।

त के स्थानपर ट—यथा "कट"=कृत; "वियापटा" (१ शि० ले० १५ ला०)= व्यापृताः।

भ के स्थानपर ह—यथा "होति"=भोति=भवति।

व क स्थानपर म—यथा "मये" (२ शि० ले० ८ ला०)=वय।

जागढ़—क के स्थानपर ग—यथा "हिदलोगं" (२ शि० ले० ७ ला०)=इहलोकं।

द के स्थानपर त—यथा "पटिपातयेहं" (१ शि० ले० ५ ला०)=प्रतिपाद्येम

दिल्ली—घ के स्थानपर ह—यथा "लहु" (७ स्त० ले० ६ ला० =लघु।

ट के स्थानपर ड—यथा 'वडिका" (७ स्त० ले० २ ला०) वाटिका।

त के स्थानपर ट—यथा "कट"=कृत।

त के स्थानपर व—यथा "चावुदसं" (५ स्त० ले० १२ ला०)=चतुर्दश्यां।

थ के स्थानपर ठ—यथा "निघंठेसु" (७ स्त० ले० ५ ला०)=निर्ग्रन्थेषु।

द के स्थानपर ड—यथा "दुवाडस" (६ स्तं० ले० १ ला०) = द्वादश।

ध के स्थानपर ह—यथा निगोहानि" (७ स्तं० ले० ५ ला०) = न्यग्रोधाः।

प के स्थानपर ब—यथा "लिबि" (७ स्तं० ले० १० ला०) = लिपि।

प के स्थानपर म—यथा "मिन" (३ स्तं० ले० १८ ला०) = पुनः।

भ के स्थानपर ह—यथा 'होति" भोति = भवति

म के स्थानपर फ—यथा 'कफट" (५ स्तं० ले० ५ ला०) = कमठ।

भाब्रू———क के स्थानपर ग—यथा "अधिगिच्य" (६ ला०) = अधिकृत्य।

भ के स्थानपर ह—यथा 'होसति" (ला० ४) = भविष्यति।

सहसराम—भ के स्थानपर ह—यथा 'होतु" = भोतु = भवतु।

द के स्थानपर ड—यथा "उडाला" (ला० ४) = उदाराः।

रूपनाथ—द के स्थानपर ड—यथा 'उडाला" (३ ला०) = उदाराः।

भ के स्थानपर ह—यथा "हुसु" (ला० २) = अभूवन्।

संयुक्त व्यंजन

क्त = त—कालसी, धौली, दिल्ली तीनों स्थानोंमें क्त का केवल त रह जाता है।

क्य = किय—यथा 'सकिये" (रू० ३) = शक्यः।

क्ष—हमेशा क हो जाता है।

क्व = कुव—यथा "कुवापि" (का० १३ शि० ले० ३६ ला०) = क्वापि।

क्षु = खु—यथा "खुदक" (का० १० शि० ले० २८ ला०) = क्षुद्रक।

क्ष्ण = खिन—यथा "अभिखिनं" (भा०) = अभीक्ष्णं।

क्ष्य = ख—यथा "दुपटिवेखे" (दि० ३ स्तं० ले० १६ ला०) = दुष्प्रतिवेक्ष्य।

ग्न = ग—यथा "अगिकंधानि" (का० ४ शि० ले० १० ला०) = अग्निस्कन्धाः।

ग्र = ग—कालसी, धौली और दिल्ली तीनों स्थानोंमें ग्र का केवल ग रह जाता है।

ज्ञ = न—कालसी, धौली और दिल्ली तीनों स्थानोंमें ज्ञ का केवल न रह जाता है।

ड्य = डिय—यथा "पंडिया" (का० १३ शि० ले० ६ ला०) = पांड्याः, "चंडिये" (दि० ३ स्तं० ले० २० ला०) = चांड्यं।

त्क = क—दिल्ली और सहसराममें त्क का केवल क रह जाता है।

त्थ = ठ—यथा "उठान" (का० ६ शि० ले० ६ ला०) = उत्थान।

त्म = त—कालसी, धौली और दिल्ली तीनों स्थानोंमें त्म का केवल त रह जाता है।

त्य = तिय—यथा "अपतिये" (का० ५ शि० ले० १४ ला०) = अपत्यं।

त्य = च—यथा "निचे" (का० ७ शि० ले० २२ ला०) = नित्यं, "सचे" (दि० २ स्तं० ले० १२ ला०) = सत्यं।

त्र = त—हर एक जगह त्र का त हो जाता है।

त्स = स—यथा "चिकिसा" (का० २ शि० ले० ५ ला०)= चिकित्सा।

त्स = छ—यथा "छवछरे" (रू० १ ला०)= संवत्सरः।

त्स्य = छ—यथा "मछे" (दि० ५ स्तं० ले० ४ ला०)= मत्स्यः।

द्य = ज—कालसी, धौली तथा दिल्लीमें द्य का ज हो जाता है। केवल "उद्यान" शब्दका कालसी में "उयान" हो जाता है।

द्र = द—हर एक स्थानपर द्र का द हो जाता है।

द्व = दुव—यथा "दुवाडस" (का० ३ शि० ले० ७ ला०)= द्वादश।

द्व = द—यथा "जंबुदिपसि" (स० २ ला०; रू० २ ला० बै० २ ला०)= जंबू द्वीपे।

ध्य = धिय—यथा "अधियख" (का० १३ शि० ले० ३४ ला०) = अध्यक्ष।

ध्र = ध—कालसी और दिल्लीमें ध्र का ध हो जाता है।

प्त = त—कालसी, धौली और दिल्लीमें प्त का त हो जाता है।

प्र = प—हर एक स्थान पर प्र का प हो जाता है।

ब्ध = ध—यथा "लधा" (का० १३ शि० ले० ११ ला०)= लब्धा।

ब्र = ब—का०, धौ० और दिल्लीमें ब्र का ब हो जाता है।

भ्य = भ—यथा "इभेसु" (का० ५ शि० ले० १५)= इभ्येषु।

भ्य = भिय—यथा "इभियेसु" (धौ० ५ शि० ले० २४ ला०) = इभ्येषु।

भ्र = भ—का० और धौ० में भ्र का केवल भ रह जाता है ।

ताम्र = तंब—यथा "तंबपंनिया" (का० १३ शि० ले० ८ ला०)
= ताम्रपर्णीयाः ।

आम्र = अंब—यथा "अंबावडिका" (दि० ७ स्तं० ले० २ ला०)
= आम्रवाटिका ।

गं = ग—हर एक स्थानपर गं का केवल ग रह जाता है ।

ग्रं = ग—यथा "निगंठेसु" (दि० ७ स्तं० ले० ५ ला०) =
निर्ग्रन्थेषु ।

चं = च—का०, धौ० और दि० में चं का केवल च हो
जाता है ।

र्तं = त—यथा "अनुवतंति" (का० १३ शि० ले० १८ ला०)
= अनुवर्तन्ते ।

र्त = ट—यथा "केवट" (दि० ५ स्तं० ले० १४ ला०)
= कैवर्त्त ।

र्थ = थ—यथा "अथ" (का० ५ शि० ले० २२ ला०) = अर्थ ।

र्थ = ठ—यथा "अठ" (का० ६ शि० ले १७ ला०) = अर्थ ।

र्थ्य = थिय—यथा "निलथियं" (धौ० ६ शि० ले० ७ ला०)
= निरर्थ्यं ।

दं = द—का० और दि० में दं का केवल द रह जाता है ।

र्ध = ढ—यथा "वढयिसंति" (का० ४ शि० ले० १२ ला०)
= वर्धयिष्यंति ।

र्ध = ध—यथा "वधिते" (का० ४ शि० ले० ११ ला०)
= वर्धितः ।

र्ध्य = धिय—यथा "अवलाधियेना" (ल० ६ ला०) =
अवराध्येन ।

भं = भ—का० और धौ० में भं का भ हो जाता है ।

र्य = लिय—यथा "अनंतलियेना" (का० ६ शि० ले० १६ ला०) = आनंतर्येण ।

र्श = स —का० धौ० और दि० में र्श का स हो जाता है ।

र्ष = स —का० धौ० दि० और भा० में र्ष का स हो जाता है यथा "वस" = वर्ष ।

र्ष्य = छ—यथा "कछामि" (का० ६ शि० ले० १८ ला०) = कर्ष्यामि = करिष्यामि ।

र्ह = लह—यथा "गलहति" (का० १२ शि० ले० ३३ ला०) = गर्हयति "अलहामि" (भा० ४ ला०) = अर्हामि ।

ल्प = प—का० और धौ० में ल्प का केवल प रह जाता है ।

ल्य = य—का० धौ० और दि० में ल्य का केवल य रह जाता है यथा "कयान" = कल्याण ।

व्य = विय—यथा "मिगविया" (का० ८ शि० ले०२२ ला०) मृगव्यं ।

व्र = व—का० धौ० और दि० में व्र का व ही रह जाता है।

श्च = छ—का० और धौ० में श्च का छ हो जाता है ।

श्य = सिय—यथा "पाटिवेसियेना" (का० ६ शि० ले० २५ ला०) = प्रातिवेश्येन ।

श्र = स—का० धौ० दि० और रू० में श्र का स हो जाता है ।

श्व = स—यथा "सेत" (दि० ५ स्तं० ले० ६ ला०) = श्वेत ।

ष्क = क—यथा "दुकले" (का० ५ शि० ले० १३ ला०) = दुष्करः ।

ष्ट = ठ—का० धौ० दि० और रू० में ष्ट का ठ हो जाता है ।

ष्ट = थ—यथा "विविथा" (स० ७ ला०) = व्युष्ट ।

ष्प = फ—यथा "निफाति" (का० ६ शि० ले० २६ ला०) = निष्पत्ति ।

स्त = थ—हर एक स्थानपर स्त का थ हो जाता है।
स्थ = थ—यथा "चिलाथितिका" (का० ५ शि० ले० १७ ला०) = चिरस्थितिकाः ।
स्न = सिन—यथा "सिनेहे" (का० १३ शि० ले० ३३ ला०) = स्नेहः ।
स्य = स—का० में षष्ठीके चिन्ह स्य का केवल स रह जाता है।
ह्म = म्ह—यथा "बंभन" = ब्राह्मण ।

कारकोंके रूप ।

इन शिलालेखों और स्तंभ लेखोंमें पुलिंग और नपुंसकलिंग-में बहुत कम भेद दिखलायी पड़ता है । नपुंसकलिंगके प्रथमा एक-वचनका रूप मकारान्त और एकारान्त दोनों देखा जाता है। पुलिंलगमें प्रथमा बहुवचनका रूप विशेष करके नपुंसकलिंग-की तरह पाया जाता है यथा "युतानि" (धौ० ३ शि० ले० ११ ला०) = युक्ताः, "हथीनि" (धौ० ४ शि० ले० १३ ला०) = हस्तिनः इ० ।

हलन्त शब्द प्रायः अजन्त हो जाते हैं पर कुछ शब्दोंमें हलन्त रूप विद्यमान है—यथा "लाजा" = राजा; "लाजाने" = राजानः; "अतानं" (धौ० २ शि० ले० ७ ला०) = आत्मानं; "कंमने" (धौ० ३ शि० ले० १० ला०) = कर्मणो । ऋकारान्त शब्दका रूप प्रायः इकारान्त शब्दके समान चलता है यथा "भातिना" (का० ६ शि ले० २५ ला०) = भ्रात्रा; "पितिना" (का० ६ शि० ले० २५ ला०) पित्रा; "पितिसु" (का० ३ शि० ले० ८ ला०) = पितृषु ।

प्रियदर्शिन् शब्द का हलन्त और अजन्त दोनोंका समान रूप चलता है-यथा " पियदसिना " =प्रियदर्शिणा, "पियदसिसा"=प्रियदर्शिन; "पियदसी"=प्रियदर्शी।

अकारान्त पुल्लिंग

प्रथमा एकवचन—का रूप एकारान्त होता है पर कालसीमें दो जगह ओकारान्त रूप भी पाया जाता है यथा, "केलकपुतो" "सातियपुतो" (का० २ शि० ले० ४ ला०)।

चतुर्थी एकवचन—के अन्तमें सर्वत्र आये मिलता है-यथा, "एताये अठाये" (दि० २ स्तं० ले० १५ ला०)= एतस्मै अर्थाय।

पंचमा एकवचन—का रूप आकारान्त होता है-यथा "सतविवासा" (रू० ६ ला०)=सत्र-विवासात्।

सप्तमी एकवचन—के अन्त में प्रायः असि पाया जाता है—यथा "महानससि" (का० १ शि० ले० ३ ला०)=महानसे। कहीं कहीं एकारान्त रूप भी मिलता है—यथा' भागे अंने' (का० ८ शि० ले० २३ ला०)=भागे अन्यस्मिन।

अकारान्त नपुंसकलिंग

प्रथमा एकवचन—का रूप सर्वत्र प्रायः एकारान्त होता है पर कालसीमें कहीं कहीं मकारान्त भी देखा जाता है यथा "धंमानुसासनं" (का० ४ शि० ले० १२ ला०)= धर्मानुशासनं।

द्वितीया एकवचन—का रूप सर्वत्र मकारान्त होता है। पर कालसीमें कहीं कहीं एकारान्त रूप भी पाया जाता है यथा—"दाने"(का० १२ शि० ले० ३१ ला०)=दानं।

प्रथमा और द्वितीया बहुवचन—के अन्त में आनि होता है पर कालसीमें कहीं कहीं पुल्लिंगकी तरह आकारान्त रूप भी पाया जाता है—यथा "दसना" (का० ४ शि० ले० ६ ला०) = दर्शनानि ।

आकारान्त स्त्रीलिंग

तृतीया एकवचन, चतुर्थी एकवचन, पंचमी एकवचन तथा सप्तमी एकवचन—के अन्तमें प्रायः आये होता है, यथा "मधुलियाये" (का० १४ शि० ले० २० ला०) = माधुर्येण, 'विहिसाये' (दि० ५ स्त० ले० १० ला०) = विहिंसायै इत्यादि ।

प्रथमा बहुवचन—का रूप आकारान्त होता है—यथा 'पजा' (धौ० १ शि० ले० ५ ला०) = प्रजाः; 'गाथा' (भा० ५ ला०) = गाथाः, "उपासिका" (भा० ८ ला०) उपासिकाः ।

धातुओंके रूप

धातुओंके रूप प्रायः वैसे ही चलते हैं जसे कि सस्कृतमें होते हैं । हां, पालीके नियमोंके अनुसार धातुओंमें स्वर और व्यंजन संबन्धी परिवर्तन अवश्य हो जाते हैं-यथा 'अस्ति' का' 'अथि" इत्यादि ।

णिजन्त

प्रेरणार्थक क्रियामें अय अथवा पय प्रत्यय लगा दिया जाता है और अय का ए हो जाता है—यथा " लेखापेशामि " (का० १४ शि० ले० २१ ला०) = लेखापयिष्यामि (= लेखयिष्यामि)

क्त्वा प्रत्यय

इन शिलालेखों और स्तंभ लेखोंमें त्त्वा रूप तु में बदल जाता है—यथा "वसायितु" (का० ४ शि० ले० १० ला०)= शंयित्वा,"सुतु" (दि० ७ स्त० ले० २१ ला०) श्रुत्वा।

कौशाम्बी(प्रयाग) का स्तंभलेख, रानीका लेख और बराबर पहाड़ीके गुहालेख, भाषाकी दृष्टिसे, ऊपर लिखे हुए शिला और स्तंभलेखोंके समुदायमें आ सकते हैं। इन सब लेखोंमें भी र के स्थानपर ल हो जाता है और ऋ तथा ण का अभाव दिखलायी पड़ता है। इसी तरहसे अकारान्त शब्दका पुल्लिंगमें प्रथमा एकवचनका रूप एकारान्त होता है।

परिशिष्ट—४

अशोकके धर्म-लेखोंकी भाषा

भाषा और व्याकरणकी दृष्टिसे अशोकके धर्मलेखोंका अध्ययन करनेसे हम नीचे लिखे हुए परिणामपर पहुंचते हैं—

१—अशोकके धर्मलेख प्रधानतया दो बड़े बड़े भागोंमें बाँटे जा सकते हैं, इनमेंसे एक भागके शिलालेखोंमें ण और न का अभाव पाया जाता है, शब्दोंके प्रारम्भमें य का लोप होता है, र के स्थानपर ल होता है, पुल्लिंग और नपुंसक-लिंगके प्रथमा एकवचनका रूप एकारान्त होता है और सप्तमी एकवचनके अन्तमें असि रहता है। दूसरे भागके शिलालेखोंमें ण और न दोनों बने रहते हैं, शब्दोंके प्रारम्भमें य का लोप नहीं होता, र का स्थान ल नहीं ग्रहण करता, अकारान्त पुल्लिंगके प्रथमा एकवचनका रूप ओकारान्त होता है और सप्तमी एकवचनके अन्तमें अम्हि या ए रहता है। गिरनार, शाहबाज़गढ़ी और मानसेराको छोड़ कर बाकी स्थानोंके शिलालेख और स्तम्भलेख ऊपर लिखे हुए प्रथम भागमें आ सकते हैं। गिरनार, शाहबाज़गढ़ी और मानसेरा-के शिलालेख द्वितीय भागमें रक्खे जा सकते हैं। इन दोनों भागोंके शिलालेखोंकी भाषाको हम यथाक्रम पूर्वी और पश्चिमी प्राकृतके नामसे कह सकते हैं।

२—थोड़ेसे प्रान्तिक भेदोंको छोड़ कर अशोकके कुल धर्मलेख एक ही भाषामें लिखे हुए हैं। इससे सूचित होता है कि अशोकके समयमें प्रान्तिक भाषाओंके साथ साथ एक ऐसी भाषा भी प्रचलित थी जिसे हर एक प्रान्तके शिक्षित मनुष्य समझ सकते थे। यही भाषा उस समयकी राष्ट्रीय भाषा थी। अशोकके साम्राज्यका राजकार्य उसी भाषाके द्वारा होता था। हम प्रान्तिक भेदोंके कुछ नमूने यहांपर देते हैं यथा—

गि०	का०	जा०	शा०	मा०
धंमलिपी	धंमलिपि	धंमलिपी	ध्रमदिपि	ध्रमदिपि
प्रजूहितव्यं	प्रजोहितविये	पजोहितविये	प्रयुहोतवे	प्रयुहोतविये
एकचा	एकतिया	एकतिया	एकतिए	एकतिय
राञो	लाजिने	लाजिने	रञो	रजिने
आरभित्सु	आलभियिसु	आलभियिसु	अरभियुसु	अरभिसु
मगो	मिगे	मिगे	म्रुगो	मृगे
सूपाथाय	सुपठाये	सूपठाये*	सुपठये	सुपथ्रये
विजितम्हि	विजितसि	विजितसि*	विजिते	विजितसि
द्वादसवासा-भिसितेन	दुवाडसवाभि-सितेन	दुवदसवसा-भिसितेन†	बदयवषभि-सितेन	दुवडशवष-भिसेतेन

इन उदाहरणोंसे आपको पता लग सकता है कि ये भेद ऐसे न थे जिनके सबबसे इस राष्ट्रीय भाषाके समझनेमें शिक्षित समुदायको कोई अड़चन पड़ती रही हो।

---

* यह पाठ धौलीके लेखोंमें है।

† धौलीके लेखमें 'दुवादसवसाभिसितेन' यह पाठ है।

३—अशोकका समय ईसवी सन्के २५० वर्ष पूर्व और पतंजलिका समय ईसवी सन्के १५० वर्ष पूर्व माना जाता है। अशोकके धर्मलेखों तथा पतंजलिके महाभाष्यसे मालूम होता है कि ईसवी सन्के प्रायः तीन सौ वर्ष पहिले उत्तरी भारतमें एक ऐसी भाषा प्रचलित हो गयी थी जिसमें भिन्न भिन्न कई बोलियाँ मिली जुली थीं। यह भाषा बोलचालकी प्राचीन संस्कृतसे निकली थी। यह प्राचीन संस्कृत उस ज़माने-में बोली जाती थी जब कि वेद-मन्त्रोंकी रचना हुई थी, अर्थात् जो पुरानी संस्कृत वैदिक समयमें आम बोलचालकी भाषा थी उसीसे यह नयी भाषा उत्पन्न हुई थी। इस भाषाके साथ साथ एक परिमार्जित भाषाकी भी उत्पत्ति हुई। यह परिमार्जित भाषा भी पुरानी संस्कृतकी किसी उपशाखा या बोलीसे निकली थी। इस परिमार्जित भाषाका नाम हुआ "संस्कृत" अर्थात् "संस्कार की गयी" और उस नयी बोल-चालकी भाषाका नाम पड़ा "प्राकृत" अर्थात् "स्वाभाविक"। वेदोंके समयमें जो भाषा सर्वसाधारणमें प्रचलित थी उसका नाम आदिम या पहली प्राकृत रक्खा जा सकता है। जब इस आदिम प्राकृतमें रूपान्तर होना प्रारम्भ हुआ तो उसकी कितनी ही भाषायें बन गयीं। इन भाषाओंको पाली या दूसरी प्राकृतके नामसे पुकारते हैं। प्राकृतका तीसरा विकास वह सब भाषायें हैं जो आज कोई ९०० वर्षसे उत्तरी भारतमें बोली जाती हैं। हिन्दी भी इन्हीं भाषाओंमेंसे है।

परिशिष्ट—५

अशोकके इतिहासकी सामग्री

दिव्यावदान (अशोकावदान)-ई० बी० कावेल और आर० ए० नील द्वारा सम्पादित

महावंश—डब्ल्यू० गीगर द्वारा संपादित

दीपवंश—एच्० औल्डनबर्ग द्वारा संपादित

विष्णुपुराण

मुद्राराक्षस—विशाखदत्त-कृत

कौटिलीय अर्थशास्त्र

राजतरंगिणी—ए० एम्० स्टाइन द्वारा संपादित

महाभाष्य—कीलहार्न द्वारा संपादित

जातक—वी फोजबोल द्वारा संपादित

ललितविस्तर—राजेन्द्रलाल मित्र द्वारा संपादित

Smith, V. A.	Asoka (Third Edition).
	Early History of India (Third Edition).
	Oxford History of India.
	Fine Art in India and Ceylon.
Rapson, E. J.	Cambridge History of India.
	Ancient India.
Rhys Davids.	Buddhist India.
Fergusson, J.	History of India and Eastern Architecture.
	Tree and Serpent Worship.

Barnett, L. D.	Antiquities of India.
Buhler, G.	Indian Palaeography (Indian Antiquary 1904, Appendix).
	Origin of the Brahma and Kharosthi Alphabets.
Fleet, J. F.	Epigraphy (Imperial Gazetteer Vol. II).
Bhandarkar, D. R.	Lectures on the Ancient History of India.
Pargiter, F. E.	The Purana Text of the Dynasties of the Kali Age.
Spooner, D. B.	The Zoroastrian Period of Indian History (J.R.A.S. 1915, p.p. 63-89, 405—55).
Cunningham	Stup of Bharhut.
	Ancient Geography.
Foucher, A.	The Beginnings of Buddhist Art and other Essays.
Fick, R.	The Social condition in North-Eastern India in Buddha's time
Maisey, F. C.	Sanchi and its remains.
Waddell, L. A.	Discovery of the exact site of Asoka's Classic Capital of Pataliputra.
Marshall, J. H.	A Guide to Taxila.
	A Guide to Sanchi.
Oertel, F. O.	Excavations at Sarnath (Archaeological Survey of India Report 1904—5, P. 59).
Sahni, D. R.	Catalogue of the Museum of Archaeology at Sarnath.

McCrindle. Ancient India as described by Megasthenes and Arrian.

Persian Influence on Mauryan India (Indian Antiquary 1905, P. 201).
The Authorship of the Piyadasi Inscriptions (J. R. A. S. 1910, P. 481).
The Identity of Piyadasi with Asoka Maurya (J. R. A. S. 1901, P. 827).
The Meaning of Piyadasi (Indian Antiquary 1903, P. 265).

Hardy. Eastern Monachism.
Pramathnath Bannerji. Public Administration in Ancient India
Law, N. N. Studies in Ancient Hindu Polity Vol. I.
" " Aspects of Ancient Indian Polity.
Ghoshal, U. A History of Hindu Political Theories
Bhandarkar and Majumdar. Inscriptions of Asoka.

प्राचीन लिपिमाला—हीराचन्द गौरीशंकर ओझा-रचित
प्रियदर्शि-प्रशस्तयः—रामावतार शर्मा द्वारा संपादित
अशोक-अनुशासन (बंगलामें)-चारुचन्द्र वसु और ललित मोहन कर द्वारा संपादित
अशोक व प्रियदर्शी (बंगलामें)-चारुचन्द्र वसु प्रणीत

परिशिष्ट—६

अशोकके धर्मलेखोंका विशेष अध्ययन करनेकी सामग्री

अशोकके धर्मलेखोंके संबन्धमें अबतक अंग्रेजी भाषामें जितने लेख इत्यादि प्रकाशित हो चुके हैं उनकी सूची नीचे दी जाती है। यह सूची परलोकवासी डाक्टर् विन्सेण्ट स्मिथके "अर्ली हिस्टरी आफ इन्डिया" नामक भारतवर्षके प्राचीन इतिहास* से ली गयी है।

१—धर्मलेख-संबन्धी साधारण लेख और ग्रन्थ

Senart, Emile. — The Inscriptions of Piyadasi (Indian Antiquary, Vols. XIX & XX).

Cunningham, A — Inscriptions of Asoka.

Bhandarkar and Majumdar. — Inscriptions of Asoka (2 Parts).

Smith, V. A. — "Asoka Notes" (Indian Antiquary, 1903, 1905, 1908, 1909 & 1910).

Asoka (Third Edition).

रामावतार शर्मा—प्रियदर्शि-प्रशस्तयः

चारुचन्द्रवसु—अशोक अनुशासन

२—लघु शिलालेख-संबन्धी लेख

Buhler, G. — Siddapur (Mysore) texts edited and translated with facsimile in Epigraphia Indica Vol. III, p. 135---42.

---

* V. A Smith's Early History of India (Third Edition) p.p. 172-74.

	Sahasram, Bairat and Rupnath texts, edited and translated with facsimiles of Sahasram and Rupnath in Indian Antiquary Vol. VI (1877), p p. 149-60 ; and revised edition in Indian Antiquary, Vol. XXII, P. 209—306. See also Indian Antiquary, Vol. XXVI, P. 334
Rice Lewis	Facsimile of Siddhapur texts in Epigraphia Carnatica, Vol. XI (1909). Facsimile of Brahmagiri text in Mysore and Coorg from the Inscriptions.
Fleet, J. F.	A series of papers in J. R. A. S. for 1903, 1904, 1908, 1909, 1910 and 1911.
Thomas, F. W.	Indian Antiquary, 1908, p. 21. J. R. A. S., 1913, p. 477.
Hultzsch, Prof.	J. R. A. S.. 1910 p. 142, 1308; 1911 p. 1114; 1913. p. 1053.
Levi, Sylvain	Journal Asiatique, Jan.-Feb, 1911.
Bhandarkar, D. R.	Epigraphic Notes and Questions (Indian Antiquary), 1912, pp. 170-3.
K. Krishna Sastri	The new Asokan edict of Maski, Hyderabad Archaelogical series No. 1.

३–भाब्रू शिलालेख

Senart, Emile.	Indian Antiquary 1891, p. 165.
Burgess, J.	Facsimile in Journal Asiatique, 1887.
Davids, T.W. Rhys.	J. R. A. S 1898, p. 639.
	Journal of the Pali Text Society, 1896.
Hardy, E.	J. R. A. S. 1901, pp. 311, 577.
Levy, Sylvain.	Journal Asiatique, May-June 1896.
Kosambi, Dh.	Indian Antiquary, 1912, p. 37.
Hultzsch, Prof.	J. R. A. S. 1911, p. 1113.
Edmunds, A.	J. R. A. S , 1913, p. 385.

४–चतुर्दश शिलालेख

Buhler, G.	Epigraphia Indica, Vol. II, p. 447-72 with facsimiles of Girnar, Shahbazgarhi, Mansahra and Kalsi texts.
	Facsimile of Edict XII, Shahbazgarhi, in Epigraphia Indica, Vol. I, 16.
	Dhauli & Jaugada texts in Burgess, Amaravati (A. S. S. I. 1887), pp. 114-25.
Bhandarkar, D. R.	Edicts I & II discussed in J. Bo. Br. R. A. S., Vol XX (1902).
	Edict IV. discussed in Indian Antiquary, 1913 p 25.
Fleet, J. F.	Edict III in J.R.A.S., 1908, pp. 811-22.
Hultzsch, Prof.	Edict IV in J. R. A. S., 1911, p. 785.

Smith, V. A. — Asokan Notes in Indian Antiquary for 1903, 05, 08, 09 & 1910.

Michelson. — Papers chiefly dealing with technicalities of etymology and phonetics in Journal of the American Oriental Society 1911; and American Journal of Philology, 1909, 1910.

५—कलिंग शिलालेख

Senart and Grierson. — Revised edition & translation in Indian Antiquary XIX (1890), pp. 82-102.

Buhler, G. — Translation with facsimiles in Burgess, Amaravati (A. S. S. I. 1887, pp. 125-31.

६—सप्त स्तंभ-लेख

Buhler, G. — Standard edition with translation & Facsimile of some texts in Epigraphia Indica, Vol II pp. 245-74

Senart. — Earlier edition & translation in Indian Antiquary XVII (1888) pp. 303-7; XVIII (1889) p 1, 73, 105, 300.

Buhler & Fleet — Facsimile of Topra and Allahabad texts in Indian Antiquary XIII (1884), p. 306.

Manmohan Chakravarti. — Animals in the Inscriptions of Piyadasi" (Memoirs of A. S. B., *1906.*)

T. Michelson. — "Notes on the Pillar Edicts of Asoka" (Indo-Germ. Forschungen), 1908.

७—लघु स्तंभ-लेख

सांची स्तंभ-लेख — Buhler's edition and translation in Epigraphia Indica Vol II, pp. 87, 367.

Hultzsch, J R A S. 1911, p. 167.

रानीका लेख — Buhler's edition & translation in Epigraphia Indica Vol. II, pp 87, 367, and further revision in Indian Antiquary, XIX (1890), p 125

Senart, revised edition and translation in Indian Antiquary, XVIII (1889), p 308

कौशाम्बी स्तंभ-लेख — Senart, Indian Antiquary XVIII (1889), p 309.

Buhler, Indian Antiquary, XIX (1890), p 126

सारनाथ स्तंभ-लेख — Vogel, Epigraphia Indica, VIII (1905-6), p. 166

Venis, J and Pro. A. S. B. Vol. III new series (1907)

Norman, J. and Pro. A. S. B., Vol. IV, 1908.

८—तराई स्तंभ-लेख

Buhler, G — Epigraphia Indica Vol. V, p. 4
J. R. A S. — 1897, p 4; 1908, pp. 471-98, 823
Indian Antiquary— Vol. XXXIV (1905), p. 1

९—अशोक और दशरथके गुहालेख

Buhler, G. — Indian Antiquary XX (1891), p 361.

अनुक्रमणिका

च

ज